

लोकसभा में राहुल गांधी को केवल बजट पर बोलने की मिली अनुमति -12



भारत-अमेरिका समझौते से निर्यातकों को शुल्क मोर्चे पर मिलेगी निश्चितता -12



भारत ने सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की -13





गेंदबाजों के कमाल से जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया -14


आज का मौसम
26.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.49
सूर्यास्त 05.57

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

|कानपुर नगर|

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष अष्टमी 07:27 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082

मंगलवार, 10 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 171, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## न्यूज ब्रीफ

### छाती में संक्रमण के बाद शरद पवार अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा)-शरदचंद्र पवार (शप) के प्रमुख शरद पवार को सोमवार को सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद पुणे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 85 वर्षीय पवार का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति स्थिर है। राज्यसभा सदस्य पवार को सांस लेने में तकलीफ और लगातार खांसी की शिकायत के बाद पुणे जिले के बारामती कस्बे स्थित उनके आवास से अपराह्न में रूबी हॉल क्लीनिक लाया गया था। उन्होंने बताया कि अस्पताल में उनकी कई जांच हुईं और चिकित्सकों ने बताया कि फिलहाल उनका इलाज जनरल वार्ड में जारी है।

### ईपीएफओ लांच करेगा नया एप, सीधे यूपीआई से निकाल पाएंगे पैसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंशधारक इस साल अप्रैल में पेश होने वाले एक नए मोबाइल एप्लिकेशन के जरिये यूपीआई (यूपीआई) भुगतान गेटवे का उपयोग करके अपने पीएफ का पैसा सीधे बैंक खातों में पा सकेंगे। एक शीर्ष सूत्र ने बताया कि श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत ईपीएफ का एक निश्चित हिस्सा सुरक्षित कर दिया जाएगा, जबकि एक बड़ा हिस्सा यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये बैंक खाते के माध्यम से निकासी के लिए उपलब्ध होगा।

### मंदिर की छत गिरने से तीन लड़कियों की मौत छह अन्य घायल

**मुरैना।** मध्यप्रदेश में मुरैना जिले के अहरौली गांव में सोमवार दोपहर माता मंदिर की छत गिरने से तीन बालिकाओं की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। दोपहर करीब दो बजे जब मंदिर में गुंबद निर्माण के लिए पुरानी छत तोड़ी जा रही थी तब छत की पटिया (निर्माण संबंधी एक प्रकार का सहारा) अचानक गिर गयी और नीचे बैठी बच्चियां मलबे में दब गईं। पुलिस के अनुसार सभी घायलों को कैलारस के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सतीश गौड अपनी पत्नी के साथ मंदिर में प्रसाद चढ़ाने आए थे तथा उन्होंने प्रसाद देने के लिए कुछ बच्चियों को मंदिर के अंदर बुला लिया, इसी दौरान यह हादसा हो गया।

# बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर सदन में हंगामा

## सपा विधायकों ने वेल में पहुंचकर की नारेबाजी, अभिभाषण के दौरान दो बार रुकीं आनंदीबेन, बोलीं-सपा सरकार में रही शून्य उपलब्धि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधानमंडल के बजट सत्र की शुरुआत सोमवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से हुई, पहले ही दिन सदन में जोरदार हंगामा देखने को मिला। सपा विधायकों ने महंगाई, बेरोजगारी, एसआईआर व यूजीसी जैसे मुद्दों को लेकर नारेबाजी की और वेल में आकर विरोध प्रदर्शन किया।

इसके बाद वित्त मंत्री ने पहली बार सरकार की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की। बाद में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। राज्यपाल ने जैसे ही संयुक्त अधिवेशन में अपना अभिभाषण शुरू किया, सपा विधायक नारे लगाते हुए वेल में पहुंच गए। उन्होंने राज्यपाल वापस जाओ जैसे नारे लगाए। हंगामा बढ़ता देख राज्यपाल ने अपना भाषण कुछ देर के लिए रोका और विपक्षी सदस्यों से शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा, 'शांत हो जाइए, नहीं तो गला बैठ जाएगा'। उन्होंने यह भी कहा, सपा सरकार में विकास शून्य था। इसके बाद भी सपा सदस्य शांत नहीं हुए। राज्यपाल ने करीब 30 मिनट में अपना अभिभाषण पूरा किया। अभिभाषण में उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का विस्तृत उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उप्र ने पिछले वर्षों में 'बॉटलनेक स्टेट' की छवि से बाहर निकलकर 'ब्रेकथ्रू स्टेट' के रूप में नई पहचान बनाई है। कानून-व्यवस्था, आर्थिक सशक्तिकरण, कृषि विकास, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना और जनकल्याण के क्षेत्रों में प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यपाल ने कहा कि कानून-व्यवस्था में सुधार से निवेश का माहौल मजबूत हुआ है और प्रदेश उद्योग, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के लिए आकर्षक गंतव्य बन रहा है। सत्र के दौरान विधानसभा परिसर में भी सपा विधायकों ने प्रदर्शन किया।



अभिभाषण पढ़तीं राज्यपाल आनंदीबेन।





विधान भवन के सामने तख्तियां दिखाकर विरोध-प्रदर्शन करते विपक्षी।

### अभिभाषण की मुख्य बातें

- उत्तर प्रदेश 'बॉटलनेक' से 'ब्रेकथ्रू' स्टेट बना
- कानून-व्यवस्था में सुधार से निवेश का माहौल मजबूत
- खाद्यान्न, गन्ना, चीनी, दुग्ध और आलू उत्पादन में प्रदेश अव्वल
- गन्ना किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान
- 36 लाख से अधिक ग्रामीण आवासों का निर्माण
- 8 .5 करोड़ से अधिक श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण
- ऊर्जा, एथेनॉल, सामाजिक सुरक्षा और डिजिटल योजनाओं में प्रदेश अग्रणी
- शिक्षा, अवसंरचना और रोजगार सृजन पर विशेष जोर

# डिजिटल फ्रॉड के जरिए 54 हजार करोड़ का गबन डकैती के समान

## केंद्र को एसओपी बनाने के निर्देश, कहा-यह धनराशि कई छोटे राज्यों के बजट से अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए 54 हजार करोड़ रुपये के गबन को पूरी तरह से लूट और डकैती करार देते हुए सोमवार को केंद्र सरकार को ऐसे मामलों से निपटने के लिए आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग जैसे हितधारकों के साथ चर्चा करके मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी के जरिए गबन की गई धनराशि कई छोटे राज्यों के बजट से अधिक है।

अदालत ने पाया कि इस तरह के अपराध बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या उनकी लापरवाही के कारण हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने आरबीआई और बैंकों की ओर से समय पर कार्रवाई किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अदालत ने कई नए निर्देश जारी करते हुए गृह मंत्रालय से कहा कि वह आरबीआई की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तथा दूरसंचार विभाग की इसी तरह की एसओपी या निर्णयों पर विचार करे और ऐसे अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए चार सप्ताह में एक सहमति पत्र (एमओयू) का मसौदा तैयार करे। पीठ को बताया गया कि आरबीआई ने साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए डेबिट कार्ड को अस्थायी रूप से रोकने (होल्ड) के संबंध में बैंकों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई निर्दिष्ट करते हुए एक एसओपी तैयार की है। अदालत ने सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पहचान करने का निर्देश दिया और गुजरात तथा दिल्ली सरकारों से कहा कि वे इन मामलों में जांच के लिए सीबीआई को आवश्यक स्वीकृति प्रदान करें। कोर्ट ने आरबीआई, दूरसंचार विभाग और अन्य संबंधित पक्षों को संयुक्त रूप से एक बैठक आयोजित करके डिजिटल अरेस्ट मामलों में मुआवजा प्रदान करने के लिए एक ढांचा तैयार करने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार लोगों को मुआवजा देने के मामलों में व्यावहारिक व उदार दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बैंक अधिकारियों की मिलीभगत या लापरवाही हो सकती है ऐसे अपराधों के पीछे

### कोर्ट ने अगली सुनवाई से पूर्व मांगी रिपोर्ट

अदालत ने मामले में याचिका को चार सप्ताह बाद आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों से अगली सुनवाई से पहले ताजा स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने 16 दिसंबर को केंद्र सरकार से कहा था कि वह डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों के लिए मुआवजा सुनिश्चित करने के संबंध में न्यायमित्र के सुझावों पर विचार करे। साथ ही उसने साइबर अपराधियों द्वारा देश से बाहर ले जाई जा रही भारी धनराशि पर चिंता भी जताई थी। डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराध का एक बढ़ता हुआ स्वरूप है, जिसमें ठग कानून प्रवर्तन एजेंसियों, अदालतों या सरकारी विभागों के अधिकारियों के रूप में खुद को प्रस्तुत करके ऑडियो और वीडियो कॉल के माध्यम से पीड़ितों को डराते-धमकाते हैं। वे पीड़ितों को उलझाकर रखते हैं और उन पर पैसे देने का दबाव डालते हैं। एक दिसंबर को शीर्ष अदालत ने सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट मामलों की एकीकृत, देशव्यापी जांच करने का निर्देश दिया था और आरबीआई से यह भी पूछा था कि वह साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बैंक खातों का पता लगाने और उन्हें फ्रीज करने के लिए एआई का उपयोग क्यों नहीं कर रहा है।

# एसआईआर में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- ममता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी, बंगाल सरकार से पूछे कई सवाल
- कोर्ट ने कहा- सभी राज्य सरकारें संशोधन प्रक्रिया में सहयोग करें

शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह मतदाता सूचियों के एसआईआर में किसी को भी बाधा डालने की अनुमति नहीं देगा। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि वह इस मामले में आवश्यक आदेश या स्पष्टीकरण जारी करेगी। पीठ ने बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इनमें राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका भी शामिल है, जिसमें एसआईआर अभ्यास के दौरान मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाए जाने की आशंका जाहिर की गई है।

पीठ ने कहा, हम किसी को भी एसआईआर प्रक्रिया में बाधा डालने की अनुमति नहीं देंगे। राज्यों को यह बात स्पष्ट हो जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग की ओर से दाखिल हलफनामे का संज्ञान लिया, जिसमें कुछ उपद्रवियों पर एसआईआर संबंधी नोटिस को जलाने का आरोप लगाया गया है। उसने पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि उपद्रवियों के खिलाफ अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, यह संदेश जाना चाहिए कि भारत का संविधान सभी राज्यों पर लागू होता है। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से निर्वाचन आयोग को ग्रुप-बी के 8,505 अधिकारियों की सूची उपलब्ध कराए जाने का संज्ञान लिया। उसने कहा कि इन अधिकारियों को एसआईआर प्रक्रिया में प्रशिक्षित और नियोजित किया जा सकता है।

### पुनरीक्षण का अंतिम निर्णय मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा : पीठ

पीठ ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में संशोधन के सिलसिले में अंतिम निर्णय हमेशा मतदाता सूची अधिकारियों द्वारा ही लिया जाएगा। उसने कहा कि इन 8,505 अधिकारियों की नियुक्ति का तरीका और कामकाज निर्वाचन आयोग द्वारा तय किया जाएगा। सुनवाई के दौरान ममता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने एसआईआर प्रक्रिया में सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और बड़े पैमाने पर योग्य मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर आशंकाएं व्यक्त कीं। दीवान ने पीठ से कहा, हम नहीं चाहते कि मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर लोगों के नाम हटाए जाएं।

# अवैध वसूली में उद्योग विभाग के तीन अधिकारी निलंबित

- आवेदन व फाइल निस्तारण के नाम पर उगाही का आरोप

**लखनऊ।** जिला उद्योग कार्यालय में सरकारी योजनाओं से जुड़े ऑनलाइन आवेदन और फाइल निस्तारण के नाम पर अवैध वसूली के मामले में शासन ने उद्योग विभाग के तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

निलंबित किए गए अधिकारियों में सहायक आयुक्त उद्योग एवं प्रभारी उपायुक्त उद्योग रवि वर्मा, सहायक प्रबंधक संतोष राव और जिला प्रबंधक मिलन कुमार शामिल हैं। यह कार्रवाई मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी हमीरपुर की दो सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। समिति की जांच में पाया गया था कि विभिन्न सरकारी योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन कराने, फाइलों का निस्तारण करने और सब्सिडी दिलाने के नाम पर संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध वसूली की जा रही थी।

# मणिपुर में फिर हिंसा, उपद्रवियों ने कई घर फूंके

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के उखरुल जिले में सोमवार दोपहर हथियारबंद बदमाशों द्वारा लिटान सारेइखोंग गांव में कई घरों में आग लगा दी, इसके बाद यहां एकाएक फिर हिंसा भड़क उठी। पहाड़ी गांव के आसपास सशस्त्र समूहों ने हवा में कई गोलियां भी चलाईं, जिससे निवासी जरूरी सामान लेकर पड़ोसी कांगपोकपी जिले के सुरक्षित इलाकों में भागने को मजबूर हो गए।

तांगखुल में रहने वाले कई ग्रामीणों के भी इलाका छोड़ने की खबर है। इस इलाके में हिंसा की शुरुआत शनिवार रात को लिटान गांव में तंगखुल नागा समुदाय के एक सदस्य पर सात से आठ लोगों द्वारा हमला किए जाने के बाद हुई। पीड़ित पक्ष व लिटान सारेइखोंग के मुखिया के बीच मामला सुलझ गया था और दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से पारंपरिक तरीकों से मामले को सुलझाने का फैसला किया था। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को एक बैठक भी तय की गई थी। हालांकि, बैठक नहीं हो सकी। इसके बजाय, पास के सिकिबुंग गांव के कुछ ग्रामीणों ने लिटान सारेइखोंग के मुखिया के आवास पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने लिटान थाने के पास से गुजरते हुए कई गोलियां भी चलाईं। अधिकारियों ने बताया कि रविवार शाम को जिले के लिटान गांव में दो आदिवासी समूहों ने पथराव किया, जिससे प्रशासन को निषेधाज्ञा लागू करनी पड़ी। बताया कि मध्यरात्रि के आसपास लिटान सारेइखोंग में तंगखुल नगा समुदाय के कई मकानों में कुकी उग्रवादियों ने आग लगा दी गई। पास के ही एक इलाके में कुकी समुदाय के कुछ लोगों के मकानों को भी जला दिया गया। तंगखुल मणिपुर की सबसे बड़ी नगा जनजाति है। लिटान सारेइखोंग कुकी बहुल गांव है।



- हथियारबंदों ने फायरिंग व बमबारी की जवान तैनात
- तांगखुल में कई ग्रामीणों के अपना इलाका छोड़ा

# पंजाब में विधि छात्रा की हत्या के बाद छात्र ने खुद को गोली मारी

- तरनतारन में क्लासरूम में हुई वारदात, दोनों ही कानून के प्रथम वर्ष के छात्र और सहपाठी थे

**चंडीगढ़।** पंजाब के तरनतारन जिले में सोमवार को विधि संकाय के एक छात्र ने कक्षा के अंदर एक छात्रा के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी, जबकि भयभीत सहपाठी यह खौफनाक मंजर देखते रह गए। इसके बाद आरोपी छात्र ने खुद को भी गोली मार ली। पुलिस ने बताया कि प्रिंस राज गंभीर रूप से घायल है, जबकि छात्रा संदीप कौर की मौके पर ही मौत हो गयी।

हमलावर प्रिंस राज और संदीप कौर दोनों ही कानून के प्रथम वर्ष के छात्र और सहपाठी थे। उनकी उम्र लगभग 19-20 वर्ष के आसपास है। उस्मा गांव स्थित कॉलेज में हुई हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब यह घटना घटी उस वक्त कक्षा में पढ़ाई शुरू नहीं हुई थी। कॉलेज परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में प्रिंस, संदीप व एक अन्य छात्रा कक्षा में एक साथ दिखाई दिए।

# संवाद से निकलेगा समाधान, कार्यवाही बाधित करने के बजाय मुद्दे उठाएं : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा- हमारी सरकार का 10वां बजट कल होगा पेश

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को बजट सत्र शुरू होने से पहले मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि सरकार संवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान में विश्वास करती है। उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि किसी भी मुद्दे को कार्यवाही बाधित कर नहीं, बल्कि चर्चा के माध्यम से उठाएं।

योगी ने कहा कि उनकी सरकार का 11 फरवरी को वर्ष 2026-27 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा और उस पर सदन में चर्चा होगी। यह उनकी सरकार का 10वां बजट है। पहली बार कोई राज्य सरकार अपनी आर्थिक उपलब्धियों को इस तरह आर्थिक सर्वेक्षण के रूप में सदन के सामने रख रही है। इससे जनप्रतिनिधियों और जनता को प्रदेश की आर्थिक प्रगति, प्रति व्यक्ति आय, रोजगार सृजन और वित्तीय प्रबंधन की जानकारी मिलेगी। विधानमंडल लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और यह संवाद से चलता है, न कि कार्यवाही बाधित करने से।



### विधान भवन में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने सत्र से पहले विधानभवन में स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह शिविर विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए लगाया गया है, जिसमें केजीएमयू के चिकित्सकों की टीम जांच कर रही है। योगी ने सदस्यों को सलाह दी कि तनावमुक्त रहकर संतुलित दिनचर्या अपनाएं, इससे बीमारियां दूर रहेंगी। इस दौरान विस अध्यक्ष सतीश महाना, दोनों उप मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

परीक्षा पे चर्चा

दूसरे चरण में प्रधानमंत्री बोले- मोबाइल कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं जो उसके बिना खाना भी नहीं खा सकते

# तकनीक का गुलाम न बनें, मार्गदर्शन के लिए हो एआई का प्रयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को छात्रों को सलाह दी कि वे प्रौद्योगिकी को उन्हें गुलाम नहीं बनाने दें और एआई का उपयोग मार्गदर्शन और अपने काम में बेहतरी लाने के लिए किया जाना चाहिए, न कि सीखने के विकल्प के रूप में।

वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के नौवें संस्करण की दूसरी कड़ी में मोदी ने कहा कि मोबाइल फोन उन कुछ बच्चों के मालिक बन गए हैं, जो उनके या टेलीविजन स्क्रीन के बिना खाना भी नहीं खा सकते। उन्होंने कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और गुजरात के विद्यार्थियों से हुई बातचीत में कहा, हर युग में नई प्रौद्योगिकियों, चाहे कंप्यूटर हों या मोबाइल फोन, को लेकर चिंताएं रही हैं। लेकिन यह डर बेवजह है। आपको यह दृढ़ संकल्प लेना होगा कि हम प्रौद्योगिकी के गुलाम नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से न डरें, बल्कि उनका उपयोग कौशल को निखारने के लिए करें। हमें प्रौद्योगिकी को समझना होगा, खुद का विस्तार करना होगा, उसमें उस प्रौद्योगिकी की ताकत को जोड़ना होगा, जो हमारे कामों में 'वैल्यू एडिशन' करें। काम का स्वरूप हमेशा बदलता रहेगा, जैसे परिवहन बैलगाड़ियों से हवाई जहाजों में परिवर्तित हुआ, लेकिन जीवन चलता रहा।



विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत संवाद करते प्रधानमंत्री मोदी।

### सिर्फ दूसरों की उपलब्धियों को देखने के बजाय सफलता के लिए उनके प्रयास देखें : मोदी

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दूसरों की केवल उपलब्धियों को ही नहीं देखना चाहिए, बल्कि सफलता के पीछे किए गए प्रयास और अनुशासन को भी देखना चाहिए। एक छात्र की पढ़ाई और रुचियों के बीच संतुलन बनाने संबंधी चिंता को दूर करने की कोशिश करते हुए, मोदी ने कहा कि दोनों ही उपयोगी हैं और एक दूसरे के पूरक हो सकते हैं। स्टार्टअप से संबंधित एक अन्य छात्र के प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि सबसे पहले इस बात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि आप क्या करना चाहते हैं, चाहे वह प्रौद्योगिकी में नवाचार हो या ड्रोन या विद्युत प्रणालियों जैसे व्यावहारिक समाधान।

## विधानसभा परिसर में सपा सदस्यों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानभवन में बजट सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को सपा के सभी विधायकों ने एसआईआर समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं, वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर मंदिरों के तोड़फोड़ और राजमाता अहिल्याबाई के अपमान पर सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा साइकिल से विधानमंडल पहुंचे। साइकिल पर आगे उन्होंने राजमाता अहिल्याबाई का यह अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, स्लोगन का पोस्टर लगा था।



सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा साइकिल से विधानसभा पहुंचे।

# 'बॉटलनेक' से 'ब्रेकथ्रू' तक पहुंचा उत्तर प्रदेश : राज्यपाल

## कानून-व्यवस्था, कृषि, अवसंरचना और जनकल्याण में बड़ी उपलब्धियां, आनंदीबेन पटेल ने कई राष्ट्रीय योजनाओं में प्रदेश को बताया नंबर वन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के जरिए बड़ी संख्या में लोगों को लाभ पहुंचा

**अमृत विचार:** विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के विकास की व्यापक तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने बीते वर्षों में 'बॉटलनेक स्टेट' की छवि से निकलकर 'ब्रेकथ्रू स्टेट' के रूप में अपनी पहचान बनाई है। सुशासन, कानून-व्यवस्था, आर्थिक सशक्तिकरण, कृषि विस्तार, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास और जनकल्याण के क्षेत्रों में प्रदेश ने ठोस उपलब्धियां हासिल की हैं।

राज्यपाल ने कहा कि कानून-व्यवस्था में सुधार के कारण प्रदेश में निवेश का माहौल मजबूत हुआ है और उत्तर प्रदेश उद्योग, व्यापार, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के लिए आकर्षक गंतव्य बन रहा है। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत संगठित अपराध पर सख्त कार्रवाई की गई है और माफिया तंत्र पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हुआ है। उन्होंने बताया कि पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर भर्तियां, प्रोन्नतियां और संस्थागत सुधार किए गए हैं। त्वरित पुलिसिंग के लिए यूपी-112 का रिस्पॉन्स टाइम काफी कम हुआ है और सभी जिलों में साइबर क्राइम थाने स्थापित किए गए हैं।

राज्यपाल ने अवसंरचना क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में सड़क, परिवहन और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में तेजी से काम हुआ है। हजारों किलोमीटर सड़कों का निर्माण और नवीनीकरण किया गया है, जिससे व्यापार, पर्यटन और निवेश को गति मिली है। कृषि क्षेत्र में प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और कृषि जीएसडीपी भी तेजी से बढ़ा है। गन्ना किसानों को रिकॉर्ड भुगतान, बागवानी क्षेत्र का विस्तार और पशुपालन योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों को 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों को 19 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। स्मार्ट और प्रीपेड मीटर लगाने का काम भी तेजी से चल रहा है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया गया है। आवास योजनाओं, श्रमिक कल्याण और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के जरिए बड़ी संख्या में लोगों को लाभ पहुंचा है।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नई नियुक्तियां, आईसीटी लैब, स्मार्ट कक्षाएं और नए विश्वविद्यालयों की स्थापना से शिक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। आकांक्षात्मक जिलों में भी स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण के संकेतकों में सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि कई राष्ट्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। खाद्यान्न, गन्ना, दुग्ध, आम और आलू उत्पादन में प्रदेश अव्वल है। किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला, आवास और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में भी प्रदेश अग्रणी रहा है। राज्यपाल ने कहा कि प्रशासनिक सुधारों, वित्तीय सुदृढ़ता और समावेशी विकास के जरिए उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है और 'विकसित भारत' की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



विधानसभा सत्र में भाग लेने के लिए जातीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में विधानसभाध्यक्ष सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी।

### कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक सुधार

- जीरो टॉलरेंस नीति से संगठित अपराध पर नियंत्रण
- बड़े पैमाने पर पुलिस भर्ती और संस्थागत सुधार
- सभी जिलों में साइबर क्राइम थाने स्थापित

### अवसंरचना और ऊर्जा

- हजारों किलोमीटर सड़कों का निर्माण और नवीनीकरण
- शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 19 घंटे बिजली आपूर्ति
- स्मार्ट और प्रीपेड मीटर योजना का विस्तार

### कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था

- खाद्यान्न उत्पादन में बड़ी वृद्धि
- गन्ना किसानों को रिकॉर्ड भुगतान
- बागवानी और पशुपालन से बढ़ी ग्रामीण आय

### सामाजिक सुरक्षा और शिक्षा

- स्वयं सहायता समूहों से महिला सशक्तिकरण
- आवास और श्रमिक योजनाओं का व्यापक लाभ
- नई नियुक्तियां, स्मार्ट कक्षाएं और नए विश्वविद्यालय स्थापित

# दोगुने से अधिक हुई प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि से उद्योग तक बहुआयामी विकास

## वित्त मंत्री ने सदन में पहली बार पेश की योगी सरकार की आर्थिक समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 13.30 लाख करोड़ से बढ़कर 30.25 लाख करोड़ पहुंची जीएसडीपी
- कृषि, उद्योग, सेवा, शिक्षा व सामाजिक सुरक्षा में हुए बड़े बदलाव

**अमृत विचार:** विधानसभा के बजट सत्र में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने पहली बार प्रदेश की आर्थिक समीक्षा सदन के पटल पर रखी। इसमें प्रदेश की अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा आदि सभी क्षेत्रों में व्यापक प्रगति का दावा किया गया है। खन्ना ने बताया कि वर्ष 2016–17 में 13.30 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था 2024–25 में बढ़कर 30.25 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है और 2025–26 में इसके 36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

खन्ना ने बताया कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में प्रदेश का योगदान 8.6 प्रतिशत से बढ़कर 9.1 प्रतिशत हो गया है, जबकि प्रति व्यक्ति आय 54,564 रुपये से बढ़कर 1,09,844 रुपये तक पहुंच गई है। 2024–25 में प्रदेश की जीएसडीपी में कृषि का योगदान 25.8 प्रतिशत, उद्योग का 27.2 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र का 47 प्रतिशत रहा। वहीं दुग्ध उत्पादन 290.52 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 388.15 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। अंडा उत्पादन भी 244 करोड़ से बढ़कर 611 करोड़ हो गया है। मत्स्य उत्पादन 6.3 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 13.31 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। जो 111 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्शाता है।



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना

### कृषि बना ग्रामीण समृद्धि का आधार

समीक्षा में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को विकास की धुरी बताया गया है। वर्ष 2024–25 में प्रदेश का खाद्यान्न उत्पादन 737.4 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया। 2017–18 की तुलना में उत्पादन में 28.5 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। कृषि का अर्थव्यवस्था में योगदान भी बढ़कर 24.9 प्रतिशत हो गया है। धान और गेहूं दोनों प्रमुख फसलों के उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हुई है, जबकि दलहन और तिलहन के क्षेत्रफल में उल्लेखनीय बढ़ोतरी से फसल विविधीकरण को गति मिली है। सरकार ने पीएम-किसान, फसल बीमा, खेत तालाब, सोलर पंप और ऋण वितरण जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को सहायता दी है।

### आर्थिक समीक्षा की प्रमुख उपलब्धियां

- जीएसडीपी 13.30 से बढ़कर 30.25 लाख करोड़ रुपये
- प्रति व्यक्ति आय दोगुनी होकर 1.09 लाख रुपये
- खाद्यान्न उत्पादन 737.4 लाख मीट्रिक टन
- कारखाने दोगुने से अधिक
- मेडिकल कॉलेज 36 से बढ़कर 81
- सामाजिक सुरक्षा पर 34,504 करोड़ रुपये खर्च
- 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश प्रस्ताव
- निर्यात 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा

### विकसित यूपी 2047 के कृषि लक्ष्य

- फसल सघनता 193% से बढ़ाकर 250% करना
- किसानों की आय तीन गुना करने का लक्ष्य
- 30 लाख हेक्टेयर बंजर भूमि को खेती योग्य बनाना
- माइक्रो इरिगेशन और एआई आधारित कृषि को बढ़ावा
- बीज पार्क, कृषि वानिकी और फसल विविधीकरण पर जोर
- नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु अनुकूल खेती को प्रोत्साहन

### औद्योगिक क्षेत्र बना विकास का इंजन

आर्थिक समीक्षा में बताया गया कि पंजीकृत कारखानों की संख्या 2016–17 के 14,169 से बढ़कर 2025–26 में 30,695 हो गई है। निर्यात 0.84 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### शिक्षा में निवेश से आधारभूत ढांचा मजबूत

प्रदेश में 2.62 लाख से अधिक विद्यालयों का नेटवर्क तैयार किया गया है। प्राथमिक शिक्षा का बजट 2016–17 के 32.91 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 2025–26 में 82.34 हजार करोड़ रुपये हो गया है।

### सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का विस्तार

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर खर्च बढ़ाकर 34,504 करोड़ रुपये किया गया है। वर्तमान में 67.5 लाख वृद्धजन और 22.89 लाख दिव्यांगजन पेंशन से लाभान्वित हो रहे हैं। कन्या सुमंगला योजना से 26.81 लाख बालिकाओं को लाभ मिला।

### कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक सुधार

आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई, डिजिटल पुलिसिंग, सेफ सिटी और मिशन शक्ति जैसे अभियानों से कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और निवेश का माहौल बेहतर बना है।

### ग्रामीण विकास और रोजगार

ग्रामीण विकास पर खर्च 2017–18 के 10,508 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025–26 में 20,081 करोड़ रुपये हो गया है। वर्ष 2024–25 में 3363 लाख से अधिक मानव दिवस सृजित कर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर रहा।

### स्वास्थ्य ढांचे में विस्तार

स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 2017 के 36 से बढ़कर 2025 में 81 हो गई है। 54 जिलों में 170 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के माध्यम से 2.05 करोड़ मरीजों का इलाज किया गया है। टेलीमेडिसिन सेवा से 22 लाख से अधिक लोगों को परामर्श मिला है। वर्ष 2025–26 में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 46,728 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। संस्थागत प्रसव बढ़कर 96 प्रतिशत से अधिक हो गए हैं और बच्चों का टीकाकरण लगभग शत-प्रतिशत बताया गया है।

## राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की झूठी तारीफों का महोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भ्रष्टाचार में डूबी सरकार की झूठी तारीफों का महोत्सव बताया है। उन्होंने कहा कि सरकारी कागजों पर हरियाली उगाने से जनता भ्रमित होने वाली नहीं है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता का विश्वास तोड़ने और परस्पर सद्भाव को नुकसान पहुंचाने का ही काम किया है। सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में आंकड़ों और जुमलों का ही प्रदर्शन है।



# 11 विधेयक बिना संशोधन बने कानून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधान सभा की कार्यवाही सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होने के बाद सदन पटल पर चार अध्यादेश रखे गए। जानकारी दी गई कि पिछली बार विधान सभा से पारित 11 विधेयक विधान परिषद से बिना किसी संशोधन के वापस आने के साथ राज्यपाल की स्वीकृति से अब कानून बन चुके हैं।

कार्यवाही के दौरान उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2026 तथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2026 को सदन पटल पर रखा। इसके बाद नगर विकास मंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) अध्यादेश, 2026 और उत्तर प्रदेश नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश, 2026 सदन में प्रस्तुत किए गए। सदन को यह सूचना भी दी गई कि दिसंबर 2025 में विधान सभा से पारित 11 विधेयक बिना किसी संशोधन के विधान परिषद से वापस प्राप्त हुए हैं। इनमें ग्रामीण आबादी अभिलेख विधेयक, शिक्षा सेवा चयन आयोग संशोधन विधेयक, निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित संशोधन विधेयक, नगर निगम संशोधन, गन्ना उपकर, पेंशन की हकदारी एवं विधिमान्यकरण, सुगम व्यापार तथा दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान संशोधन विधेयक शामिल हैं।

### विधान परिषद में 12 अधिनियमों की घोषणा

अमृत विचार, लखनऊ : विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सोमवार को दोपहर में ठीक 12.30 बजे वंदेमातरम् के साथ विधान परिषद की कार्यवाही शुरू हुई। बजट सत्र के पहले दिन सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने राज्यपाल के भाषण को प्रस्तुत किया। नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या समेत अन्य सदस्यों के समक्ष सभापति ने सदन में तिथिवार कार्यक्रम संबन्धी कार्य-परामर्शदात्री समिति की संस्तुतियों को सदन की मेज पर रखा। इसके बाद प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने 2026 में बने 12 अधिनियमों की क्रमवार घोषणा की। साथ ही सभापति ने मंगलवार 11 बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।






आंकड़ा

## सबसे अमीर डीआईजी संजीव तो एडीजी प्रवीण कुमार के नाम नहीं संपत्ति

# डीजीपी से अधिक संपत्ति के मालिक आईजी व डीआईजी

सीपी सिंह, लखनऊ

- डीआईजी वैभव कृष्ण और शैलेष पांडेय भी नहीं हैं किसी भी संपत्ति के मालिक

**अमृत विचार:** लक्ष्मी जब किसी पर कृपा बरसाती है तो वह सीनियर या फिर जूनियर का भेद नहीं करती। प्रदेश के आईपीएस अफसरों के मामले में यही बात देखी जा रही है। सूबे के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से अधिक संपत्ति के मालिक आईजी और डीआईजी हैं। वहीं खासे दबदबे वाला पद माने जाने वाले लखनऊ के एडीजी प्रवीन कुमार, रेंजों में तैनात दो डीआईजी वैभव कृष्ण और शैलेश पांडेय के नाम कोई भी संपत्ति नहीं हैं।

कामिर्क और प्रशिक्षण विभाग की गाइडलाइन के मुताबिक, भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों को अपनी संपत्ति का ब्यौरा 31 जनवरी तक देना होता है। दर्ज ब्यौरे के मुताबिक, डीजीपी राजीव कृष्ण के पास महज तीन संपत्तिया हैं। इनमें एक लखनऊ में हैं, जिसकी कीमत 10.20 लाख रुपये है। एक संपत्ति गौतमबुद्धनगर में और मीरानपुर कलां में कृषि भूमि है। वहीं दूसरी ओर बस्ती के डीआईजी संजीव त्यागी के पास करीब 29 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां हैं। वह गाजियाबाद के निवासी हैं तो सभी संपत्तियां भी वहीं हैं। इसी तरह मिजार्पुर के आईजी राकेश प्रकाश सिंह भी खासे धनवान हैं। उनके पास 25 से अधिक संपत्तियां है। हालांकि इसमें संजीव त्यागी और राकेश प्रकाश सिंह की पैतृक संपत्ति भी शामिल हैं।

> कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को आईपीएस अफसरों द्वारा जो संपत्तियों का ब्यौरा दिया जाता है, उसमें उनकी पैतृक संपत्ति भी शामिल होती हैं। कुछ अधिकारी ऐसे हैं कि उनके परिवार पहले से ही काफी धनी हैं।
>
> –ब्रजभूषण शर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक (सेवानिवृत्त)

### दस आईपीएस ने नहीं दिया ब्यौरा

प्रदेश में तैनात करीब 550 आईपीएस अफसरों में से केवल दस अधिकारी ऐसे हैं, जिन्होंने ब्यौरा नहीं दिया है। इनमें आशीष गुप्ता रिटायर हो गए हैं, जबकि जसवीर सिंह निलंबित चल रहे हैं। आनंद स्वरूप दिल्ली प्रतिनियुक्त पर हैं, जबकि अलंकृता ने बीआरएस के लिए आवेदन किया है।

पुलिस के महानिदेशक (डीजी) कानून-व्यवस्था अमिताभ यश और सुजीत पांडेय पांच-पांच संपत्तियों के स्वामी हैं। डीजी जेल पीसी मीणा के पास चार तो एडीजी रेलवे प्रकाश डी. के पास तीन संपत्तियां हैं। जोन में तैनात एडीजी रमित शर्मा के पास सात, भानु भाष्कर और ज्योति नरायन के पास छह-छह, पीयूष मोर्डिया के पास पांच, अनुपमा कुलश्रेष्ठ के पास चार, आलोक सिंह के पास तीन और अशोक मुथा जैन के पास दो संपत्तियां हैं। अभी हाल में एडीजी लखनऊ के पद पर तैनात प्रवीण कुमार के नाम भी कोई संपत्ति दर्ज नहीं हैं।

इसी तरह प्रदेश के पुलिस कमिश्नरों की बात करें तो अमरेन्द्र सेंगर के पास पांच, जोगोन्द्र कुमार के पास नौ, जे रविन्द्र गोड़ के पास चार, लक्ष्मी सिंह और रघुवीर लाल के पास तीन-तीन, जबकि मोहित अग्रवाल और दीपक कुमार के पास महद दो-दो संपत्तियां हैं। रेंज में तैनात आईजी आकाश कुलहरि, अमित पाठक और अजय मिश्रा दो-दो, डीआईजी मुनिराज जी 10, सुनील कुमार सिंह व एस चनप्पा पांच-पांच, प्रभाकर चौधरी चार, जबकि हरीशचंद्र, किरन एस. और कलानिधि नैथानी दो-दो संपत्तियों के स्वामी हैं। जबकि अभिषेक सिंह, अजय साहनी, राजेश एस, सोमन वर्मा और कलानिधि नैथानी के पास महज एक-एक संपत्ति दर्ज दिखाई गई है।

उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि रजत उत्सव



# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

HOUSE OF HIMALAYAS

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में** उत्तराखण्ड **सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके** विपणन के लिए कई पहल भी शुरू की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।

**बेहतर गुणवत्ता :** हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकताः** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP ONE DISTRICT TWO PRODUCTS UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

## लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

### पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।



## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआइ) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआइ) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिजाइन और रुपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रुपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## न्यूज ब्रीफ

### फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं तो लाभ से होंगे वंचित

**कानपुर देहात।** उप कृषि निदेशक हरीशंकर भार्गव ने बताया कि जिन किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नही कराई है, वह अविलंब फार्मर रजिस्ट्री करा लें। ऐसा नहीं होने पर किसान सम्मान निधि के साथ उर्वरक, बीज, कृषि रक्षा रसायन और कृषि यंत्र पर अनुदान का लाभ नहीं मिलेगा। जिन किसानों के नाम आधार और खतौनी में मिसमैच हैं वह या तो खतौनी के अनुसार आधार में नाम संशोधित करा लें अथवा आधार के अनुसार खतौनी में नाम संशोधन करा सकते हैं। संशोधन के लिए तहसील में प्रार्थना पत्र दे दे सकते हैं।

### हज यात्रियों के लिए 14 को प्रशिक्षण

**कानपुर देहात।** हज यात्रियों के लिए 14 फरवरी को प्रशिक्षण एवं टीकाकरण का आयोजन होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि जनपद से हज पर जाने वाले सभी यात्रियों को प्रशिक्षण व टीकाकरण के लिए अंजुमन मदरसा जीनतुल इस्लाम अमरौधा में प्रातः 11 बजे से शिविर आयोजित होगा।

### शिविर में बताए गए योजनाओं के फायदे

**कानपुर देहात।** सोमवार को अमरौधा ब्लाक में प्री-मेगा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। प्रभारी खंड विकास अधिकारी बलवीर प्रजापति की मौजूदगी में कानून, समानता, गरीब, महिलाओं, बुजुर्ग व बच्चों के कल्याण के लिए विभागीय योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यकम में अखिलेश कुशवाहा, प्रतिमा श्रीवास्तव, पूजा वर्मा, मनोज कुमार, महेंद्र श्रीवास्तव, स्मिता वर्मा, अमित मिश्रा आदि रहे।

### बैंडबाजों संग निकली भव्य कलश यात्रा

**सिकंदरा।** कस्बे के प्राचीन शिव झाड़ी वाले बाबा मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर श्रीमदभागवत कथा होगी। सोमवार को बैंडबाजों के साथ 51 कलश एवं पोथी यात्रा निकाली गई। इसके बाद बरसाना के कथा वाचक राजेंद्र वशिष्ठ ने कथा सुनाई। उन्होंने ज्ञान, वैराग्य और धुंधुकारी की कथा सुनाई।

### टप्पेबाज महिलाओं के खिलाफ मुकदमा

**कानपुर देहात।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के बीसलपुर का मजरा बलवंतपुर गांव में गुरुवार को बर्तन बेचने आई तीन अज्ञात महिलाओं द्वारा गहने ले जाने के मामले में अज्ञात महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मंगलपुर थाना क्षेत्र के बीसलपुर का मजरा बलवंतपुर निवासी इंदू देवी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को तीन महिलाएं बर्तन बेचने के लिए आई थी, वही उन महिलाओं ने उनकी प पुत्रवधू पप्पी देवी व देवरानी की पुत्रवधू उजाला व पुत्री नीतू से विश्वास में लेकर गहने के लिए व लेकर चली गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

### सदना गांव में भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू

**मंगलपुर।** सदना गांव में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। जौरा औरैया से आए आचार्य पंडित सुशील कुमार शुक्ला ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की कथा सुनाई। कथा का महत्व बताते हुए कहा कि कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा ही मोक्ष का सरल मार्ग है। श्रीमद् भागवत कथा सुनने से धुंधकारी ने प्रेत योनि से मुक्ति प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा सुनने से कष्ट दूर होते है और मोक्ष की प्राप्त होती है। कथा सुनने से जीवन सार्थक हो जाता है। इस मौके पर सुतीक्ष्ण प्रसाद शुक्ला, आशीष, श्यामू, अशोक शुक्ला, सुशील शुक्ला, कुलदीप कटियार आदि रहे।

### शिकायतों का प्रभावी समाधान किया जाए

**कानपुर देहात।** डीएम कपिल सिंह ने सोमवार को कार्यालय में जनसुनवाई की। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर करने के निर्देश दिए। कहा कि किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। आईजीआरएस पोर्टल की नियमित समीक्षा करने के निर्देश देते हुए कहा कि पोर्टल पर किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए। सभी शिकायतों का प्रभावी समाधान किया जाए।

# भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में गूंजीं ज्वलंत समस्याएं

- विसायकपुर में फैक्ट्रियों के पानी से फसल बर्बादी का मुद्दा उठा
- समस्याओं और मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा सोमवार को सरवनखेड़ा ब्लाक परिसर में मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद करते हुए मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। बैठक में भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भारतीय किसान यूनियन युवा के जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह चंदेल की अगुवाई में आयोजित मासिक बैठक में विसायकपुर रनियां में स्थित फैक्ट्रियों से निकलने वाले गंदे पानी से किसानों के खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद होने, हृदयपुर पामा में सड़क किनारे जलभराव, आर्यनगर फत्तेपुर रोशनाई में सफाईकर्मियों की मनमानी से गांव में व्याप्त गंदगी व इससे बढ़ती बीमारियां, चिरौरा में क्षतिग्रस्त सड़क से राहगीरों को



ब्लाक कार्यालय में नारेबाजी करते किसान यूनियन के कार्यकर्ता। अमृत विचार

आवागमन में दिक्कत, किसानों को वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन पात्रता के अनुसार लाभन्वित किया जाना प्रमुख रूप से शामिल रहा।

बैठक के दौरान सहायक खंड विकास अधिकारी विमल सचान को मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान विजय बहादुर, रामनारायण यादव, रामस्वरूप, धीरेंद्र प्रताप सिंह, किशनलाल, मनोरमा, आरती देवी, मुन्ना सिंह, सुधा, ममता, कल्पना सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भलाई से मिलने वाले पुण्य की बराबरी नहीं

- पूर्णाहुति के साथ ही गौरियापुर आश्रम में महायज्ञ का विश्राम
- अंतिम दिन शामिल हुए पनकी धाम के महंत रामकृष्ण दास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** श्रीरामजानकी आश्रम गौरियापुर में श्री हरिरात्मक पंचकुंडीय महायज्ञ का सोमवार को पूर्णाहुति के साथ विश्राम हो गया। यज्ञाचार्य पं.राज नारायण त्रिपाठी ने सहयोगी आचार्यों के साथ अनेक यजमानों से यज्ञशाला में महायज्ञ की पूर्णाहुति प्रक्रिया पूर्ण कराई। पनकी धाम के आश्रम के महंत रामकृष्ण दास भी पहुंचे।

उन्होंने श्रद्धालुओं को सदमार्ग पर चलने की सलाह दी और कहा कि भगवान के यहां हर काम का लेखा-जोखा है। दूसरों की भलाई से मिलने वाले पुण्य की बराबरी नहीं की जा सकती। इस लिए हृदय में सदैव दया, उदारता और सहयोग का भाव रखें। अंतिम दिन प्रवचन मंच से रामायणी शशिकांत, आलोक पांडेय, शिवानी, महाभारत वक्ता शिवनंदन तिवारी, सत्यम शुक्ला व्यास आदि द्वारा सुदामा चरित्र व परीक्षितमोक्ष की कथा का मार्मिक वर्णन किया गया।


गौरियापुर आश्रम में पूर्णाहुति पर पहुंचे पनकी धाम के महंत। अमृत विचार

श्रीरामजानकी आश्रम गौरियापुर के महंत देव नारायणदास जी ने उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्राचीन श्रीरामजानकी आश्रम व संस्कृत महाविद्यालय परमतपस्वी संत पुरुषों द्वारा बनाया गया है, जिसका संरक्षण और संवर्धन करना हम सभी क्षेत्रवासी भक्त जनों का परम कर्तव्य है। महाराज ने कहा कि सन 1987 में गुरु जी साकेतवासी श्रीरामलखन दासजी महाराज द्वारा आश्रम में मानस भवन का निर्माण करवा कर श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ का शुभारंभ किया था। यह मानस पाठ आज 40 वर्ष से अनवरत चल रहा है। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा विरचित यह श्रीरामचरितमानस कलियुग में सभी के कल्याण के लिए है।

स्त्री, पुरुष, बच्चे, बूढ़े और युवकों को श्रीरामचरितमानस का नियमित पाठ अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कुछ वर्षों पहले तक क्षेत्र के 31 गांवों के श्रद्धालु जनों पर पाठ करने की जिम्मेदारी थी। प्रतिदिन बिना बुलाए यहां आकर लोग मानस पाठ में सहयोग करते थे लेकिन अब वह परंपरा उतनी मजबूत नहीं रही। उन्होंने सभी से मानस पाठ में सहयोग करने का आवाहन किया। महाराज जी ने यज्ञ के उपरांत मंगलवार को आयोजित होने वाले भंडारे के लिए लोगों को आश्रम में आमंत्रित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजेश शुक्ल ने किया।

भक्तों के प्रसाद और भोजन की व्यवस्था संस्कृत विद्यालय के अध्यापक योगेश्वर नाथ अवस्थी ने संभाली। आचार्यों में राहुल त्रिपाठी, गणेश जी शुक्ल, वेदनारायण पांडेय, राकेश शुक्ला, प्राचार्य रामनरेश त्रिपाठी,नारायण बाबू अवस्थी,यज्ञ यजमान हरदयाल पाठक, रानी देवी, शांति देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# आगे निकलने की जल्दबाजी में पलटा ऑटो, नौ लोग घायल

## जसवापुर के पास एंबुलेंस को ओवरटेक करने में हुआ हादसा, फैक्ट्री से घर लौट रहे थे

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रायपुर-गजनेर मार्ग पर जसवापुर गांव के सामने सोमवार को एंबुलेंस को ओवरटेक करने के प्रयास में ऑटो सड़क किनारे पलट गया। घटना में ऑटो चालक सहित नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। घायल रनियां स्थित एक बिस्किट फैक्ट्री में रात की ड्यूटी करने के बाद सुबह अपने अपने घरों को लौट रहे थे।

रेऊना थाना क्षेत्र के दहेली गांव के रहने वाले जयप्रकाश, चंदशेखर, छोटे, आनंदराम, अरुण, अमित कुमार, पवन कुमार, रनियां स्थित एक बिस्किट फैक्ट्री में काम करते


ऑटो पलटने के बाद सड़क पर पड़े घायल फैक्ट्री कर्मी। अमृत विचार

हैं। सोमवार की सुबह ड्यूटी समाप्त होने के बाद सभी एक आटो में सवार होकर अपने अपने घरों को लौट रहे थे। आटो को गिरसी निवासी शिवनाथ उर्फ कल्लू चला रहा था। रायपुर-गजनेर मार्ग पर जसवापुर गांव के सामने सड़क पर आगे चल रही एक एंबुलेंस को ओवरटेक करने के प्रयास में आटो उसमें भिड़ गया और अनियंत्रित होकर पलट गया।

दुर्घटना में चालक सहित सभी नौ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी गजनेर भिजवाया जहां चोटें अधिक होने पर जयप्रकाश, शिवनाथ, चंदशेखर, छोटे तथा आनन्द कुमार को डाक्टर सिद्धार्थ गोपाल शर्मा ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर गजनेर जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि घायलों का उपचार चल रहा है, क्षतिग्रस्त आटो को थाने में सुरक्षित खड़ा करा दिया गया है, फरार एंबुलेंस व चालक की तलाश की जा रही है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की अस्पताल ले जाते वक्त थमी सांस

- कुढ़वा-जिंदौरा गांव के बीच बेकाबू वाहन ने बाइक में मारी थी टक्कर
- अपनी बहन की ससुराल से लौट रहा था नहोली गांव का देव सिंह

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** गजनेर थाना क्षेत्र के जिंदौरा गांव के पास रविवार को एक वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार युवक को पुलिस ने मेडिकल कालेज पहुंचाया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया था। सोमवार को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

गजनेर थाना क्षेत्र के नहोली गांव निवासी देव सिंह (22) रौगांव में ब्याही बहन कालिंदी की ससुराल गया था। रविवार को वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी कुढ़वा-जिंदौरा गांव के बीच एक वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे देव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज भिजवाया था, जहां डाक्टरों ने उसे हैलट रेफर कर दिया था। सोमवार को तबीयत में सुधार न होता देख घरवाले देव सिंह को एक निजी अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर गांव लौट आए। सूचना पर बिरसिंहपुर चौकी इंचार्ज उदयवीर सिंह ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की मौत पर पत्नी आकांक्षा, मां राजरानी, बहनें कालिंदी, राजेंद्री, व किस्मती का रो रोकर बुरा हाल रहा। वह तीन बहनों में एकलौता भाई था। दो साल पहले ही उसकी शादी आकांक्षा के साथ हुई थी और चार माह की एक बेटी श्रेया है। इस संबंध में गजनेर इंस्पेक्टर जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि फौती सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से दो लोग घायल

**रसूलाबाद।** झींझक रोड पर मिंडाकुआं के पास सड़क के किनारे खड़े दो लोगों को एक तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों ही लोग गिरकर घायल हो गए। घायलों को सूचना पाकर पुलिस सीएचसी रसूलाबाद लाई, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। मंगलपुर थाना क्षेत्र के मलगांव निवासी विजय बहादुर और नारखास थाना रसूलाबाद निवासी विजय अवस्थी मिंडाकुआं में सड़क के किनारे खड़े थे, तभी एक तेज रफ्तार डंफर ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे दोनों ही लोग गिरकर घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस और स्वजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रसूलाबाद ले गए जहां उनका उपचार किया जा रहा है घायल विजय ने बताया कि वह सड़क के किनारे खड़े थे तभी डंफर में उन्हें टक्कर मार दी। डंफर चालक डंफर को लेकर मौके से फरार हो गया है।

# गारमेंट शॉप में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रनियां बाजार में सोमवार की देर शाम एक रेडीमेड गारमेंट की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग पूरी दुकान में फैल गई। घटना के बाद आस-पड़ोस के लोग आग बुझाने में जुट गए। आग से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। इलाके में दहशत का माहौल रहा।

कुंदनपुर गांव निवासी अमन सिंह की रनियां बाजार रोड पर श्री श्याम रेडीमेड गारमेंट के नाम से कपड़ों की दुकान है। सोमवार देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे अमन दुकान बंद करने की तैयारी कर रहा था। इस बीच बिजली के बोर्ड में अचानक शार्ट सर्किट हुई और उससे निकली चिंगारी अलमारी में


आग से जला दुकान का सामान।

रखे कपड़ों में छू गई। अमन कुछ समझ पाता, इससे पहले ही आग पूरी दुकान में फैल गई। उसने शोर मचाया तो आस-पास के दुकानदार और लोग बाहर निकले। बिजलीघर पर फोन कर सप्लाई बंद कराई। इसके बाद घरों के सबमर्सिबल पंप से पानी डालकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान का अधिकतर सामान जल गया। पुलिस बोली, कोई सूचना नहीं मिली है।

### सदन में उठा बटपरू संपर्क मार्ग का मुद्दा

**रसूलाबाद।** लगभग 25 वर्षों से क्षतिग्रस्त रसूलाबाद-बिसधन मार्ग से बटपरू संपर्क मार्ग का मुद्दा सदन तक पहुंच गया है। ग्रामीणों की मांग पर भाजपा विधायक पूनम संखकर ने सदन में आवाज उठाई है।

क्षेत्रीय ग्रामीण गौरव सिंह गौर और उदय प्रताप सिंह ने रसूलाबाद बिसधन मार्ग से बटपरू जाने वाले संपर्क मार्ग के क्षतिग्रस्त होने और 25 वर्षों से कोई भी मरम्मतीकरण कार्य न होने के कारण इसके अत्यंत दुर्दशाग्रस्त होने की बात क्षेत्रीय भाजपा विधायक से कही थी। इन लोगों ने बताया कि वे लोग मार्ग के निर्माण के लिए कई बार शासन स्तर पर मांग कर चुके हैं किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई है । इस पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक पूनम संखवार ने जनहित की इस समस्या को सदन में उठाकर इसके नवनिर्माण करवाए जाने की बात कही है।

# उम्दा प्रदर्शन पर मिली शाबासी

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** तहसील क्षेत्र के जोत ग्राम स्थित राजकीय हाई स्कूल में सोमवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें गत वर्ष हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी मेडल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से प्रारंभ हुई इस समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य देशराज दिवाकर ने की। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुंदरलाल पांडेय का माला पहनकर स्वागत किया। उन्होंने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही इस वर्ष गणित, विज्ञान, क्रीड़ा, सड़क सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम,



बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को मिले प्रमाण पत्र। अमृत विचार

कॅरियर गाइडेंस सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी मेडल ट्रॉफी देकर उन्हें पुरस्कृत एवं उनका उत्साह वर्धन किया।

इसके साथ ही उन्होंने सफल छात्र-छात्राओं को हमेशा सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। ट्रॉफी मेडल एवं प्रमाण पत्र भाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। समारोह का संचालन विवेक कुमार सिंह, संयोजन अमर नाथ व रोहित साहू एवं प्रबंधन अनुराधा मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके पर मौजूद रसूलाबाद अग्निशमन केंद्र के उप निरीक्षक हृदयेश सिंह, क्षेत्रीय नागरिकों, अभिभावकों और आगंतुकों ने तारीफ कर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### फार्म-6 के लिए एक ही प्रमाण पत्र जरूरी

**कानपुर देहात।** डीएम कपिल सिंह ने सोमवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिसमें निर्वाचक नामावली को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बताया गया कि नाम विलोपन की प्रक्रिया में मतदाता सूची से ऐसे नाम हटाए जाने हैं, जो मृत्यु, स्थायी रूप से स्थानांतरण, दोहराव अथवा लंबे समय से अनुपस्थित होने के कारण अमान्य हो चुके हैं। इसके लिए फॉर्म 7 के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। यह भी कहा गया कि फॉर्म 6, 7 एवं 8 को पूर्णतः नियमानुसार भरवाया जाए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचा जाए। फॉर्म 6 के अंतर्गत नवीन मतदाता पंजीकरण हेतु मान्य 13 प्रकार के पात्रता प्रमाण पत्रों में से कोई भी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

धर्म-अध्यात्म

श्रीमद भागवत कथा में महामंडलेश्वर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सुनाया गोवर्धन पर्वत का प्रसंग

# मनुष्य को पतन की ओर ले जाता घमंड : निरंजन ज्योति

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचारः** मूसानगर कस्बे के गजनेर रोड़ पर स्थित मां शारदे गेस्ट हाउस में आयोजित सप्त दिवसीय श्री मद्भागवत कथा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने भक्तों को गोवर्धन पर्वत का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान ने इंद्र देव का घमंड तोड़ने के लिए विशाल गोवर्धन पर्वत को छिगीं (छोटी उंगली) से उठाकर ब्रजवासियों को बचाया। उन्होंने कहा घमंड मनुष्य को पतन की ओर ले जाता है।

मूसानगर कस्बे के गजनेर रोड पर स्थित मां शारदे गेस्ट हाउस मे बीते दो फरवरी से साप्ताहिक श्रीं मद्भागवत कथा कार्यक्रम



महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने कथा की अमृत वर्षा कर श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। अमृत विचार

आयोजित किया जा रहा है। कथा वाचक आचार्य देव जी महाराज द्वारा संगीत मयी वाणी से भव्य कथा सुनाई जा रही है। कथा व्यास आचार्य देव महाराज ने भगवान के युवावस्था मे गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाई। भागवत कथा कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने व्यास पीठ पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कथा में गोवर्धन पर्वत प्रसंग की कथा सुनाते हुए महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा भगवान श्रीकृष्ण और इंद्रदेव के अभिमान से जुड़ी है, जिसमें कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के क्रोध से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाया, जिसके बाद इंद्र ने क्षमा मांगी और तभी से गोवर्धन पूजा (अन्नकूट) की परंपरा शुरू हुई। उन्होंने कहा जीवन में घमंड ही पतन का कारण बनता है, इसलिए मनुष्य को घमंड नहीं करना चाहिए। इस मौके पर शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, संगीता गुप्ता, सुनील कुमार, ब्रजेश कुमार, निजी सचिव राजेंद्र निषाद आदि रहे।

# सनातन सेवा समिति ने लोगों को बांटे कंबल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जरूरतमंद लोगों की मदद करने से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं होता। सक्षम लोगों को चाहिए कि वह जरूरतमंदों की मदद को आगे आएं। मदद में जरूरतमंद के स्वाभिमान का भी ख्याल रखें।

यह बात सनातन सेवा समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पदाधिकारी पीएन त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि दान-पुण्य और मदद का तरीका ऐसा हो कि एक हाथ करे और दूसरे को जानकारी न लगे। अक्सर देखा गया कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बाद भी स्वाभिमानी लोग किसी के आगे हाथ बढ़ाने को तैयार नहीं होते। हमें ऐसे लोगों के आत्म सम्मान को कतई ठेस नहीं लगानी है। किसी का काम


कंबल बांटते समिति के पदाधिकारी।

चल जाए और उसकी चर्चा भी न हो, यह प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया हावी है। लोग चुटकी भर सहयोग कर झाल भर प्रचार करते हैं। यह परंपरा ठीक नहीं है। इसके पहले समिति की ओर से सरवनखेड़ा ब्लाक के सुदूर गांव में रहने वाले अति निर्धन परिवारों को चिह्नित कर कंबल बांटे गए। समिति के महामंत्री जय भदौरिया ने कहा कि समिति अपने सेवा कार्य वंचित समाज तक पहुंचाने के लिए समर्पित है।



वसंत अपने आप नहीं आता, उसे लाना पड़ता है। सहज आने वाला तो पतझड़ होता है, वसंत नहीं।

-हरिशंकर परसाई




अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## शहर में आज



- **मीट :** सिविल लाइंस मर्चेंट चेंबर सभागार में एसबीआई प्रशासनिक कार्यालय द्वारा पेंशनर्स मीट सुबह 11 बजे।
- **काव्य गोष्ठी :** पनकी मंदिर वृद्धाश्रम में डॉ .कुमार विश्वास के जन्मदिवस पर फल वितरण व काव्य गोष्ठी दोपहर एक बजे।
- **उद्घाटन :** उप्र खादी ग्राम उद्योग बोर्ड द्वारा बृजेंद्र स्वरूप पार्क में मंडलीय प्रदर्शनी का उद्घाटन दोपहर दो बजे।

## सिटी ब्रीफ

### आज प्रात: 10 बजे से संभुआ रेलवे गेट बंद

**कानपुर।** सम्भुआ से हृदयपुर होते हुये भीतरगांव को जाने वाली सड़क पर रेलवे समपार संख्या–73 मरम्मत कार्य के लिए 10 फरवरी को प्रात: 6 :00 बजे से 22 फरवरी सायं 6 बजे तक यातायात के लिए बंद रहेगा। सीनियर सेक्शन इन्जीनियर ने बताया कि हृदयपुर जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग सम्भुआ ओवरब्रिज के बगल से धीरपुर होते हुए उपलब्ध है।

### पनकी-भाऊपुर के मध्य रेलवे गेट आज बंद

**कानपुर।** वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता ने बताया कि भाऊपुर–पनकी के मध्य गेट नं0 83–स्पेशल का मरम्मत कार्य होना है जिसके लिए ये गेट 10 फरवरी को प्रात: 6 बजे से 11 फरवरी सांय 6 बजे तक सड़क यातायात के लिए बन्द रहेगा। इस दौरान वैकल्पिक यातायात की व्यवस्था गेट नं0 82–सी तथा 85–सी से रहेगी।

# लेम्बोर्गिनी कार हादसे की रिपोर्ट में कारोबारी के बेटे का नाम भी दर्ज

## हादसे के बाद लापरवाही बरतने में ग्वालटोली थाना प्रभारी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस आयुक्त ने कहा, जांच में शिवम का नाम सामने आया, कार उसी के नाम पर है
- पहले अज्ञात के नाम दर्ज की गई थी रिपोर्ट, दोषी पुलिस वालों पर कार्रवाई होगी

**अमृत विचार।** 11 करोड़ की काले रंग की लेम्बोर्गिनी रेवुएल्टो कार से छह लोगों को कुचलने वाले चर्चित हिट एंड रन मामले में पुलिस ने आखिरकार सोमवार को तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा के बेटे शिवम का नाम एफआईआर में शामिल कर लिया। इससे पहले कार के नंबर के आधार पर अज्ञात चालक पर एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने कहा कि मामले की जांच में शिवम का नाम सामने आया है। कार उसी के नाम पर है। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले ग्वालटोली थाना प्रभारी संतोष गौड़ को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि लापरवाह पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई होगी। डीसीपी सेंट्रल को जांच सौंपी गई है। शिवम मिश्रा के घर पुलिस गई है। घटना की जांच में सहयोग नहीं करने पर शिवम और उसके परिवार पर भी कार्रवाई होगी।

ग्वालटोली थानाक्षेत्र में वीआईपी रोड पर रेव-3 मॉल के पास रविवार दोपहर करीब सवा तीन बजे तेज रफ्तार लेम्बोर्गिनी कार ने राहगीरों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में छह लोग घायल हो गए थे। चश्मदीदों के अनुसार कार ने पहले एक ऑटो-रिक्शा को टक्कर मारी फिर सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल से जा टकराई, जिससे बुलेट मोटरसाइकिल सवार करीब 10 फुट तक हवा में उछल गया था। बाद में कार एक बिजली के खंभे से टकराकर रुक गई थी। इस घटना में फुटपाथ पर खड़ा घोसियाना, चमनगंज निवासी युवक तौफीक अहमद गंभीर घायल हो गया था, जबकि बुलेट सवार खलासी लाइन निवासी विशाल और सोनू त्रिपाठी को चोटें आई थीं। तौफीक ने पुलिस को मामले की तहरीर दी थी। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने कार को घेर लिया था। चश्मदीदों का आरोप था कि आरोपी के साथ मौजूद बाउंसर ने भीड़ को पीछे धकेलने की कोशिश की और चालक को निकाल ले गया, जबकि शिवम मिश्रा के कथित तौर पर कार चलाने की बात सामने आई थी और पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे थे। घटना के बाद पुलिस उपायुक्त (मध्य) अतुल कुमार श्रीवास्तव ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की बात कही थी। यही नहीं, दुर्घटना करने वाली कार को ग्वालटोली थाने में काले कवर से ढककर खड़ा कर दिया था।



इसी कार से हुआ था हादसा। अमृत विचार



कारोबारी के घर पसरा रहा सन्नाटा। अमृत विचार

### रईसी वाली लाइफस्टाइल, बेशकीमती कारों और घड़ियों के शौकीन

- शिवम के पिता केके मिश्रा बंशीधर एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हैं। करीब नौ दशक पहले बनी यह कंपनी गुटखा बनाने वालों को तंबाकू की आपूर्ति करती है। कारोबारी नेटवर्क कई राज्यों में फैला है। शिवम कंपनी में निदेशक हैं। वह दिल्ली के वसंत विहार और शहर में बृजेंद्र स्वरूप पार्क के पास आर्य नगर स्थित आवास में रहते हैं। जानकारी के मुताबिक वह अपनी रईसी और महंगी लाइफस्टाइल के कारण जाने जाते हैं। उनके पास लेबोर्गिनी के अलावा दुनिया की बेशकीमती रोल्स रॉयस, फेरारी, मेकलेरन और पोर्श जैसी गाड़ियों का कलेक्शन है। वह करोड़ों रुपये की डायमंड घड़ियों के भी शौकीन हैं।

### वकील का दावा : शिवम का ड्राइवर चला रहा था कार

- शिवम मिश्रा के वकील मृत्युंजय सिंह ने दावा किया है कि गाड़ी शिवम नहीं, बल्कि उनका ड्राइवर चला रहा था। शिवम की तबीयत खराब रहती है। कोर्ट में एप्लीकेशन लगाई जा चुकी है। सारी कार्रवाई कोर्ट से होनी है। मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई है।

### लिमिटेड एडिशन, देश में कम लोगों के पास है ये कार

- लेम्बोर्गिनी रेवुएल्टो को देश में साल 2023 में लांच किया गया था। इसे सुपर कार भी कहा जाता है। लिमिटेड एडिशन होने के कारण यह कार भारत में कम ही लोगों के पास है। यह कंपनी की पहली ऐसी कार है, जिसमें पेट्रोल इंजन के साथ इलेक्ट्रिक सिस्टम भी दिया गया है। इस कार की एक्स शो रूम कीमत करीब 9 करोड़ और ऑनरोड प्राइज 11 करोड़ तक है।

### आयकर छापे में करोड़ों की घड़ियां लग्जरी कारें मिली थीं

- शिवम मिश्रा के पिता केके मिश्रा वंशीधर तंबाकू प्राइवेट लिमिटेड चलाते हैं। कई राज्यों में इनका कारोबार फैला है। 2024 के मार्च महीने में आयकर विभाग ने इनकी कंपनी के कानपुर, दिल्ली, मुंबई, गुजरात सहित 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसमें 4 .5 करोड़ रुपये कैश, ज्वैलरी, ढाई करोड़ की घड़ी, लेंबोर्गिनी, फैंटम, पोर्शे, रोल्स रॉयल्स सहित 50 करोड़ रुपये की लग्जरी कारें मिली थीं। तबसे यह घराना चर्चा में छाया रहता है।

# नवजात की मौत के बाद नर्सिंग होम का पंजीकरण किया निरस्त

- बिठूर के अस्पताल पर सीएमओ ने की कार्रवाई
- प्रबंधन और डॉक्टरों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

**बिठूर।** बिठूर क्षेत्र के राजा नर्सिंग होम के एनआईसीयू में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में नवजात बच्ची की मौत के मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कानपुर नगर ने अस्पताल का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। यहां किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित नहीं की जाएंगी। अस्पताल अगर संचालित मिलता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

सोमवार रात राजा नर्सिंग होम के एनआईसीयू में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। घटना के समय एनआईसीयू में भर्ती बाकरगंज बिठूर निवासी अरुण निषाद की नवजात बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में अस्पताल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही सामने आई। पता चला कि एनआईसीयू का पंजीकरण नहीं कराया गया था। एनआईसीयू में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और न ही आपात स्थिति से निपटने की कोई ठोस व्यवस्था पाई गई। एनआईसीयू का संचालन अनधिकृत रूप से हो रहा था। इसके अलावा अस्पताल के कई दस्तावेज भी मानकों के अनुरूप नहीं मिले। सीएमओ ने जांच रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल का पंजीकरण निरस्त करने का आदेश जारी किया।

उधर, नवजात बच्ची की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और न्याय की मांग की है। प्रशासन ने कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। क्षेत्र के अन्य निजी अस्पतालों की जांच भी तेज कर दी गई है। बिठूर इंस्पेक्टर अशोक कुमार सरोज ने बताया अरुण निषाद की बहन ऋतु निषाद की तहरीर पर अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद के सभी अस्पतालों में जीवनरक्षक उपकरणों की अनिवार्य सेफ्टी ऑडिट कराई जाएगी और बिना अनुमति संचालित स्वास्थ्य इकाइयों पर अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर से चढ़ावा और दानपात्र हुआ चोरी, मुकदमा

**चकेरी।** कैंट में स्थित चोरों ने जैन मंदिर से चढ़ावे का सामान और दानपात्र चुरा लिया। जिसके बाद मंदिर की देखरेख करने वाले पीड़ित ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। कैंट के बंगला नम्बर 99 निवासी दीपक जैन के अनुसार उनके बंगले के एक हिस्से में मंदिर स्थापित है। जिसमे जैन गुरुओं की प्रतिमाएं हैं और निरंतर वहां पर पूजा होती है। पीड़ित ने बताया कि बीती शनिवार की देर रात को चोरों ने मंदिर से चढ़ावे का सामान और रुपयों से भरा दानपात्र चुरा लिया। रविवार सुबह जब वे मंदिर में गए तो चोरी की जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपितो की तलाश की जा रही है।

# एलिवेटेड ट्रैक पर मई से अटल स्टेशन का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद रेलमार्ग पर अनवरगंज से मंधना तक एलिवेटेड ट्रैक का निर्माण शुरू होने जा रहा है। इस एलिवेटेड ट्रैक पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सामने अटल जी के नाम से एक नया रेलवे स्टेशन निर्माण होगा जिसकी शुरुआत मई में हो जाएगी। 2027 तक स्टेशन बनकर तैयार हो जाएगा।

कानपुर के लिए अनवरगंज रेलवे स्टेशन से मंधना तक 18 रेलवे क्रासिंग मुसीबत बन चुकी हैं। इस रेलमार्ग पर प्रतिदिन 60 से अधिक गाड़ियों का आवागमन है जिससे ये रेलवे क्रासिंग 24 घंटे में 10 से अधिक देरी तक बंद रहती हैं। इसी मुसीबत से कानपुर को बाहर निकालने के लिए एलिवेटेड ट्रैक निर्माण होने जा रहा है। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सामने अटल जी के नाम से रेलवे स्टेशन बनेगा जिसपर 35 करोड़ रुपये की लागत आएगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अटल स्टेशन के लिए टेंडर हो चुका है और मई के महीने में स्टेशन निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।

### रावतपुर-कल्याणपुर स्टेशन पर संकट

अनवरगंज से मंधना तक एलिवेटेड ट्रैक अनवरगंज के पास जरीब चौकी से उठेगा और सीधे मंधना में जाकर उतरेगा। ऐसे में रावतपुर स्टेशन और कल्याणपुर स्टेशन को समाप्त किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो रावतपुर और कल्याणपुर के हजारों यात्रियों के लिए संकट पैदा हो जाएगा, इसलिए कोई न कोई हल रेलवे निकालने में जुटा है।

# दिल्ली के लिए होली स्पेशल ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने सूबेदारगंज से शकूरबस्ती (दिल्ली) के मध्य विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि 3 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 तक विशेष संचालित होगी।

### गाड़ी सं 02421/02422 सूबेदारगंज-शकूरबस्ती होली विशेष गाड़ी

- **सूबेदारगंज से–02421**, प्रत्येक रविवार, दिनांक 01 .03 .26 से 29 .03 .26 तक 5 फेरे लगाएगी।
- **शकूरबस्ती से–**02422, प्रत्येक सोमवार दिनांक 02 .03 .26 से 30 .03 .26 5 फेरे लगाएगी।
- गाड़ी संरचना–एसएलआर –01, एसएलआरडी – 01, सामान्य –04, स्लीपर –05, एसी तृतीय–06, इकोनोमिक –02, एसी द्वितीय –02, एसी प्रथम –01 = 22 डिब्बे
- गाड़ी सं 04125/04126 सूबेदारगंज–बांद्रा टर्मिनल सुपरफास्ट विशेष गाड़ी
- सूबेदारगंज–04125, प्रत्येक सोमवार 02 .03 .26 to 30 .03 .26 = 5 ट्रिप
- बांद्रा टर्मिनल–04126, प्रत्येक मंगल 03 .03 .26 to 31 .03 .26 = 5 ट्रिप

### गाड़ी सं 02275/ 02276 सूबेदारगंज - शकूरबस्ती

**सूबेदारगंज से–**02275, प्रत्येक मंगलवार, दिनांक 03.03.26 से 31.03.26=05 फेरे, शकूरबस्ती से–02276, प्रत्येक बुधवार, दिनांक 04.03.26 से 01.04.26=05 फेरे, गाड़ी संरचना–एसएलआर-01, एसएलआरडी–01, सामान्य -04, स्लीपर-05, एसी तृतीय -06, इकोनोमिक-02, एसी द्वितीय -02, एसी प्रथम -01 =22 डिब्बे। गाड़ी संख्या 02275 एवं 02421 सूबेदारगंज से रात 9.35 बजे चलेगी, फतेहपुर रात 10.45 बजे, गोविंदपुरी रात 00.15 बजे, इटावा रात 2 बजे, टूंडला रात 3.33 बजे, अलीगढ़ भोर 4.45 बजे, गाजियाबाद प्रातः 8.05 बजे, दिल्ली 9 बजे, शकूरबस्ती 10.15 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02276 एवं 02422 शकूरबस्ती से दोपहर 1 बजे रवाना होगी। दिल्ली दोपहर 1.30 बजे, गाजियाबाद दोपहर 2.33 बजे, अलीगढ़ सायं 4.05 बजे, टूंडला सायं 5.30 बजे, इटावा सायं 6.50 बजे, गोविंदपुरी रात 10 बजे, फतेहपुर रात 11.40 बजे, सूबेदारगंज भोर 4 बजे पहुंचेगी।

## गोविंदपुरी-भीमसेन के बीच महाकाल एक्सप्रेस पर पथराव

**कानपुर।** रविवार रात काशी महाकाल एक्सप्रेस पर कुछ शरारतीतत्वों ने गोविंदपुरी-भीमसेन के मध्य पथराव कर दिया जिससे एसी फर्स्ट कोच के शीशे चकनाचूर हो गये।

गाड़ी संख्या 20415 काशी महाकाल एक्सप्रेस वाराणसी से इंदौर जा रही थी। रात करीब 9 बजे गोविंदपुरी स्टेशन से रवाना होने के बाद ये गाड़ी अभी आउटर के पास ही पहुंची थी कि शरारती तत्वों ने इस गाड़ी पर पथराव कर दिया। जिससे कोच का शीशा टूट गया यात्रियों ने वीडियो जारी किया और यात्री राज कुमार पटेल ने टीटीई के जरिए कंट्रोल रूम को सूचना दी। उरई रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की टीम ने ट्रेन को चेक किया तो सीट नंबर 25 के सामने का शीशा चकनाचूर मिला।



महाराणा प्रताप कालेज में हंगामा करते छात्र। अमृत विचार



कालेज में पहुंचे पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

# कॉलेज प्रशासन ने मानीं छात्रों की मांगें, प्रदर्शन खत्म

- महाराणा प्रताप कालेज में फिर हुआ हंगामा

**बिठूर।** महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में बीती 4 तारीख को देरी से पहुंचने वाले छात्रों के साथ शिक्षकों द्वारा मारपीट का मामला सोमवार को फिर गर्मा गया। सोमवार को कॉलेज खुला तो छात्र-छात्राओं के पहुंचने से पहले कैंपस के बाहर मौजूद पुलिस बल ने कैंपस को छावनी के रूप में तब्दील कर दिया। कॉलेज में जब छात्र-छात्राओं का आना शुरू हुआ तब फिर से कुछ छात्रों ने संगठन बनाकर मांगें पूरी न होने की वजह से हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा करीब 4 घंटे तक चला। एडीसीपी कपिल देव सिंह, एसीपी कल्याणपुर, समेत आधा दर्जन थानों का फोर्स मौके पर मौजूद रहा। एक कंपनी पीएसी व फायर बिग्रेड भी तैनात कर दी थी। एबीवीपी के छात्र नेता दिनेश यादव के साथ छात्रों का एक डेलिगेशन कॉलेज प्रशासन से बात करने के लिए गया और बात करने के उपरांत उनकी मांगों को स्वीकारते हुए 80 परसेंट अटेंडेंस, कॉलेज की टाइमिंग को अस्थाई रूप से 9:45 से 4:45तक कर दिया गया और दोपहर में लंच में एक घंटे के लिए बाहर जाने की छूट भी प्रदान की गयी है। जिसके बाद हंगामा काट रहे छात्रों का आक्रोश समाप्त हुआ।

**भाजपा** | बागी पार्षद राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मिले

# हाईकमान से की गुहार, न्याय करो सरकार

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महापौर और उनके बेटे के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले बागी पार्षदों ने सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मिलकर शिकायतों की पोटली रख दी। चौधरी ने पार्षदों को 15 फरवरी के बाद लखनऊ बुलाया है।

पार्षद पवन गुप्ता, लक्ष्मी कोरी और विकास जायसवाल ने पहले राष्ट्रीय महामंत्री से मुलाक़ात की। पवन गुप्ता ने बताया कि उन्हें नगर निगम सदन में हंगामे, निष्कासन, विकास कार्यों के आवंटन में भेदभाव की जानकारी दी। यह शिकायत भी की कि मेयर प्रमिला पांडे के पुत्र बंटी नगर निगम के नियमित कार्यों में दखल देते हैं, इससे पार्टी की छवि धूमिल हो रही है। महामंत्री ने प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर अपनी बात रखने की सलाह दी। इस पर तीनों पार्षदों शाम को प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मिले और निष्कासन रद्द कराने की गुहार लगाई। बताते हैं कि चौधरी ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी है। 15 के बाद लखनऊ आइये और तब समाधान करेंगे। यह भी कहा कि पार्टी के लिए काम कीजिये, सब ठीक हो जाएगा। पवन गुप्ता ने बताया कि यकीन है कि अब रास्ता ज़रूर निकलेगा।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले पार्षद। अमृत विचार

### हर दरबार में दस्तक

- बीते डेढ़ महीने से महापौर प्रमिला पांडे और छह पार्षदों के बीच विवाद में बागी पार्षद स्थानीय, प्रदेश और अब राष्ट्रीय नेतृत्व तक अपनी बात पहुंचा चुके हैं, लेकिन हल नहीं निकला है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि आखिर क्या कारण है कि जिस विवाद का निपटारा स्थानीय स्तर पर हो जाना चाहिए, उसके लिए लखनऊ और दिल्ली दरबार तक दौड़ लगाई जा रही है। इसके पीछे बड़े नेताओं के बीच गुटबाज़ी है ? पदाधिकारी बस इतना कहकर बात टाल देते हैं कि बड़ा परिवार है, चार बर्तन होते हैं तो खटकते ही हैं।

## बैंक खाते को आधार से लिंक कराएं पेंशनधारक

**कानपुर।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के 6 माह पूर्ण होने पर कर्मचारियों को एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया है। यह योजना 1 अगस्त से लागू की गई थी, जिसके अंतर्गत पात्र कर्मचारियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से आर्थिक सहायता दी जा जाएगी। इसके लिए कर्मचारी अपने बैंक खातों में ई-केवाईसी कराएं।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर की ओर से उपभोक्ताओं को कहा गया है कि योजना के तहत मिलने वाली 7,500 रुपये तक की राशि सीधे कर्मचारियों के बैंक खाते में भेजी जाएगी। इसके लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि सभी कर्मचारी अपने बैंक खातों में ई-केवाईसी करायें।

# जरीबचौकी से भौंती तक सड़क का 188.51 लाख से होगा नवीनीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जरीबचौकी चौराहा से भौंती मोड़ तक मार्ग का नवीनीकरण किया जाएगा, जिसके लिए लोक निर्माण विभाग 188.51 लाख रुपये खर्च करेगा। इसका प्रस्ताव तैयार कर विभाग ने शासन को भेज दिया है। इस बार बजट सत्र में मार्ग के चौड़ीकरण व नवीनीकरण के लिए बजट मिलने की पूरी उम्मीद जताई जा रही है। ताकि मार्ग चौड़ा होने से लोगों को जाम से निजात मिल सके।

शहर के सबसे व्यस्त मार्ग में शुमार कालपी रोड (कानपुर-झांसी मार्ग) पर 24 घंटे में तीन लाख से अधिक वाहनों का आवागमन होता है, जिसमे ट्रक, डंपर, बस व भारी वाहन अधिकांश शामिल रहते हैं। इस मार्ग पर जरीबचौकी चौराहा के पास, फजलगंज चौराहा, विजय नगर, भाटिया तिराहा व पनकी पड़ाव क्रासिंग के पास जाम के हालात बने रहते हैं। यहां पर प्रतिदिन लाखों लोग जाम का शिकार होते हैं। दिन अलावा इस मार्ग पर कई बार रात को भी जाम लगता है। वहीं, मार्ग पर कई जगहों पर छोटे से लेकर बड़े गड्ढे हो गए, जिनकी चपेट में आकर कुछ बाइक व स्कूटी सवार गिरकर चुटहिल तक हो जाते हैं। इसलिए जरीबचौकी चौराहा से भौंती मोड तक इस मार्ग का चौड़ीकरण व नवीनीकरण करने की योजना लोक निर्माण विभाग ने बनाई है। योजना तैयार कर विभाग ने 188.51 लाख रुपये का बजट तैयार कर शासन को भेज दिया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार मिश्रा के मुताबिक मार्ग के चौड़ीकरण व नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया जाएगा। अनुमति मिलने पर टेंडर प्रक्रिया के बाद मार्ग पर मरम्मत व चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा।



कालपी रोड पर खड़े वाहन।

## सिटी ब्रीफ

### किशोरी को अगवा करने का आरोप

कल्याणपुर। पनकी में कच्ची बस्ती निवासी किशोरी दो दिन पहले अचानक कहीं लापता हो गई। किशोरी की मां ने पड़ोस में रहने वाले मोहम्मद राशिद पर बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा कर ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी युवक व किशोरी की तलाश में दो टीमें लगाई गई हैं।

### मकान के बाहर से जनरेटर चोरी

कल्याणपुर। आवास विकास तीन अंबेडकरपुरम सेक्टर आठ निवासी अनुराग तिवारी के मुताबिक बीते तीन फरवरी की देर रात चोर उनके घर के बाहर खड़ा जनरेटर खींच ले गए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

### जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

कानपुर। वार्ड नंबर 21 खाड़ेपुर नई बस्ती योगेंद्र विहार में सीवर लाइन बिछाई जा रही है जो 7 इंच पतली है तो समस्या का निदान नहीं कर पाएगी। कम से कम 12 इंच मोटी पाइप डाली जाए। सोमवार को राजकुमार तिवारी के नेतृत्व में पांच प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय लोकदल कानपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष डॉ. वीएस लाल, मिंटू द्विवेदी, एडवोकेट, राकेश पाठक, रामचन्द्र प्रधान, रिंकू सिंह भदौरिया, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# 70 साल के बुजुर्ग ने पत्नी को साबड़ से हमलाकर मार डाला

## चाय-खाने के मामूली विवाद से शुरू झगड़ा खूनखराबे में बदला, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कर्रही गांव में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- वारदात के बाद घर के बाहर बैठा लोगों को दी घटना की जानकारी



रामप्रकाश।



ललिता (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** बर्रा के कर्रही गांव में सोमवार सुबह खाना और चाय बनाने को लेकर हुए विवाद में 70 वर्षीय सेवानिवृत्त केस्को कर्मचारी रामप्रकाश राजपूत उर्फ साहेब लाल उर्फ प्रकाश ने अपनी पत्नी ललिता (65) की साबड़ मारकर बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी खुद बाहर निकला और मुहल्ले वालों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर बड़े बेटे महेंद्र और परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। घर के अंदर खून से लथपथ ललिता का शव देखकर परिजन और पड़ोसी सदमे में आ गए। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी और एडीसीपी योगेश कुमार व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों व लोगों से पूछताछ की। टीम ने साबड़ समेत अन्य साक्ष्य कब्जे में लिए। जबकि हत्यारोपी ईंट से हमला करने की बात कह रहा था।

कर्रही गांव पुरानी बस्ती निवासी रामप्रकाश राजपूत उर्फ प्रकाश उर्फ साहेब लाल पांच वर्ष पहले केस्को से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। परिवार में पत्नी ललिता, दो बेटे महेंद्र और सुरेंद्र और चार बेटियां आशा, ज्योति, सोनी और मोनी हैं। सुरेंद्र को छोड़कर सभी विवाहित हैं। सुरेंद्र पुताई का काम करता है और माता-पिता के साथ रहता था, जबकि बड़ा बेटा महेंद्र अपने परिवार के साथ पास ही अलग घर में रहता है। परिजनों के अनुसार, सुरेंद्र खाना बनाने के बाद सोमवार सुबह नौ बजे काम पर चला गया था।

पुलिस के अनुसार, रविवार रात से ही खाना बनाने को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा चल रहा था। सोमवार सुबह चाय बनाने को कहा गया तो पत्नी ने मना कर दिया। बेटे के जाने के बाद ललिता ने खाना घर में रखा, लेकिन आरोपी ने खाने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई और आवेश में आकर रामप्रकाश ने साबड़ उठाकर पत्नी के सिर पर वार कर दिया। ललिता की मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी घर से बाहर आया और सीढ़ियों पर बैठकर मुहल्ले वालों को घटना की जानकारी दी। लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लगभग सभी यही कह रहे थे कि इस उम्र में यह क्या कर दिया। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने पत्नी की हत्या करना स्वीकार कर लिया है। बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हत्या में प्रयुक्त साबड़ बरामद कर ली गई है और जेल भेजा जा रहा है।

### 40 साल बाद फिर बना कातिल

- पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि रामप्रकाश 1985 में भी एक युवक की हत्या के मामले में जेल जा चुका है। वह जमानत पर बाहर आया था। पुलिस अब उसके पुराने मुकदमों की पूरी जानकारी जुटा रही है। थाने में मौजूद आरोपी ने कहा, होनी थी, हो गई मैं शुगर का मरीज हूं और तनाव में यह घटना हो गई।

### कई नामों को लेकर असमंजस

- रामप्रकाश, साहेब लाल और प्रकाश इन नामों को लेकर मोहल्ले में चर्चा है। कुछ लोगों का कहना है कि वह सरकारी नौकरी किसी दूसरे नाम से कर रहा था और जेल भी दूसरे नाम से काटी थी। हालांकि पुलिस ने इसे जांच का विषय बताया है।

# क्रियाघर में वृद्ध की सिर कुचलकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- क्रियाघर में रहकर साफ-सफाई और देखभाल करता था वृद्ध
- दो के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट एक आरोपी हिरासत में



**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र के पीरोड स्थित स्थित क्रियाघर में रविवार देर रात नशेबाजी के विवाद में वृद्ध की सिर कुचलकर नृशंस हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह इलाकाई लोगों ने परिसर में खून और वृद्ध का शव पड़ा देखा जिससे सनसनी फैल गई। एडीसीपी अर्चना सिंह बजरिया थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। भांजे की तहरीर पर पुलिस ने पिंटू किलौनी व उसके साथी समेत दो पर रिपोर्ट दर्जकर पिंटू को हिरासत में लिया है।

सीसामऊ नीम वाला हाता में रहने वाले 59 वर्षीय कैलाश गौतम अविवाहित थे। उनके परिवार में बहन मुन्नी और दो भांजे शिवकुमार और राहुल हैं। परिजनों ने बताया कि कैलाश ज्यादातर पीरोड स्थित क्रियाघर में ही रहते थे। वह वहां पर साफ-सफाई और देखभाल करते थे। वह शराब के लती थे। रविवार देर रात नशेबाजी के विवाद में सीसामऊ नीमवाला हाता में रहने वाले पिंटू किलौनी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर कैलाश की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी और भाग निकला। पुलिस ने घटनास्थल से हत्या में प्रयुक्त ईंट बरामद की है। क्रियाघर में शराब की बोतलें भी मिली हैं। वहीं यहां पर एक लावारिस बाइक और ई-रिक्शा भी खड़ा मिला। पोस्टमार्टम में सिर की चार हड्डियां टूटने और कोमा में जाने से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस ने हत्यारोपित पिंटू किलौनी को पकड़ लिया है।

### नशेबाजी का अड्डा बना क्रियाघर

- मुहल्ले के लोगों ने बताया कि क्रियाघर नशेबाजी का अड्डा बन गया है। यहां पर कर्मकांड के साथ ही नशेबाजों का जमावड़ा लगता है। कैलाश गौतम के साथ ही यहां पर कई नशेबाजी आते है जो गाली गलौज करते हुए आपस में झगड़ते हैं। जिससे माहौल खराब हो रहा है इसे लेकर कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# दाल की बोरियों के नीचे दबकर बुजुर्ग की मौत

**कानपुर।** पनकी क्षेत्र में एक बुजुर्ग दाल की बोरियों के बीच दब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। हालांकि कार्रवाई के लिए परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

मूलरूप से दबौली के रहने वाले कृष्णा सिंह (59) पनकी एफ ब्लॉक स्थित दाल मिल में काम करते थे। रविवार को वह ड्यूटी पर गए थे। इस दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में शाम छह के करीब दाल की बोरियों के नीचे दबकर उनकी मौत हो गई। साथ में काम करने वाले लोगों ने सूचना पर बेटा धर्मेंद्र मौके पर पहुंचा और पुलिस बुलाई। इसके बाद सोमवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया।

# पल्लेदार का लटकता मिला शव

**कानपुर।** बाबूपुरवा के ढकनापुरवा क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में पल्लेदार का शव फंदे से लटका मिला। बहन ने देखा तो पुलिस को सूचना दी।

बहन अंजू ने बताया कि भाई नागेंद्र (35) ने शादी नहीं की थी। वह घर के भूतल में अकेले रहते थे, जबकि अंजू पहली मंजिल में परिवार के साथ रहती हैं। परिवार के सदस्य शिवनाथ ने बताया कि रविवार रात 10 बजे नागेंद्र के घर पहुंचे तो देखा की पंखे में अंगौछा से बने फंदे से नागेंद्र लटक रहा था।

# मां की डांट के बाद युवक ने दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**02** माह पूर्व ब्रेन हेमरेज से पिता की हुई थी मौत

**अमृत विचार।** बर्रा मे पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे युवक ने मां की डांट से आहत होकर फांसी लगा ली। सोमवार सुबह जब उसका शव कमरे में पंखे से लटका मिला तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खिड़की का कांच तोड़कर कमरे में प्रवेश किया।

आई-वन ब्लॉक निवासी 26 वर्षीय आशीष शुक्ला प्राइवेट नौकरी करता था। परिवार में मां पिंकी शुक्ला और छोटा भाई वेद हैं। दो महीने पहले पिता विजय नारायण की ब्रेन हेमरेज से मौत हो चुकी है। आशीष ही परिवार का एकमात्र कमाने वाला था। मामा अतुल पांडेय ने बताया कि रविवार रात वह पार्टी कर शराब के नशे में घर पहुंचा और मां के कमरे में जाकर लेट गया था। शराब पीने को लेकर नाराज मां ने उसे डांटते हुए अपने कमरे में सोने के लिए कहा।

इस पर वह गुस्से में उठकर अपने कमरे में चला गया। सोमवार सुबह छोटा भाई वेद उसे जगाने पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर स्वजन को आशंका हुई और पुलिस को सूचना दी गई।

# किसी के दबाव में न काटे जाएं वोट

**कानपुर।** सपा ग्रामीण के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। बताया कि सत्तापक्ष के लोगों द्वारा निर्वाचन कर्मचारियों व बीएलओ पर दबाव बनाकर बड़ी मात्रा में फार्म-7 भरवाकर मतदाता सूची से नाम कटवाये जा रहे है, इनमें ज्यादातर संख्या अल्पसंख्यक समाज के मतदाताओं की है, महिलाओं को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। मांग है कि निर्वाचन कार्य में लगे सभी बीएलओ को निर्देशित किया जाए कि वह किसी के दबाव में वोट न काटें। इस दौरान सपा ग्रामीण अध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला, पूर्व सांसद राजाराम पाल, विनाय कोरी, पूर्व विधायक सतीश निगम, साधु यादव, फतेह बहादुर गिल, हरि कुशवाहा, चंदी प्रसाद पासी थे।

# फर्जीवाड़ा करने वाले भाई-बहन जेल गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थी बनकर परीक्षा देने पहुंची संध्या सिंह और उसके भाई आशुतोष सिंह को गिरफ्तार कर सोमवार जेल भेज दिया गया है। बायोमीट्रिक जांच में खुलासा होने के बाद स्कूल प्रबंधन की तहरीर पर शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया था। मुख्य अभ्यर्थी शिवानी देवी फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

बर्रा स्थित परीक्षा केंद्र पर शनिवार को आयोजित सीटेट परीक्षा के दौरान बायोमीट्रिक सत्यापन में गड़बड़ी सामने आई थी। प्रवेश पत्र पर दर्ज विवरण और मशीन में दर्ज रिकॉर्ड में अंतर मिलने पर केंद्र प्रशासन को शक हुआ था। जिसकी जांच में पता चला कि कन्नौज के घनापूर्वा निवासी अजब सिंह की पुत्री संध्या सिंह अपनी भाभी शिवानी देवी की जगह परीक्षा देने आई थी। केंद्र प्रबंधन ने युवती को परीक्षा कक्ष संख्या 9 से बाहर कर पुलिस को सूचना दी थी, जहां पूछताछ में सामने आया कि उसका भाई आशुतोष सिंह भी उसे परीक्षा दिलाने के लिए केंद्र तक लेकर आया था। आशुतोष की सूचना पर शिवानी देवी फरार हो गई। कोर्ट में पेशी के बाद भाई-बहन को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। वहीं फरार शिवानी देवी की तलाश की जा रही है।

# रेस्टोरेंट में संचालित हुक्का बार पर छापा, चार युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हुक्का बार से पकड़े गए आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बर्रा पुलिस ने छापेमारी कर रेस्टोरेंट की आड़ में संचालित हो रहे हुक्का बार का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान हुक्का पीते मिले चार युवकों को गिरफ्तार किया गया, जबकि संचालक और अन्य कर्मचारी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पकड़े गए युवकों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है।

बर्रा थानाप्रभारी रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बर्रा दो स्थित गप्पू-चप्पू चौराहे के पास एक रेस्टोरेंट में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। जहाँ मौके पर दबौली निवासी अंकित गौड़, नौरैयाखेड़ा निवासी ऋषभ कुशवाहा, गुजैनी निवासी अर्पित शर्मा और दबौली वेस्ट निवासी सौरभ गौतम हुक्का पीते पाए गए। जबकि संचालक मौके से भाग निकला व अन्य कर्मचारी फरार हो गए। मौके से हुक्का सेट और विभिन्न फ्लेवर बरामद किए गए हैं। पुलिस संचालक की तलाश कर रही है।

# झांसी मंडल के पुखरायां सेक्शन पर सिग्नल का काम हुआ पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चौराह-पुखरायां सेक्शन में इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों की सिग्नलिंग की गई



**अमृत विचार।** उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल के चौराह-पुखरायां सेक्शन में संरक्षा एवं परिचालन दक्षता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा महत्वपूर्ण तकनीकी उन्नयन कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया। इस कार्य के पूरा होने के साथ ही गेट संख्या 202 से संबंधित पुराने सिग्नलों का काम खत्म हो गया।

उत्तर मध्य जोन झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के दिशा निर्देशों पर इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 202 को सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा बंद किया गया। इसके साथ ही लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या 201 एवं 203 पर सिग्नलिंग व्यवस्था में आवश्यक परिवर्तन किए गए। गेट संख्या 203 पर नया आईडीजी 3 एवं गेट संख्या 201 पर नया आईडीजी 4 सिग्नल स्थापित किया गया। गेट संख्या 203 पर स्थित जी 4 सिग्नल को 3 एस्पेक्ट से बढ़ाकर 4 एस्पेक्ट किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने से रेल परिचालन की संरक्षा, विश्वसनीयता एवं सुगमता में और अधिक वृद्धि होगी।

# बापू का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान

**कानपुर।** मनरेगा से बापू का नाम हटाने और मजदूरों के अधिकार से समझौते के विरोध में आज दर्शनपुरवा में कांग्रेस की चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें नारे लगाये गये कि बापू का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान।

सोमवार को कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुवाई में कांग्रेसियों ने बाबू का नाम मनरेगा से हटाने की एक सुर भाजपा के कृत्य की निंदा की। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं बल्कि गरीब, मजदूर और ग्रामीण भारत के सम्मान व अधिकारों की गारंटी है। बापू का नाम हटाना उनकी विचारधारा पर हमला है।

# बेटे-बहू समेत पांच लोगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कल्याणपुर संवाददाता

- मकान और पैतृक गहने हड़पने का आरोप लगाया

**अमृत विचार।** कल्याणपुर में एक सेवानिवृत्त डिफेंस कर्मी ने अपनी बहू समेत उसके मायके के पांच लोगों पर मकान व पैतृक गहने हड़पने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आवास विकास- तीन निवासी 74 वर्षीय शेषनाथ गिरि ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से सेवानिवृत्त हैं। शेषनाथ के मुताबिक उनके बेटे अमरनाथ का पत्नी पिंकी से विवाद हो गया था। इसके बाद बेटा मसवानपुर में किराए पर रहने लगा। इस दौरान बहू ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और घर पर कब्जा कर लिया। पैतृक सोने-चांदी के गहने भी हड़प लिए। चार फरवरी की दोपहर जब वह घर पहुंचे, तो बहू ने दरवाजा नहीं खोला। जेवर मांगने पर गाली-गलौज की। विरोध करने पर पूरे परिवार को फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दे डाली। जिससे भयभीत वह पत्नी के साथ होटल में रहने को मजबूर हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पिंकी गिरि, मिथलेश गिरि, निशा देवी, सुगान्ती देवी व अनिल गिरि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं इससे पहले पांच फरवरी को बहू पिंकी गिरि ने भी ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ बार-बार बेटी होने से नाराज होकर जबरन गर्भपात, मारपीट, दहेज की मांग जैसे आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### रामादेवी में स्कूटी सवारों ने वृद्ध को टक्कर मारने के बाद पीटा, मुकदमा दर्ज

- **कानपुर।** रामादेवी में स्कूटी सवार तीन युवकों ने स्कूटी से जा रहे वृद्ध को टक्कर मारकर सड़क पर गिरा दिया। इसके बाद आरोपितो ने पीड़ित को मारापीटा। साथ ही धमकाते हुए भाग गए। पीड़ित ने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है। चकेरी के पटेल नगर निवासी 58 वर्षीय शिशुपाल सिंह के अनुसार बीती सात फरवरी को वह स्कूटी से रामादेवी सब्जी मंडी गए थे। वहां से वापस घर लौटने के दौरान रास्ते मे स्कूटी सवार तीन युवक आये और उनकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मारकर सड़क पर गिरा दिया। जिससे वह घायल हो गए। इसके बाद आरोपितो ने गलती मानने के बजाय उल्टा उन्हें ही पीटा और उनकी स्कूटी की चाबी लेकर भाग गए। घटना के बाद राहगीरों ने उन्हें पास के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा। जिसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपितो की तलाश की जा रही है।

**विकास पथ** — टीबीएम गोमती ने 4.10 किलोमीटर अंडरग्राउंड सेक्शन के डाउनलाइन का निर्माण पूरा किया

# रावतपुर-डबल पुलिया तक डाउन-लाइन टनल तैयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



डाउन-लाइन टनल का कार्य पूरा होने पर खुशी मनाते कानपुर मेट्रो रेल कर्मी।। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के तहत सोमवार को कॉरिडोर-2 के अंडरग्राउंड सेक्शन रावतपुर से डबल पुलिया तक डाउनलाइन टनल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। गोमती टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम मशीन) सोमवार को टनल निर्माण करते हुए लगभग 4.10 किलोमीटर लंबे इस अंडरग्राउंड सेक्शन के अंतिम पड़ाव डबल पुलिया स्टेशन पहुंची। साथ में यूपीएमआरसी व कांट्रैक्टिंग एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी व स्टाफ थे।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि गोमती टीबीएम द्वारा कॉरिडोर-2 अंडरग्राउंड सेक्शन (रावतपुर-डबल पुलिया) के डाउनलाइन पर टनलिंग कार्य पूरा कर लिया है। अब यह टीबीएम मशीन डबल पुलिया स्टेशन स्थित रिट्रीवल शाफ्ट से बाहर निकाली जाएगी। दूसरी ओर अप-लाइन पर पार्वती टीबीएम मशीन द्वारा काकादेव स्टेशन से डबल पुलिया स्टेशन के बीच टनलिंग का कार्य जारी है। बता दें कि सीएसए से बर्रा-8 तक करीब 8.60 किमी लंबे कॉरिडोर-2 में लगभग 4.10 किमी का हिस्सा अंडरग्राउंड है। इसके अंतर्गत सबसे पहले रावतपुर से कंपनी बाग चौराहा की दिशा में कॉरिडोर-2 डिपो रैम्प तक 620 मीटर लंबी अप-लाइन और डाउनलाइन टनल का निर्माण किया गया, जिसके बाद रावतपुर से काकादेव होते हुए डबल पुलिया तक टनल निर्माण किया जा रहा है। वहीं, कॉरिडोर-1 के बैलेंस सेक्शन (कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता) के अप-लाइन पर टेस्टिंग प्रक्रिया की जा रही है।

# 18 से मसीह समाज के 40 रोजे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



क्रिश्चियन सेमेटरी ग्राउंड पर जानकारी देते पादरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मसीही समाज के 40 दिनों के रोजे 18 फरवरी से शुरु होंगे। विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। प्रशासन से मांग की गई है कि मसीही समाज के इस त्योहार पर चर्चों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए और सफाई व मार्ग प्रकाश व्यवस्था भी मजबूत हो।

सोमवार को यूनाइटेड क्रिश्चियन चर्चेज आफ कानपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक चुन्नीगंज ईसाई ग्रेव्यार्ड के हॉल में आयोजित की गयी जिसमें शहर के विभिन्न डिनॉमिनेशन के पास्टर, फादर व अन्य प्रतिनिधि उपस्थित हुये। बैठक में 40 रोजो की शुरुआत से इनके बीच में होने वाले सभी पवित्र पर्व जैसे पाम संडे ,गुड फ्राइडे, ईस्टर डॉन सर्विस एवं ईस्टर मेले के अंत तक प्रशासनिक सहयोग की अपेक्षा की गई। 5 अप्रैल को चुन्नीगंज ईसाई ग्रेव्यार्ड में होने वाली ईस्टर डॉन सर्विस की तैयारियों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में समाज के अन्दर एकता रखते हुये शान्ती और सदभावना की भवनाओं को अंगीकृत करने का संदेश भी दिया। ईस्टर डॉन सर्विस में हर वर्ष के भॉति विभिन्न विभिन्न शहरों से बहुत अधिक संख्या में लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है।

अध्यक्षता रेव्ह जेजे आलीवर ने की। सचिव रेव्ह डायमंड यूसुफ, पास्टर माईकल पतरस, पास्टर मनोज कुमार, पास्टर रेजी जॉन, भाई मनोज मैकार्टिस, भाई जोशुआ जॉन लाल, पास्टर पदमोस बाघ आदि मौजूद रहे।

# गुटखा व तंबाकू निर्माताओं को हाईकोर्ट से मिली राहत

## पाउच मशीन के वीडियो फुटेज जीएसटी अधिकारियों को नहीं देने पर नहीं होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो कंपनियों के मामले में आदेश से दूसरे निर्माताओं के लिए भी खुला रास्ता

**अमृत विचार।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गुटखा व तंबाकू निर्माताओं द्वारा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज न दिए जाने पर भी उनके खिलाफ जीएसटी विभाग को कार्रवाई नहीं करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश दो कंपनियों के न्यायालय में जाने के बाद जारी किया गया है। हाईकोर्ट के इस आदेश ने अन्य निर्माताओं के भी कोर्ट जाने और वहां से राहत लेने का रास्ता खोल दिया है।

एक फरवरी से जीएसटी ने एमआरपी मूल्यांकन आधार पर 40 प्रतिशत जीएसटी का निर्णय जारी किया है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर भी मशीनों की संख्या, उनकी पाउच पैकिंग करने की रफ्तार, पाउच के वजन, उसके मूल्य के आधार पर लगाने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही ढाई ग्राम वजन वाले पाउच की मशीन की 500 पाउच पैकिंग प्रति मिनट की रफ्तार है, तो उस पर एक करोड़ एक लाख प्रति माह उपकर अदा करना होगा। यदि पाउच का वजन ढाई ग्राम से ज्यादा व 10 ग्राम तक है, तो उपकर तीन करोड 64 लाख प्रति माह होगा। वहीं अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी पाउच की एमआरपी और मशीन की पैकिंग करने की रफ्तार पर देनी होगी। दो रुपये के पाउच पर प्रति मिनट 500 पाउच पैक करने वाली मशीन पर 83 लाख अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी देनी होगी। यदि पैकिंग की रफ्तार 500 पाउच से 1,000 पाउच प्रति मिनट है, तो एक करोड़ 66 लाख अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी देनी होगी। यदि तंबाकू के पाउच का मूल्य दो रुपये से अधिक है तो पाउच के खुदरा मूल्य से 38 लाख गुणा अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी देनी होगी। इसके साथ ही हर मशीन पर वीडियो कैमरा लगाने के लिए कहा गया है, जिसके सीसीटीवी फुटेज अगर अधिकारी मांगते हैं तो उन्हें 48 घंटे के अंदर देने होंगे।

### सादा पान मसाला वालों को नहीं मिलेगा लाभ



मर्चेंट्स चैंबर यूपी की जीएसटी कमेटी के चेयरमैन संतोष गुप्ता के मुताबिक चार फरवरी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दाखिल की गई दो याचिकाओं पर सीसीटीवी फुटेज 48 घंटे में देने के निर्देश पर अंतरिम आदेश जारी कर राहत प्रदान की है। न्यायालय ने केंद्र से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। इसके बाद दो सप्ताह का समय याचिकाकर्ताओं को उस जवाब पर अपनी बात रखने के लिए दिया जाएगा। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि अगर दोनों याचिकाकर्ता मांगे जाने पर सीसीटीवी फुटेज नहीं देते हैं, तो उनके खिलाफ अगली सुनवाई तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। इस आदेश से दूसरे निर्माताओं के लिए भी वीडियो फुटेज के मामले में न्यायालय जाने का रास्ता खुल गया है। वैसे इसका लाभ तंबाकू और गुटखा निर्माताओं को मिलेगा। सादा पान मसाला बनाने वालों को लाभ नहीं मिलेगा।

### नहीं फंसेगी कार्यशील पूंजी, 7 दिन में 90 फीसदी जीएसटी रिफंड

**कानपुर।** इन्वर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के रिफंड के मामले में अब निर्माताओं की कार्यशील पूंजी नहीं फंसेगी। निर्माताओं की समस्याओं को देखते हुए रिफंड में राहत दी गई है। अब उन्हें एक सप्ताह में ही 90 प्रतिशत रिफंड हो जाएगा। बाकी 10 प्रतिशत राशि जांच के बाद दी जाएगी। इन्वर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर वहां लागू होता है जहां जिस वस्तु का निर्माण किया जा रहा है, उसके कच्चे माल पर जीएसटी की दर ज्यादा होती है और उस कच्चे माल से जो सामान तैयार होता है, उस पर जीएसटी की दर कम होती है। इसकी वजह से सामान्य तरीके से निर्माताओं को अपनी आइटीसी नहीं मिल पाती। इसे इन्वर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर का रिफंड कहा जाता है। इस रिफंड के लिए जीएसटी के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होता है। अधिकारी आवेदन की जांच करते हैं, जिसके बाद ही रिफंड दिया जाता है। इस जांच में काफी समय लग जाता था। जांच पूरी होने और रिफंड मिलने तक निर्माता की पूंजी फंसी रहती थी। इस समस्या के समाधान के लिए केंद्र ने अब रिफंड की 90 प्रतिशत राशि सात दिन में प्राविजनल जारी करने के लिए कहा है। बाकी राशि अधिकारी जब आवेदन की जांच पूरी कर लेंगे, तब जारी करेंगे। इससे उन निर्माताओं को लाभ होगा जिनके कच्चे माल पर ज्यादा जीएसटी लग रही है और सामान बनाकर बेचने पर कम जीएसटी मिल रही है।



महानगर अध्यक्ष फजल महमूद के निवास पर मौजूद प्रदेश अध्यक्ष श्याम पाल पाल, साथ में अन्य नेता। अमृत विचार

# भाजपा घबराकर बढ़ा रही एसआईआर की तारीखें : पाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने लगाया आरोप
- शोषित, वंचित, दलितों का नाम हटाना चाहती भाजपा

**अमृत विचार।** सरकार की मंशा एसआईआर के जरिये एनआरसी कराने की थी, लेकिन समाजवादी कार्यकर्ताओं ने इसे समझकर भारी संख्या में गणना प्रपत्र भरकर जमा किए। जब सपा कार्यकर्ताओं ने प्रपत्र भरे तो भाजपा की फर्जी वोटिंग का खुलासा हुआ। इससे घबराकर भाजपा अब बेईमानी पर उतर आई है और एसआईआर की तारीखें बढ़ा रही है। यह बातें सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बोलीं।

सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल सोमवार को सिविल लाइन में महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद के निवास पर पहुंचे और उनके पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया। इसके बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे प्रेसवार्ता में भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए।

एसआईआर और वोटर लिस्ट पर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शोषित, वंचित और पीड़ित लोगों का नाम मतदाता सूची से हटाना चाहती है, जो बाबा साहेब के लोकतंत्र की मूल भावना की हत्या है।

चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। बजट निराशाजनक है। न युवाओं के लिए नौकरी है, न किसानों के लिए सुविधा और न ही स्वास्थ्य सेवाओं में कोई सुधार। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, बबलू राजा, नीतेंद्र यादव, नंदलाल जयसवाल, अर्पित त्रिवेदी, शबाब अबरार, एहसान खान, आनंद शुक्ला, रजत मिश्रा, दीपक खोटे समेत आदि रहे।




कश्मीरी युवाओं का स्वागत किया गया। अमृत विचार

## सेंट्रल पर कश्मीरी युवाओं का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत कश्मीर घाटी के 132 युवा प्रतिभागी कानपुर पहुंचे। सेंट्रल स्टेशन पर माई भारत टीम ने कश्मीरी युवाओं का स्वागत किया।

कार्यक्रम में कश्मीर के छह जनपदों अनंतनाग, बारामूला, बडगाम, कुपवाड़ा, पुलवामा एवं श्रीनगर से 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवक एवं युवतियां सम्मिलित है। जिला युवा अधिकारी अनुपम कैथवास ने बताया कि यह कार्यक्रम 9 फरवरी से 14 फरवरी तक आरोहम हैप्पीनेस होम्स, बिठूर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत समारोह 10 फरवरी को होगा।

## आज खुलेगा कानपुर कबरई एलिवेटेड हाईवे निर्माण का टेंडर

**कानपुर।** कानपुर से महोबा होते हुए कबरई तक 112 किलोमीटर लंबा एलीवेटेड हाइवे का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा किया जाना है। इस हाइवे के निर्माण के लिए एनएचएआई ने टेंडर जारी किए थे, जिसमे पांच कंपनियों ने आवेदन किया है। 10 फरवरी यानी आज टेंडर खोले जाएंगे।

कानपुर से हमीरपुर, महोबा होते हुए कबरई तक हाइवे पर कई जगहों पर जाम के हालत रहते कानपुर से कबरई तक 112 किलोमीटर लंबा एलीवेटेड हाइवे का निर्माण एनएचएआई करेगा, जिसके लिए केंद्र सरकार ने 5700 करोड़ रुपये के बजट को स्वीकृति प्रदान कर दी है। एनएचएआई द्वारा निर्माण के लिए 93 गांवों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया की जा रही है।

# पूरे प्रदेश में रचनात्मक संरचना निर्माण में सीएसजेएमयू अव्वल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू ने राजभवन लखनऊ में प्रदर्शन के दौरान पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय को यह स्थान हासिल हुआ है। यह पुरस्कार 'स्ट्रक्चर निर्माण' श्रेणी में मिला है। विश्वविद्यालय की टीम द्वारा निर्मित 'श्री कृष्ण बांसुरी' का मॉडल विशेषज्ञों की कसौटी पर भी खरा उतरा।

प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय ने इस बार 'श्री कृष्ण बांसुरी' की एक ऐसी संरचना प्रस्तुत की, जिसमें ललित कला विभाग की सौंदर्य दृष्टि और इंजीनियरिंग विभाग की मजबूती का बेजोड़ तालमेल दिखा। इस मॉडल को बनाने के लिए जैविक सामग्रियों और फूलों का ऐसा प्रयोग किया गया कि दर्शक मंत्रमुग्ध रह गए। संरचना निर्माण में सीएसजेएमयू की टीम ने 'श्रीकृष्ण बाँसुरी के साथ' माडल को प्रदर्शित किया। सीएसजेएमयू की टीम में डॉ सुंधाशु पांडिया, डॉ प्रवीन भाई पटेल, डॉ राज कुमार सिंह, जीऊत बली यादव एवं आदित्य कुमार, आदेश पटेल, आर्यन वर्मा, हिमांशु सिंह, प्रियांशु रच्छीत, आर्यन सम्मिलित रहे।



ट्राफी के साथ अधिकारी। अमृत विचार

- जनभवन लखनऊ में आयोजित प्रदर्शनी में मारी बाजी

## फिल्म घूसखोर पंडत के खिलाफ प्रदर्शन

**कानपुर।** फिल्म ''घूसखोर पंडत के विरोध में जिलाधिकारी कायार्लय के बाहर प्रदर्शन किया गया। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए फिल्म निर्माता/निर्देशक/अभिनेता को गिरफ्तार करने की मांग की गई। शंखनाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक हिन्दू ने कहा कि घूसखोर पंडत के निर्माता नीरज पाण्डेय निर्देशक ऋत्विश शाह और अभिनेता मनोज बाजपेई द्वारा हिन्दुओं को जातियों में बांटकर लड़ाकर उन्हें समाप्त करने का कुचक्र रचा गया है। संजीव, राकेश निडर, रिपु निगम, अभय जी, कुलदीप सकेरा, कपिल जी. अभय जी, आनन्द आदि थे।

**राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण के समक्ष**
**इलाहाबाद पीठ, प्रयागराज**
**मूल कंपनी अधिकारिता**

कंपनी याचिका संख्या: CP (CAA) 01/ALD वर्ष 2026
संबद्ध
कंपनी आवेदन संख्या: CA (CAA) 32/ALD वर्ष 2025
कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) के विषय में
(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 एवं 232 के अंतर्गत)
विलय योजना के विषय में
एवं
विषय में

**पैका** इम्पैक्ट लिमिटेड (पूर्व में यश स्किल्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात), एक कंपनी जो कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत निगमित है तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के अर्थ में एक कंपनी है, जिसका कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN) U74110UP2014PLC062982 है एवं जिसका पंजीकृत कार्यालय फ्लैट संख्या 202, 3A/172, आज़ाद नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश – 208002 में स्थित है।
... आवेदक कंपनी सं. 1 / स्थानांतरक कंपनी
एवं
पैका लिमिटेड (पूर्व में यश पैका लिमिटेड के नाम से ज्ञात), एक कंपनी जो कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अंतर्गत निगमित है तथा कंपनी अधिनियम, 2013 के अर्थ में एक कंपनी है, जिसका कॉर्पोरेट पहचान संख्या (CIN) L24231UP1981PLC005294 है एवं जिसका पंजीकृत कार्यालय 312, प्लाज़ा कल्पना सोसाइटी, 24/147, बी-49, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश – 208001 में स्थित है।
... आवेदक कंपनी सं. 2 / प्राप्तकर्ता कंपनी

**याचिका की सूचना**

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230 से 232 के अंतर्गत, पैका इम्पैक्ट लिमिटेड (स्थानांतरक कंपनी) एवं पैका लिमिटेड (प्राप्तकर्ता कंपनी) तथा उनके संबंधित शेयरधारकों एवं लेनदारों के मध्य प्रस्तावित विलय योजना की स्वीकृति हेतु एक याचिका माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, इलाहाबाद पीठ, प्रयागराज के समक्ष प्रस्तुत की गई थी।

उक्त याचिका दिनांक 27 जनवरी 2026 को सुनवाई हेतु सूचीबद्ध की गई थी। वर्तमान में उक्त याचिका की अगली सुनवाई दिनांक 02 अप्रैल 2026 को माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष नियत की गई है।

माननीय न्यायाधिकरण के निर्देशानुसार, पैका इम्पैक्ट लिमिटेड एवं पैका लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारकों एवं लेनदारों की बैठक को आहूत किए जाने से छूट प्रदान की गई है। साथ ही, प्राप्तकर्ता कंपनी द्वारा अपने सुरक्षित लेनदारों, असुरक्षित लेनदारों एवं इक्विटी शेयरधारकों को विधिवत सूचना प्रेषित की गई है।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त याचिका का समर्थन या विरोध करना चाहता है, वह अपनी मंशा की सूचना, अपने अथवा अपने अधिवक्ता के हस्ताक्षर सहित, अपना नाम एवं पता दर्शाते हुए, याचिका की अगली सुनवाई की नियत तिथि से कम से कम दो (2) दिवस पूर्व याचिकाकर्ता कंपनियों के अधिवक्ता को प्रेषित कर सकता है।

यदि कोई व्यक्ति याचिका का विरोध करना चाहता है, तो उसे अपने विरोध के आधार अथवा शपथ–पत्र की प्रति उक्त सूचना के साथ संलग्न करनी होगी।

उक्त याचिका / विलय योजना की प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय से सभी कार्यदिवसों में निःशुल्क प्राप्त की जा सकती है।

**याचिकाकर्ता कंपनियों की ओर से अधिवक्ता**
**हस्ताक्षरित/-**
**सी.एस. मोनिका नंदा**
**प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिव**
**सी.ओ.पी. संख्या:** 17488
**एफ.सी.एस. संख्या:** 11629
पता: 2/9 अलोपी बाग, पंजाबी कॉलोनी, इलाहाबाद – 211006
**कार्यालय पता:**
2बी, सुभाष नगर,कॉटन मिल रोड, नैनी, इलाहाबाद – 211008
**मोबाइल नंबर:** 9984254321
**ईमेल:** monicananda52@gmail.com
**स्थान:** प्रयागराज
**दिनांक:** 09.02.2026

# पैरामेडिकल छात्रों को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग व साइट सेवर संस्था ने विभाग में पैरामेडिकल अभ्यर्थियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला में नेत्ररोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.परवेज खान, डॉ.शालिनी मोहन, डॉ.पारुल सिंह, डॉ.नम्रता पटेल व वरिष्ठ नर्स देवसुता प्रजापति ने पैरामेडिकल छात्रों को लेक्चर्स व प्रैक्ट्रिकल ट्रेनिंग के माध्यम से ऑप्टोमेट्री का प्रशिक्षण दिया। संस्था ने नेत्र रोग विभाग में अतिविशिष्ट उपकरण उपलब्ध कराए, जिसमे स्लीट लैप, फेको मशीन, ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप, लेजर मशीन आदि शामिल है। बताया इन उपकरणों से नेत्र रोगियों के उपचार करने में काफी सहयोग मिलेगा। एमएस स्टूडेंट व पैरामेडिकल छात्रों को पठन-पाठन में लाभ होगा।



कार्यशाला में मौजूद पैरामेडिकल स्टाफ। अमृत विचार

## सुपीरियर टीम ने फाइनल जीता

**कानपुर।** सुपीरियर स्पिरिट्स स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित द्वितीय आनंद राव पाटिल मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट फॉर हरा पत्ता कप के फाइनल में सत्य कुमार की 133 रनो की पारी ने सुपीरियर स्पिरिट्स स्पोर्ट्स एकेडमी ने फाइनल में आदर्श क्लब को 115 रनो के भारी अंतर से पराजित किया।

साउथ ग्राउंड पर पहले खेलते हुए सुपीरियर स्पिरिट्स ने 8 विकेट पर 274 रन का स्कोर खड़ा किया। सत्य कुमार 133,कुंवर शिवम 43,कुमार अभिनव 30,मयंक तिवारी 26 और गोपाल चाहर ने 22 रन बनाए।



बच्चों ने की मौज-मस्ती। अमृत विचार

### स्कूल में बच्चों की हुई पार्टी

**कानपुर।** तिलक नगर स्थित लिटिल एन्जेल स्कूल में पौष्टिक भोजन एवं फलों का महत्व विषय पर 'फ्रूट चाट' पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा प्लेग्रुप के लिकर प्रपरेटरी कक्षा के बच्चे रंगबिरंगी पोशाक पर आए थे। इस दौरान विद्यालय प्रवन्धन एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों को फलो के विषय में बताया।

**बजट से आस** — उद्यमियों ने जताई उम्मीद, भुला दिए गए क्षेत्रों का हो सकता विकास

# औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से निखरेगा कारोबार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश के बजट में इस बार उद्यमी शहर के औद्योगिक स्वरूप को वापस लाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बजट दिए जाने की उम्मीद कर रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि शहर के ऐसे औद्योगिक क्षेत्र जो योजनाओं से फिलहाल अछूते हैं उनके लिए भी बजट में प्रावधान किया जा सकता है। उधमी मान रहे हैं कि इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर होने से उद्योग के विकास पर भी असर पड़ेगा।

शहर के औद्योगिक क्षेत्रों में नाली, सड़क व लाइट संबंधी शिकायत अक्सर उद्यमी विभिन्न मंच पर उठाते रहे हैं। खासतौर पर इस्पात नगर की समस्याएं उनमें प्रमुख है। इसके अलावा फजलगंज व दादा नगर में भी मूलभुत सुविधाओं के निराकरण के लिए उद्यमी आवाज उठा रहे हैं। उधर औद्योगिक क्षेत्रों में बारिश के समय होने वाले जलभराव और रात में अंधेरे की शिकायत भी दद्यमी लगातार करते आए हैं। उधर औद्योगिक क्षेत्रों में आने-जाने वाले रास्तों में जाम की समस्याएं भी उद्यमियों को परेशान करती है।

उद्यमियों को मानना है कि सरल कारोबार के लिए इस तरह की अप्रत्यक्ष समस्याओं को कम करने के लिए बजट पर इस बार जरूर कुछ समाधान निकाले जाने का प्रयास किया जाएगा।



"औद्योगिक क्षेत्र इस्पात नगर के लिए हम लोग लंबे समय से समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास कर रहे हैं। समस्याओं की वजह से वहां पर उद्यमी आने से बच रहे हैं। संघर्ष के बाद कुछ समस्याओं पर काम शुरू हुआ है। बावजूद अभी बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। बजट से इस बार काफी उम्मीद है।
–उमंग अग्रवाल, महासचिव, फीटा



"औद्योगिक क्षेत्रों का विकास अप्रत्यक्ष रूप से कारोबार पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। बजट में इस बार हम लोग मान रहे हैं कि इन क्षेत्रों के विकास के लिए भी प्रावधान हो सकेंगे। इसके लिए हम लोगों को काफी उम्मीद है। औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याएं खत्म होने के लिए सरकार जरूर काम करेगी।
–अंकित गुप्ता, उद्यमी



"औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याएं अप्रत्यक्ष रूप से उद्यमियों को परेशान करती है। इन समस्याओं को दूर किया जाना बेहद जरूरी है। इस बार बजट में हम लोग इन क्षेत्रों की समस्याओं को हल किए जाने के लिए प्रावधान किए जाने की उम्मीद लगाए है। कुछ क्षेत्रों की समस्याओं का दूर होना बहुत जरूरी है।
–अरुण ओमर, उद्यमी



"औद्योगिक क्षेत्रों में आने वाले उद्यमियों व श्रमिकों को सबसे अधिक बरसात में समस्याएं उठानी पड़ती है। इसके अलावा जाम की परेशानी से रोजाना सभी को परेशान होना पड़ता है। इन समस्याओं को दूर करने की बेहद जरूरत है। उम्मीद है कि बजट में इस बार इन समस्याओं के लिए भी प्रयास किया जाएगा।
–अक्षय सिंह, उद्यमी

## निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के तहत नहीं हो रही कार्यवाही

**कानपुर।** सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा, जिसमे कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निर्देशों के अनुसार किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाने या जोड़ने की प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी व नियमानुसार रूप से किया जाना अनिवार्य है। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार, किसी भी राजनीतिक दल को पहले सूचना दिए बिना और सूचना देने के कम से कम एक सप्ताह बाद ही मतदाता सूची से नाम काटे जा सकते हैं। लेकिन सपा को न तो कोई सूचना दी जा रही है और न डीएम कार्यालय के बाहर नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा की जा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### लोधेश्वर महादेव के लिए रवाना हुए कांवड़िये

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इटर्रा गांव से लगभग दो दर्जन कांवड़िये सोमवार को गांव से लोधेश्वर के लिए पैदल रवाना हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने कांवड़ियों का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान लोग बम बम भोले के जयकारे लगाते रहे। घाटमपुर, जहाँगीराबाद, पतारा, धर्मपुर बम्बा सहित अन्य कई जगहों पर कांवड़ियों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उनपर पुष्प वर्षा की गई।

### टीएसएच के सत्यम मिश्रा यूपी टेबल टेनिस टीम के कोच होंगे



सत्यम मिश्रा।

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन ने 22 फरवरी से 2 मार्च तक देहरादून में आयोजित होने वाली 87वीं जूनियर एवं यूथ नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) के कोच सत्यम मिश्रा को उत्तर प्रदेश टीम का कोच नियुक्त किया है। यह उपलब्धि द स्पोर्ट्स हब, शहर के लिए गौरव का विषय है, जो प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर टेबल टेनिस को नई पहचान दिला रहा है।

### मदरसा बोर्ड की परीक्षा में 50 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित

**कानपुर।** सीसीटीवी की निगरानी में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड की परीक्षा सोमवार को शुरू हो गयी जिसमें 50 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी (सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) आलिम (सीनियर सेकेंडरी फारसी एवं अरबी) परीक्षा 2026 की परीक्षाएं जनपद के 6 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हो गयीं। ये परीक्षा दो पालियों में हुई। प्रथम पाली प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक रही जिसमें कुल 1651 छात्र एवं छात्राएं के सापेक्ष में 1073 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे और 578 छात्र एवं छात्राएं अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में कुल 536 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थीं लेकिन परीक्षा देने के लिए कुल 410 छात्र-छात्राएं ही आईं।



उद्घाटन करते कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक। अमृत विचार



छात्राओं ने नृत्य पेश किया। अमृत विचार

# सीएसजेएमयू के स्थापना दिवस पर पूर्व छात्रों का किया सम्मान

## 10 पूर्व छात्रों का सम्मान किया गया, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ। रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में 10 पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय में युवाओं की आर से विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन प्रस्तुत किए गए।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एनटीए के चेयरमैन एवं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. प्रदीप कुमार जोशी मौजूद रहे। कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक और प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने पूर्व छात्रों को विश्वविद्यालय की पूंजी बताया। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. प्रदीप कुमार जोशी ने कहा कि विश्वविद्यालय से प्राप्त सम्मान उनके लिए घर में मिलने वाले सम्मान के समान है।

व्यक्ति को उसके पद से तो पूरा देश पहचानता है, लेकिन उसके पहले नाम से पहचान केवल उसका विद्यालय देता है। कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी धरोहर होते हैं। सांस्कृतिक संध्या में कथक नृत्य, गीत-संगीत और अन्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। सुबह सुंदरकांड पाठ और हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। साथ ही बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा आयोजित 'बड़ौदा अचीवर्स अवार्ड' के अंतर्गत मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। समारोह में कुलसचिव डॉ. राकेश कुमार मिश्रा, वित्त अधिकारी अशोक त्रिपाठी, परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार, डीन एकेडमिक प्रो. बृष्टि मित्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.अंशू यादव, एल्युमिनाई एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सिधांशु राय,कुलानुशासक डॉ शशिकांत त्रिपाठी, सुरक्षा अधिकारी डॉ अंकित त्रिवेदी, मीडिया प्रभारी डॉ दिवाकर अवस्थी विभन्न संकायों के डीन समारोह में शामिल रहे।

### इनका हुआ सम्मान

- डॉ. प्रदीप कुमार जोशी (चेयरपर्सन एनटीए, पूर्व चेयरपर्सन यूपीएससी), डॉ. एसके मिश्रा (सीनियर सर्जन), सुधींद्र जैन (सीए), प्रो. सूर्य प्रकाश (प्रोफेसर, आईआईटी इंदौर), डॉ. सचिन गुप्ता (डायरेक्टर और को-फाउंडर, वैक्स फार्म प्रालि), आदर्श निगम (पार्टनर, स्टैंटन चेस), संजीव कुमार (चीफ जनरल मैनेजर, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड), रोज़ी रानी (प्रोजेक्ट हेड, कानपुर ज़िला, नमामि गंगे परंपरागत कृषि विकास योजना), अनूप पांडे (वरिष्ठ पत्रकार), डॉ. विश्वनाथ गुप्ता (एमडी, डॉल्फिन डेवलपर)।

### आईआईटी के पूर्व छात्रों ने दिए 13.40 करोड़ रुपये



**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के 1976 बैच ने अपना स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन समारोह आयोजित किया। इस दौरान भारत और विदेश से आए पूर्व छात्र शामिल हुए। इन छात्रों ने 13.40 करोड़ रुपये संस्थान को उपहार स्वरूप दिए। पूर्व छात्रों ने समारोह के दौरान अपने पुराने दिन भी ताजा किए। इस दौरान आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि आईआईटी कानपुर अपने पूर्व छात्रों की उपलब्धियों और उनके द्वारा निभाए जा रहे मूल्यों पर गर्व करता है। पूर्व छात्र डीन प्रो. अमेय करकरे ने कहा कि पूर्व छात्र आईआईटी कानपुर की सबसे बड़ी ताकतों में से हैं। 1976 बैच अपनी मातृसंस्था के साथ आजीवन संबंध की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### भक्ति बचपन का विषय

**कानपुर।** श्री सालासर बालजी महिला मण्डल द्वारा आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन कथाव्यास कृष्णचंद्र शास्त्री ठाकुर महाराज ने ध्रुवचरित्र का वर्णन किया। कहा भक्ति पचपन का नहीं बचपन का विषय है। पांच वर्ष की अवस्था में जब ध्रुव वन जाने लगे मार्ग में नारद जी महाराज मिल गये। नारद जी ने मंत्र प्रदान किया। यमुना जी के किनारे मंत्र जप करते हुए पांच वर्ष की अवस्था में भगवान् का दर्शन ध्रुव जी को प्राप्त हुआ। उन्होंने प्रह्लाद चरित्र का वर्णन किया। हिरण्याकश्यप ने प्रह्लाद को मारने का आदेश दिया तब दैत्यों ने प्रह्लाद जी मारने के लिए जल में डुबाया, जहर पिलाया, हाथी से कुचलवाया, लेकिन कुछ नहीं कर पाया। प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान् नरसिह खंभे फाड़ कर प्रकट हुए और रक्षा की।



शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। अमृत विचार

### अनुज को पहला व अर्नव को दूसरा स्थान

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित हुई। चेस क्लब, आईआईटी कानपुर की ओर से हुई रेटेड ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट में 336 प्रतिभागियों ने शिरकत की। अनुज श्रीवात्रि ने पहला व अर्नव अग्रवाल को दूसरा स्थान हासिल किया। तृतीय स्थान आर्यन वर्शनेय, चतुर्थ स्थान आदित्य ढिंगरा व पंचम स्थान पर दिनेश के. शर्मा रहे।



जीआईएल को अवार्ड दिया गया। अमृत विचार

### जीआईएल को गुणवत्ता प्रमाणन का सम्मान

**कानपुर।** ग्लाइडर्स इण्डिया लिमिटेड (जीआईएल) को रक्षा मंत्रालय के डीजीक्यूए की ओर से स्वत्त्व-प्रमाणन स्तर से सम्मानित किया गया है। जीआईएल के फ्लोट असेम्बली और बोट असाल्ट न्यूमैटिक उत्पादों के लिए यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत के प्रति प्रतिबद्धता और सशस्त्र सेनाओं को दी जाने वाली गुणवत्ता को प्रतिदर्शित करता है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में डीजीक्यूए के महानिदेशक एन. मनोहरन, एडीजी क्यूए (वी एंड ईई) मेजर जनरल जे. जेम्स और कंट्रोलर सीक्यूए (ईई) पुणे ब्रिगेडियर आर. भटनागर ने यह प्रमाणन स्तर जीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एमसी बालासुब्रमणियम को प्रदान किया। इस दौरान ओपीएफ के मुख्य महाप्रबंधक बीएल मीना भी मौजूद रहे। जीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) एमसी बालासुब्रमणियम ने बताया कि यह उपलब्धि विनिर्माण स्वायत्तता की दिशा में यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## रमजान में हेल्पलाइन पर शरई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमजान-उल-मुबारक 16 या 17 फरवरी को शुरू हो जाएगा। रमजान में इस्लामी तरीके क्या है, शरीयत में क्या हुक्म है, मुसलमानों को इनपर सब की जानकारी देने के लिए हेल्पलाइन की शुरुआत की जाएगी। चर्चा करने के लिए शहरकाजी मौलाना मुश्ताक अहमद मुशाहिदी की अध्यक्षता में जामा मस्जिद शारदा नगर में उलमा व मस्जिदों के इमामों और बुद्धिजीवियों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में मौलाना मकबूल आलम निजामी मस्जिद नारामऊ, हाफिज अबरार हरी मस्जिद बर्रा, मौलाना शमशेर आलम खजूर वली मस्जिद मसवानपुर, कारी शराफत अली मस्जिद सय्यद नगर, हाफिज मुहम्मद मुबीन मस्जिद रानीगंज काकादेव, हाफिज मुहम्मद मोनिस मुशाहिदी मस्जिद गुरुदेव कल्याणपुर आदि मौजूद रहे। मीटिंग में तय हुआ कि अब से हर जुमा में इबादत करने का तरीका बताया जाएगा।

## कन्या जूनियर स्कूल को चोरों ने बनाया निशाना

**घाटमपुर।** पतारा कस्बा स्थित कन्या जूनियर स्कूल में देर रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर गेट का ताला नहीं तोड़ पाए तो गेट को आग से जलाकर यहां पर हजारों का सामान चोरी कर ले गए है। सुबह प्रधानाचार्य स्कूल पहुंची तो घटना की जानकारी हुई।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा कस्बा स्थित कन्या जूनियर की प्रधानाचार्य वंदना ने पतारा चौकी पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके स्कूल में देर अज्ञात चोर घुस आए। चोरों ने प्रधानाचार्य कक्ष का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा नहीं खोल पाए तो चोरों ने प्रधानाचार्य कक्ष का गेट जला दिया, गेट जलने के बाद चोर कमरे के अंदर दाखिल हुए। चोर यहां कमरे के अंदर रखे दो सिलेंडर, चीनी, नमकीन, चाय की पत्ती समेत कुछ कागजात उठा ले गए है। पतारा चौकी इंचार्ज ललित शर्मा ने प्रधानाचार्य से घटना की जानकारी जुटाने के साथ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। घाटमपुर इंस्पेक्टर दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि सूचना मिली थी, घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।



चोरी की जानकारी देतीं प्रधानाचार्य।

## पुलिस ने 25 वाहन किए सीज

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में पुलिस और नगर पालिका ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर वाहनों व दुकनदारों पर कार्रवाई की। इस दौरान चौराहे के चारों ओर सौ मीटर तक खड़े 25 वाहनों को सीज किया और 50 से अधिक वाहनों का चालान किया। वहीं हाईवे किनारे अतिक्रमण करने वाले 11 दुकानदारों की नगर पालिका ने जुर्माने की रसीद काटी।

सोमवार दोपहर एसीपी कृष्णकांत यादव और नगर पालिका ईओ डॉ महेंद्र कुमार की टीम ने प्रमुख चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए डग्गामार वाहनों और अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की । इस दौरान पुलिस को देखते ही डग्गामार वाहन चालक गाड़ियां लेकर भागने लगे, पुलिस ने चौराहे के आसपास हाईवे पर खड़े बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म लगी कार, थ्री व्हीलर, बाइक समेत 25 वाहनों को सीज किया। साथ ही हाईवे पर खड़े 50 वाहनों पर नो पार्किंग में खड़े होने के चलते चालान किया गया। इसके साथ हाईवे किनारे अतिक्रमण किए दुकानदारों पर नगर पालिका के द्वारा जुर्माने की कार्रवाई भी की गई है।

**घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव** ने बताया कि संयुक्त टीम के द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि समय समय पर इस तरह का अतिक्रमण अभियान चलाया जाता रहेगा।

**घाटमपुर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार** ने बताया कि संयुक्त कार्रवार में हाईवे किनारे अतिक्रमण करने वाले लगभग 11 दुकानदारों से 9600 सौ की जुर्माने की रसीद काटी गई है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर आगे कार्रवाई होती रहेगी। किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।



बाइक चालक से बात करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

## प्रतिदिन बीएलओ के कार्यों की समीक्षा करें सुपरवाइजर

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित, तहसील बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के समस्त सुपरवाइजरों और बीएलओ के लिए एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में विशेषज्ञों ने मतदाता सूची को शत-प्रतिशत त्रुटिहीन बनाने और तार्किक विसंगतियों के डिजिटल निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश जारी किए।

निर्वाचन आयोग द्वारा अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतदाता पुनरीक्षण के दौरान पांच विशेष प्रकार की तार्किक विसंगतियां चिह्नित की गई हैं। इन विसंगतियों का मिलान मुख्य रूप से वर्ष 2003 की आधारभूत मतदाता सूची से किया गया है। डाटा मिलान के दौरान कुछ मतदाताओं की प्रविष्टियों में तकनीकी संदेह पाया गया है, जिसे दुरुस्त करना अनिवार्य है।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मतदाताओं को अब इन सुधारों के लिए तहसील कार्यालय या चुनाव कार्यालय की दौड़ नहीं लगानी होगी। यह अभियान मतदाता सूची की पारदर्शिता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है। कार्यशाला के अंत में सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिए गए कि वे अपने अधीन आने वाले बीएलओ के कार्यों की दैनिक समीक्षा करें

### 19 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**घाटमपुर।** रविवार को पुलिस टीम ने लहुरीमऊ चौकी क्षेत्र के गौशाला चौराहे के पास से एक युवक को अवैध शराब के साथ दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान राहुल वर्मा 21, निवासी ग्राम सिसैइया, पीलीभीत के रूप में हुई है। तलाशी में उसके कब्जे से 19 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद की गई है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अनुराग सिंह, कांस्टेबल रोहित कुमार और लाखन ने कार्रवाई की।


**सूचना**

मैं **छुन्ना अवस्थी पुत्र कालीचरण अवस्थी नि.-1/624 अम्बिकापुरम शुक्लागंज जिला उन्नाव** मेरी पालिसी स.-आर-यूपी-केपी- ईए-32783 में मेरा नाम अरुण कुमार अवस्थी लिखा है। जबकि मेरे आधरकार्ड व पैन कार्ड में नाम छुन्ना अवस्थी दर्ज है। मुझे छुन्ना अवस्थी व अरुण कुमार अवस्थी दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है उक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति है।


धर्म-अध्यात्म

धर्म-अध्यात्म | श्री राम कथा के पांचवें दिन आचार्य ने सुनाई ताड़का वध व अहिल्या उद्धार की कथा

## धर्म, सत्य व करुणा के स्वरूप हैं श्रीराम

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** दैहिक,दैविक व भौतिक तीनों प्रकार के संतापों को जीवन से दूर करने के लिए राम कथा का श्रवण करें। भगवान राम धर्म,सत्य व करुणा के साक्षात स्वरूप हैं। उनका जीवन हमें मूल्यों को कायम रखते हुए चुनौतियों का सामना करना सिखाता है। उक्त प्रवचन सोमवार को कस्बे में चल रही श्री राम कथा में आचार्य संतोष जी महाराज ने भक्तों को सुनाए। इस दौरान आचार्य ने श्रद्धालुओं को ताड़का वध,अहिल्या उद्धार व जनकपुरी भ्रमण आदि रोचक प्रसंगों का रसपान कराया।



कथा सुनाते आचार्य।

कस्बा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में चल रही श्री राम कथा के पांचवें दिन आचार्य संतोष जी महाराज ने सुनाया कि गुरु वशिष्ठ द्वारा नामकरण व शिक्षा दिए जाने के पश्चात राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न महल में वापस आ जाते हैं। तभी असुरों के अत्याचार से परेशान विश्वामित्र राजा दशरथ से राम व लक्ष्मण को अपने साथ आश्रम ले जाने की मांग करते हैं। आश्रम जाने पर यज्ञ की रक्षा के लिए श्रीराम ताड़का का वध कर देते हैं। इसी तरह गौतम ऋषि के श्राप से पत्थर बनी अहिल्या का उद्धार भी श्री राम के द्वारा होता है। कथा को आगे बढ़ते हुए बताया कि विश्वामित्र से आज्ञा लेकर दोनों भाई जनकपुर भ्रमण के लिए निकलते हैं। इस दौरान आचार्य द्वारा प्रस्तुत ठुमक चलत रामचंद्र बजत पैजानिया, राम निकले जनकपुर की गलियन में, सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए आए हैं, आदि भजन सुन कर श्रोता झूम उठे।वहीं वृंदावन से पधारे श्याम बिहारी शुक्ला द्वारा रात्रि के समय प्रस्तुत की गई रासलीलाओं का श्रद्धालुओं ने जमकर लुत्फ उठाया।

### प्रभु श्रीराम भगवान विष्णु के थे अवतार

- **घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत शिवहरि धाम मदनपुर आश्रम में चल रही श्रीराम कथा में कथा के चौथे दिन कथावाचक पूज्या मानस माधुरी विदुषी रक्षा द्विवेदी ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीलाओं का वर्णन किया। रक्षा द्विवेदी ने भगवान राम के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि। महायज्ञ का प्रसाद राजा दशरथ ने अपनी तीनों पत्नियों कौशल्या, सुमित्रा और कैकई को दिया प्रसाद के फल स्वरूप तीनों रानियां ने गर्भधारण किया और इस प्रकार चैत्र माह के शुक्ल नवमी के पावन दिवस पर रघुकुल दीप भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ। पूज्या रक्षा द्विवेदी जी ने भगवान राम के चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि श्री रामचरित मानस रामायण कथा हिंदू शास्त्रों के अनुसार भगवान राम विष्णु के मानव अवतार थे। वहीं कथा सुनने को लेकर क्षेत्र से भारी संख्या में भक्तजन शिव हरी धाम आश्रम पहुंचे जहां पर आरती-प्रसाद के बाद के उपरांत वहां चल रहे भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर मंदिर टेस्टी शिवकुमार द्विवेदी एवं पूर्व प्रधान चौबेपुर राजेश अवस्थी, धर्मेंद्र मिश्रा, पंकज त्रिपाठी, दुष्यंत तिवारी, गुड्डू, राजू मिश्रा सहित आदि लोग रहे।



कथा सुनातीं रक्षा।

## काला बच्चा की 32वीं पुण्यतिथि पर उमड़े लोग

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर के पिता काला बच्चा सोनकर की 32वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित 'श्रद्धा सुमन' कार्यक्रम में आज क्षेत्र के जनमानस और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गजों का तांता लगा रहा। इस भावपूर्ण कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

काला बच्चा सोनकर की 32वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) उपेंद्र पासवान उपस्थित रहे। उन्होंने काला बच्चा को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज के दबे-कुचले और वंचित वर्ग की सेवा के लिए समर्पित था। जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने काला बच्चा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको नमन किया। इनके साथ साथ क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख समेत तमाम भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस दौरान अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ा रहे विधायक राहुल बच्चा सोनकर भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया था और आज उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए वह क्षेत्र की जनता की सेवा कर रहे हैं। इस दौरान काला बच्चा की पत्नी राजरानी सोनकर ने भी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 का अंकपत्र 1578644 व इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अंकपत्र 1283485 के साथ पैनकार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य पढ़ाई के कागजात कहीं खो गए हैं। **शीबू पुत्र छोटेलाल ग्राम शिवनी, पोस्ट खरौंज जिला हमीरपुर (उ.प्र.)**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र राकेश कुमार, रामवीर उर्फ अखिलेश व अमिलेश के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगें। **- सूरजपाल सिंह पुत्र बालादीन, निवासी ग्राम-गुलालपुर, थाना- ऐरवाकटरा, तहसील- बिधूना- जिला -औरैया।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र विकास व पुत्रवधू शालिनी के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगें ।**- राकेश कुमार पुत्र लाखन लाल, निवासी ग्राम- दोबामाफी, थाना- ऐरवाकटरा, तहसील- बिधूना, जिला -औरैया।**

**सूचना**

मैंने अपना नाम JAMAL AHMAD ISRAR से बदल कर JAMAL AHMAD रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। C/O: ISRAR AHMAD R/O:VILL AND PO AMILO PS MUBARAKPUR AZAMGARH UTTAR PRADESH 276404

**सूचना**

मैंने अपना नाम ABUL HASAN KHAN MOHAMMED AHMED से बदल कर ABUL HASAN KHAN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। C/O: MOHAMMAD AHMAD KHAN R/O:167 KANCHANA JAIS KASIMPUR AMETHI UTTAR PRADESH-229305

**सूचना**

मैं NEERAJ पुत्र श्री KANHAIYA LAL GUPTA निवासी म0नं0-44, हुसैन नगर, थाना कोतवाली उन्नाव, जिला-उन्नाव, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर NEERAJ GUPTA कर लिया है, अत: आज से मुझे NEERAJ GUPTA के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

## न्यूज ब्रीफ

### जनपदीय क्रिकेट लीग टीम का चयन आज

**उन्नाव, अमृत विचार:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली अंडर-19 रजनीद्र दीक्षित जनपदीय क्रिकेट लीग हेतु टीमों की चयन प्रक्रिया जो 9 फरवरी को होनी थी। जिले के सीनियर खिलाड़ी सिद्धार्थ सिंह की माता जी का स्वर्गवास होने से स्थगित की जाती है। यह चयन प्रक्रिया 10 फरवरी को दोपहर 2 बजे राजा शंकर सहाय इंटर कॉलेज उन्नाव में संपन्न होगी।

### झपकी आने पर रेलिंग से टकराई अनियंत्रित कार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** कानपुर के नवाबगंज निवासी दीपक उन्नाव से देर रात करीब एक बजे कार से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह ट्रांस गंगा सिटी स्थित गोल चौराहे के पास पहुंचे, उन्हें झपकी आ गई। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग से जा टकराई। टक्कर के बाद एयरबैग खुल गया और चालक सीट बेल्ट लगाए होने के कारण गंभीर हादसे से बच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल भिजवाया।

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** सोमवार दोपहर शुक्लागंज से उन्नाव की ओर सवारी भरकर जा रही तेज रफ्तार टेंपो ने फोरलेन बाजार मोड़ के पास आजाद मार्ग स्थित बाबा कुटी निवासी अंकुश निषाद की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह गिर पड़ा और उसे चोटें आईं। लोगों ने घायल को उठाकर पास के चिकित्सक के यहां पहुंचाया।

# तीन बार के सांसद रहे देवी बक्श सिंह का निधन, शोक की लहर

## कानपुर के नर्सिंग होम में इलाज के दौरान ली अंतिम सांस, भाजपा से 1991-1999 तक लगातार तीन बार रहे सांसद

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** उन्नाव संसदीय सीट से 3 बार सांसद रहे वरिष्ठ भाजपा नेता व ईंट-भट्ठा व्यवसायी से राजनीति में पहचान बनाने वाले देवी बक्श सिंह का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उन्होंने कानपुर के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना से शुक्लागंज राजमार्ग स्थित सब्जी मंडी आवास पर समर्थकों, पार्टी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की भीड़ उमड़ पड़ी।

देवी बक्श सिंह ने वर्ष 1989 में नगर पालिका गंगाघाट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर सक्रिय राजनीति में कदम रखा। 1991 में उन्नाव से पहली बार लोकसभा सदस्य निर्वाचित हुए। इसके बाद 1996 व 1998 में लगातार जीतकर उन्होंने उन्नाव सीट पर भाजपा की मजबूत पकड़ बनाई। उन्होंने 5 बार लोकसभा चुनाव लड़ा। जिनमें 3 बार विजयी रहे। 14 मई 1940 को जन्मे देवी बक्श सिंह का राजनीतिक जीवन संघ विचारधारा से प्रेरित रहा।



देवी बक्श सिंह



पूर्व सांसद के निधन पर गमगीन परिजन। ● अमृत विचार

राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान गिरफ्तारी भी दी थी। लोकसभा की विभिन्न समितियों में सदस्य रहे और एक बार संसदीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका भी गए। नगर की विद्युत व्यवस्था सुधारने व सरैयां सब स्टेशन के लिए भूमि उपलब्ध कराने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही। वह सरस्वती शिशु मंदिर व विद्या मंदिर के अध्यक्ष व बाद में संरक्षक रहे। साथ ही दुर्गा मंदिर के उपाध्यक्ष भी रहे। करीब दो माह पूर्व बड़े पुत्र महावीर सिंह के निधन के बाद उनका स्वास्थ्य और गिर गया था। वे अपने पीछे छोटे पुत्र उदयवीर सिंह, पुत्रियां किरन व सीमा सिंह सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मंगलवार सुबह मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार होगा। पत्नी कमला सिंह का निधन लगभग 10 वर्ष पूर्व हो चुका है। दो पुत्रों में महावीर सिंह का हाल ही में निधन हुआ था। जबकि उदयवीर सिंह जीवित हैं। दो पुत्रियां किरन व सीमा सिंह हैं। परिवार सामाजिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय रहा है।

### संघ विचारधारा से जुड़ा राजनीतिक सफर

**शुक्लागंज:** देवी बक्श सिंह का राजनीतिक जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से प्रेरित रहा। बीघापुर क्षेत्र के गढ़ेवा गांव के ग्राम प्रधान स्तर से सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की और 1990 में भाजपा शुक्लागंज नगर मंडल अध्यक्ष बने। जिला संघ चालक श्रीनिवास शास्त्री के प्रयासों से उन्हें लोकसभा टिकट मिला। संघ पृष्ठभूमि ने उनके व्यक्तित्व को वैचारिक मजबूती प्रदान की।

### तीन बार सांसद, उन्नाव में भाजपा का दबदबा

**शुक्लागंज:** 1991, 1996 व 1998 में लगातार जीत कर देवी बक्श सिंह ने उन्नाव सीट पर भाजपा का परचम लहराया। उन्होंने कांग्रेस के जियाउर्रहमान अंसारी जैसे दिग्गज प्रतिद्वंद्वियों को हराया। वे 5 बार चुनाव मैदान में उतरे और तीन बार सांसद बने। उनके कार्यकाल में संगठनात्मक मजबूती के साथ क्षेत्रीय विकास को भी प्राथमिकता दी गई।

### अटल-आडवाणी के करीबी रहे

**शुक्लागंज:** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी व मुरली मनोहर जोशी से उनके निकट संबंध रहे। अटल बिहारी वाजपेयी उनकी बेटी किरन के विवाह में शामिल हुए थे। वहीं अटल जी उनके आवास पर भी आ चुके थे। एकता यात्रा के दौरान डॉ. जोशी भी उनके आवास पहुंचे थे।

# संदिग्ध हालात में मिला रिटायर्ड फौजी का शव

हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** हसनगंज कोतवाली व कस्बा निवासी सेवानिवृत फौजी का शव सड़क किनारे लहूलुहान हालत में पड़ा देख परिजन बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद सड़क हादसे में मौत मानकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लेकिन पोस्टमार्टम में मामला संदिग्ध मिलने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र ऊंचगांव निवासी सजीवन लाल सिंह (55) पुत्र स्व. मुन्नीलाल भारतीय सेना से तीन साल पहले रिटायर होने के बाद कोतवाली क्षेत्र के कस्बा में मकान बना कर रहते थे और वहीं पास में विद्युत उपकेंद्र में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते थे। इस समय उनकी रात ड्यूटी थी। सोमवार सुबह वहां से 500 मीटर आगे लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर एक डिग्री कॉलेज के पास सड़क किनारे उनका शव लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। जिसके बाद कयास लगाए गए कि किसी वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई है। कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसके सिर व कमर के नीचे चोट मिली। सिर के बीच में आई चोट व अन्य लक्षणों के मिलने पर विसरा सुरक्षित किया गया है।



घटना की सूचना मिलने पर रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

● **पुलिस ने विसरा सुरक्षित कर शुरू की मामले की जांच**

# जानलेवा हमला करने के दोषी को 8 साल की सजा

**उन्नाव, अमृत विचार:** असोहा थानाक्षेत्र में चाकू मारकर हत्या का प्रयास करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 8 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषी पर 10 हजार अर्थदंड भी लगाया है।

बता दें कि असोहा थानाक्षेत्र के गोरिंदा गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसके पति संतोष कुमार विद्युत विभाग में लाइनमैन है। बताया कि 24 मई-2024 की शाम साढ़े सात बजे वह ड्यूटी से घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में गांव के शीतल प्रसाद ने उनसे गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया।। इसमें संतोष गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे असोहा अस्पताल ले गए। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था। पुलिस ने 28 मई-2024 को आरोपी के विरुद्ध जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। 18 जून-2024 को पुलिस ने आरोपी को पकड़कर जेल भेजा था। आईओ अनिल राजपूत ने साक्ष्य एकत्र कर 26 जुलाई-2024 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। सोमवार को केस की अंतिम सुनवाई के बाद जज रामराज द्वितीय ने अधिवक्ता विनय शंकर दीक्षित की दलीलों व साक्ष्यों के आधार पर शीतल प्रसाद को दोषी करार देते हुए उसे 8 साल की सजा सुनाई।

### शिशु मंदिर के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुतियों की धूम

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सोमवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरेंद्र श्रीवास्तव (अध्यक्ष, भारतीय शिक्षा समिति उ.प्र.), सुरेश सिंह (सम्भाग निरीक्षक सीतापुर), सुरेश मणि (प्रांतीय सेवा शिक्षा संयोजक), नगर पालिका अध्यक्षा कौमुदी पाण्डेय, प्रबंधक राकेश कुमार, प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह, श्रवण कुमार सिंह, दुर्गेश भरद्वाज, लेखपाल रचना सिंह, शिल्पी दीक्षित, कंचन अवस्थी, गुड़िया चौहान, दुर्गा तिवारी, पूनम तिवारी आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, बसंती व होली गीत, शिव तांडव, कृष्ण महारास, मोबाइल एडिक्शन, सेव ट्री, स्वच्छता संदेश, ऑपरेशन सिंदूर, संदेशे आते हैं सहित अनेक नृत्य-नाटिकाएं प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच संचालन आदित्य, अर्पिता व शिवांगी ने किया। समिति सदस्य रामप्रकाश, ओमप्रकाश, भूपेन्द्र, मालती, सुभाषिनी, अल्का, वर्षा, सरिता, संगीता, सुरेश, वीरेंद्र, सुरेन्द्र, प्रवीण, प्रहलाद, वंदना, सत्यम, अनिल, रवि, दाताराम सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। महिला अतिथियों में रुचि साहू भी मौजूद रहीं।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते शिशु मंदिर के बच्चे।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**हसनगंज, उन्नाव, अमृत विचार:** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के ताला सराय गांव निवासी रिंकू (25) पुत्र बिरजू उर्फ बृजलाल सोमवार शाम 4 बजे शाहपुर टोडा की बाजारसे खरीददारी करने घर से निकला था। तभी गांव के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन पर तभी पीछे से आए तेज रफ्तार लोडर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे रिंकू की मौके पर मौत हो गई। हादसे से आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से सड़क पर जाम लगाने का प्रयास किया। लेकिन सूचना पर कोतवाली प्रभारी फोर्स के साथ पहुंचे और लोगों को कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया। रिंकू 3 भाइयों पिंटू व रामबाबू में दूसरे नंबर पर था। उसकी शादी 4 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके 2 साल की बेटी खुशबू है। पति की मौत से पत्नी अंजू व मां राजरानी रो-रोकर बेहाल हैं। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हुई है। लोडर कोतवाली में खड़ा कराकर शव मोर्चरी भेजा है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन से गिरकर हुई युवक की मौत, परिजनों ने की पहचान

**उन्नाव, अमृत विचार:** बंगलूरू मैंगलोर से लौटते समय लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर सोनिक स्टेशन के आगे ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हुई थी। शनिवार को गोरखपुर से पहुंचे परिजनों ने उसकी शिनाख्त की। इसके बाद सोमवार को दही पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई शुरू की।

बता दें कि गोरखपुर जिला के जनहा थानाक्षेत्र के पुरनहिया गांव निवासी जोगेंद्र निषाद (32) पुत्र स्व. रमाकंत बंगलूरू में पेंटिंग करता था। जहां से घर लौटने के लिये वह 15024 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस से सफर कर रहा था। तभी शनिवार देररात लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर दही थानाक्षेत्र के सोनिक स्टेशन से आगे अलगनगढ़ क्रॉसिंग के पास ट्रेन से गिरकर गंभीर घायल हुआ था। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। उस समय उसकी शिनाख्त न होने से शव मोर्चरी में रखवाया गया था। घर न पहुंचने पर तलाश के दौरान सोशल मीडिया से मिली जानकारी पर रविवार रात पहुंचे चचेरे भाई मनीष निषाद ने उसकी पहचान की। उसने बताया कि उसकी पत्नी की मौत हो चुकी है। बेटे की मौत से मां शोभा रो-रोकर कर बेहाल है। दही एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों ने शिनाख्त की है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में खुलेगा स्ट्रांग रूम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा को नकल विहीन कराने के लिए सोमवार को अटल बिहारी इंटर कॉलेज में केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक हुई। इसमें बोर्ड सचिव द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए।

डीआईओएस सुनील दत्त ने कहा कि 18 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए परीक्षा शुरू होने के 1 घंटे पहले केंद्र व्यवस्थापक सह (बाह्य) केंद्र व्यवस्थापक व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा और परीक्षा खत्म होने के 1 घंटे बाद बंद किया जाएगा। 24 घंटे सीसी कैमरे की निगरानी में स्ट्रांग रूम में 4 अलमारी रखी जाएंगी। उन्होंने बोर्ड द्वारा दी गई निर्देश पुस्तिका के 26 बिंदुओं के बारे में बताया। कहा कि जिलाधिकारी से मिलकर शीघ्र स्टैटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कराई जाएगी। 122 परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापकों की बैठक में जीआईसी प्रधानाचार्य परमात्मा शरण व कमलेश कुमार ने कहा कि स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी की उपलब्धता हर हाल में 24 घंटे रहे।



बैठक को संबोधित करते डीआईओएस सुनील दत्त।। ● अमृत विचार

● **बोर्ड परीक्षा: अलग-अलग कक्ष में बनाए जाएंगे प्रश्नपत्रों व उत्तर पुस्तिकाओं के स्ट्रांग रूम**

### तालाब किनारे मिला युवक का शव

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार:** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसुम्भी गांव में सोमवार शाम उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के बाहर सूखे पड़े तालाब किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। शाम करीब 4 बजे ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना पर परिजन पहुंचे। मृतक की पहचान कुसुम्भी गांव निवासी बुधई (38) पुत्र राजाराम के रूप में हुई है। जैसे ही परिजनों को घटना की जानकारी मिली घर में कोहराम मच गया। उसकी मौत से पत्नी राजरानी, तीन बेटियां कोमल, सोनम व गुड़िया बेहाल रहीं। ग्रामीणों के अनुसार बुधई शराब का आदी था और अक्सर इसे लेकर घर में तनाव रहता था। हालांकि मौत के कारणों को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। सूचना पर अजगैन पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### अनुराग ने पीलीभीत में लहराया परचम

**उन्नाव, अमृत विचार।** पीलीभीत-बरेली में आयोजित 6वीं उप्र स्टेट ओपन रेस वॉकिंग चैंपियनशिप 2026 में जिले के होनहार एथलीट अनुराग ठाकुर ने इतिहास रच दिया है। रविवार को आयोजित प्रतियोगिता में अनुराग ने 42.195 किमी मैराथन रेस वॉक में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल जिले का खाता खोला बल्कि खेल जगत में अपनी धाक जमाई। अनुराग की इस शानदार जीत के साथ ही उनका चयन आगामी राष्ट्रीय रेस वॉकिंग चैंपियनशिप के लिए हो गया है। अनुराग की इस उपलब्धि पर उनके कोच आमिर खान ने बताया कि अनुराग ने शुरू से ही रेस पर अपनी पकड़ बनाए रखी और कड़ी चुनौती पार करते हुए पहले स्थान पर रहे। कोच आमिर खान के अनुसार, अनुराग पहले भी कई बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर चुके हैं। उनके इसी अनुभव और कड़ी मेहनत का परिणाम है कि आज उन्होंने प्रदेश स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया है। स्वर्ण पदक जीतने की खबर मिलते ही खेल प्रेमियों और परिजनों में जश्न का माहौल है। लोगों का मानना है कि अनुराग की यह सफलता जनपद के अन्य युवाओं को भी खेलों के प्रति प्रेरित करेगी।



कोच आमिर के साथ अनुराग।

### बचे छात्रों की परीक्षाएं कराकर 13 फरवरी तक वेबसाइट पर करें अपलोड: सचिव

**उन्नाव, अमर विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज के सचिव ने कहा कि वर्ष 2026 की इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं किन्हीं कारणों से जिन विद्यालयों के छात्रों की नहीं हो पाई हैं उनके परीक्षकों/प्रथानाचार्यों को अन्तिम अवसर देते हुए निर्देशित किया जाता है कि अवशेष प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पादित कर 13 फरवरी 2026 तक परिषद की वेबसाइट पर शत-प्रतिशत अंक अपलोड करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय तक अंक अपलोड न करने के चलते यदि किसी परीक्षार्थी का परीक्षा परिणाम प्रभावित होता है तो उसके लिए सम्बंधित परीक्षक, प्रधानाचार्य व शिथिल पर्यवेक्षण हेतु डीआईओएस पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

# 13 बटुकों का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** शहर के कालेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में शांतिकुंज हरिद्वार की प्रेरणा से आध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ। महिला मंडल की अगुवाई में विश्व कल्याण हेतु विशेष यज्ञ का आयोजन हुआ। इसके बाद 13 बटुकों का विधि-विधान से यज्ञोपवीत कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल प्रमुख रानी त्रिपाठी एवं मालती मिश्रा द्वारा गायत्री मंत्र जप के साथ किया गया। इसके उपरांत लोक मंगल और विश्व शांति की कामना के साथ आहुतियां प्रदान की गईं। यज्ञोपवीत संस्कार के दौरान गायत्री परिवाजक पंडित चंद्रकिशोर द्विवेदी एवं अशोक दीक्षित ने मंत्रोच्चार के साथ बटुकों को जनेऊ धारण कराया। उन्होंने संस्कारों का महत्व बताते हुए कहा कि शिखा और सूत्र हिंदू धर्म की मूल पहचान हैं। यह केवल एक धागा नहीं, बल्कि अनुशासित और मर्यादित जीवन जीने का संकल्प है। जनेऊ संस्कार कार्यक्रम में सुयश त्रिपाठी, अर्थ पांडेय, शुभम पांडे, आकाश मिश्रा, कामेश अग्निहोत्री, अभिनव बाजपेई, शुभम मिश्रा, मृदुल मोहन अवस्थी, अजीत दीक्षित, प्रीति मिश्रा, अभय पांडेय, दीपक त्रिपाठी और सत्यम मिश्रा ने दीक्षा प्राप्त की।



यज्ञोपवीत संस्कार में मौजूद बटुक। ● अमृत विचार

● **गायत्री शक्तिपीठ में विश्व कल्याण के लिए दी आहुतियां**

# श्रीराम जन्म व कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रोता

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** कंचन नगर स्थित मां वैष्णों जूनियर हाईस्कूल परिसर में श्री ममतामयी मंडल परिवार के तत्वावधान में चल रही 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भक्ति व श्रद्धा का संगम देखने को मिला। कथा व्यास श्री वल्लभचरणाश्रित केशव देव भक्तमाली ने श्रीराम जन्म व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया। इसे सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे।

कथा व्यास ने बताया कि त्रेता युग में जब अधर्म बढ़ा, तब अयोध्या नरेश दशरथ के यहां चौत्र मास की नवमी को प्रभु श्रीराम ने अवतार लिया। भए प्रगट कृपाला, दीनदयाला के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जन्म मर्यादा, त्याग और आदर्श की स्थापना का प्रतीक है। वहीं द्वापर युग में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की अंधेरी रात में कारागार में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। अत्याचार के बीच जन्मे कान्हा ने प्रेम, उल्लास और धर्म की स्थापना का संदेश दिया। गोकुल पहुंचते ही नंद के आनंद भयो के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। अंत में आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे। वहीं भागवत कथा में सदर विधायक पंकज गुप्ता भी पहुंचे।



सदर विधायक को प्रतीक चिन्ह देते व्यास।

महाशिवरात्रि | डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता व एसपी जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में हुई पीस कमेटी की बैठक

# सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम, रूट पर बंद रहेंगी मीट की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** आगामी महाशिवरात्रि पर्व को जिले में शांति, सौहार्द व सुरक्षा के साथ संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। विकास भवन सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता व एसपी जय प्रकाश सिंह की उपस्थिति में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में त्यौहार की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक में संभ्रान्त नागरिकों, धर्मगुरुओं व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए और अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए गए। डीएम ने सभी नगर निकायों के ईओ को निर्देशित किया कि शिवालयों व शोभायात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, रास्तों की मरम्मत व स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेलों व शोभायात्राओं में महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष टीमें तैनात रहेंगी। स्वच्छता बनाए रखने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। चूंकि बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही हैं इसलिए लाउडस्पीकर का प्रयोग केवल नियंत्रित स्तर पर ही होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। अस्पतालों में डॉक्टरों की राउंड-द-क्लॉक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने कहा कि शोभा यात्रा के निर्धारित मार्गों पर पड़ने वाली सभी मीट की दुकानें पर्व के दौरान बंद रहेंगी। डीजे पर किसी भी प्रकार के विवादित या भड़काऊ गाने बजाने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी नया जुलूस या नया रूट शुरू नहीं होगा यात्राएं केवल परंपरागत रास्तों से ही निकाली जाएंगी। पुलिस बल और खुफिया तंत्र को अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। डीएम ने जनपद वासियों को महाशिवरात्रि की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्नाव अपनी गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपील की कि सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए पर्व को उत्साह के साथ मनाएं। बाइक जुलूस के दौरान नशे के सेवन से बचने और शालीनता बनाए रखने की भी हिदायत दी गई।

बैठक में सीडीओ कृतिराज, एडीएम सुशील कुमार गोंड, एडीएम विकास कुमार सिंह, एएसपी अखिलेश कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



बैठक में मातहतों को निर्देश देते डीएम गौरांग राठी।। ● अमृत विचार


**कार्यालय नगर पंचायत हैदराबाद, जनपद–उन्नाव।**

पत्रांक: 263/ई नि0सू0 / न0 पं0है0/2025–26 दिनांक : 07.02.2026

**ई–निविदा सूचना**

नगर पंचायत हैदराबाद, उन्नाव में ई–टेण्डरिंग के अन्तर्गत ठेकेदारों / फर्मों को सूचित किया जाता है कि **'पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना'** तथा 15वाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत हैदराबाद की सीमान्तर्गत कराये जाने वाले विकास कार्यो हेतु ई–निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्य हेतु ई–निविदा डाल सकता है। नगर में कराये जाने वाले कार्यो का विवरण आनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही डाउनलोड व अपलोड किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| (a) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि | 09.02.2026 अपरान्ह 02 बजे से |
| (b) | वेबसाइड पर आनलाइन निविदा डाउन लोड की तिथि | 09.02.2026 अपरान्ह 02 बजे से |
| (c) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 01.03.2026 को सायं. 5:00 बजे तक |
| (d) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | 02.03.2026 को प्रात: 11 बजे |
| (e) | ई–निविदा खेलने का स्थान | तकनीकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त |
| (f) | ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | कार्यालय नगर पंचायत हैदराबाद, उन्नाव। |

1. निविदा की सम्पूर्ण सेवा शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
2. विस्तृत विवरण हेतु http://letender.up.nic.in को खोले व निविदा डाउनलोड करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत हैदराबाद,
जनपद–उन्नाव।

अध्यक्ष
नगर पंचायत हैदराबाद,
जनपद–उन्नाव।

# अमृत विचार

मंगलवार, 10 फरवरी 2026




अतीत चाहे दु:खद ही क्यों न हो, उसकी स्मृतियां मधुर होती हैं।
–मुंशी प्रेमचंद, साहित्यकार



## महत्वपूर्ण है मलेशिया

एशिया–प्रशांत की बदलती भू-राजनीति में मलेशिया भारत के लिए एक रणनीतिक धुरी बनता जा रहा है। हिंद महासागर से दक्षिण चीन सागर को जोड़ने वाले मलक्का जलडमरू मध्य के किनारे स्थित मलेशिया उस समुद्री मार्ग की निगरानी में अहम है, जिससे भारत के कुल समुद्री व्यापार का आधे से अधिक हिस्सा गुजरता है। ऐसे में कुआलालंपुर के साथ गहराता सहयोग केवल व्यापार नहीं, बल्कि समुद्री सुरक्षा और सामरिक संतुलन का प्रश्न भी है। ऊर्जा, व्यापार, तकनीक और सुरक्षा के क्षेत्र में हुए समझौते इस साझेदारी को संस्थागत आधार देते हैं। रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और सोलर परियोजनाओं में सहयोग भारत की ऊर्जा विविधीकरण नीति को मजबूती देगा, वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष, सस्ती दवाओं और नर्सिंग सेवाओं में तालमेल दोनों देशों के सामाजिक क्षेत्र को लाभ पहुंचा सकता है। रक्षा क्षेत्र में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास और समुद्री सहयोग से हिंद–प्रशांत में भारत की उपस्थिति सुदृढ़ होगी।

पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं में अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखला संकट के बीच भारत का क्षेत्रीय सहयोग पर जोर स्वाभाविक है। 'लुक ईस्ट' से 'एक्ट ईस्ट' की नीति अब आर्थिक और सामरिक दोनों रूपों में परिपक्व हो रही है। मलेशिया, जो आसियान में भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार है, इस प्रक्रिया का प्रवेश द्वार बन सकता है। 2016 में भारत–आसियान व्यापार 65 अरब डॉलर था, जो 2025 तक 123 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है। नए समझौतों के बाद इसमें उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है, विशेषकर सेमीकंडक्टर और डिजिटल क्षेत्र में। सेमीकंडक्टर उद्योग में मलेशिया के चार दशकों के अनुभव और मजबूत इकोसिस्टम का भारत को सीधा लाभ मिलेगा। भारत अपने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और चिप निर्माण को बढ़ावा दे रहा है; ऐसे में संयुक्त निवेश, तकनीकी साझेदारी और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग से भारत आयात निर्भरता घटेगी। मलेशिया को भी विशाल भारतीय बाजार और उत्पादन आधार का लाभ मिलेगा, यह परस्पर पूरकता का उदाहरण है। डिजिटल क्षेत्र में मलेशिया–इंडिया डिजिटल काउंसिल, यूपीआई और पेननेट के जुड़ाव से व्यापार, पर्यटन तथा निवेश में सहजता आएगी। भारत की फिनटेक तकनीक को विस्तार मिलेगा। रुपये–रिंगिट में लेन-देन की व्यवस्था डॉलर निर्भरता घटा सकती है। मलक्का जलडमरू मध्य और दक्षिण चीन सागर में चीन–ताइवान–अमेरिका तनाव के कारण समुद्री मार्ग संवेदनशील बने हुए हैं। ऐसे में भारत–मलेशिया समुद्री सहयोग का महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और सीमा-पार कट्टरपंथ पर समन्वय का निर्णय भी सुरक्षा सहयोग को नया आयाम देता है। मलेशिया ने अतीत में क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर संतुलित रुख अपनाया है, किंतु हाल के वर्षों में आतंकवाद विरोधी सहयोग में सक्रियता दिखाई है। मलेशिया में लगभग 29 लाख भारतीय रहते हैं, प्रवासी भारतीयों की तीसरी सबसे बड़ी संख्या, ऐसे में नया वाणिज्य दूतावास, तिरुवल्लुवर केंद्र और छात्रवृत्ति सांस्कृतिक कूटनीति को गहराई देंगे। सोशल सिक्योरिटी समझौता, मुफ्त ई-वीजा और यूपीआई का विस्तार भारतीय कामगारों और पर्यटकों के लिए राहतकारी कदम होंगे।

### प्रसंगवश

## फरवरी का महीना खत से सोशल मीडिया तक

फरवरी का महीना आते ही प्यार की ॠतु का आगमन हो जाता है। इस बसंत महीने में नवयुवकों और नवयुवतियों के मन में अलग तरह की अनुभूति होने लगती है। यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। इस उम्र में ऐसा होना बिल्कुल स्वाभाविक है। अक्सर इस समय सही और गलत समझने की शक्ति पूरी तरह विकसित नहीं होती, क्योंकि मन अनियंत्रित-सा इधर-उधर अपने संग-साथी की तलाश में भटकता रहता है।

आज का प्यार पहले की तुलना में कम टिकाऊ दिखाई देता है। ज़रा-सी गलतफ़हमी या गुस्सा आ जाए, तो आज के युवाओं में सब्र करने की शक्ति कम पड़ जाती है। रिश्ते में मेहनत और समझदारी दिखाने के बजाय वे तुरंत निर्णय ले लेते हैं। रिश्ते को खत्म कर आगे बढ़ जाना और कुछ ही दिनों में नए रिश्ते की तलाश शुरू कर देना आम हो गया है। आज के दौर में प्रेम कई बार छणिक-भंगुर सा महसूस होने लगा है। युवा बिना ठहराव के रिश्ते बदल देते हैं और गहरी समझ-बूझ की जगह लिव-इन रिलेशनशिप ने ले ली है। स्थायित्व, त्याग और प्रतीक्षा जैसी भावनाएं अब पहले जैसी दिखाई नहीं देतीं।




धनीश शर्मा
लेखक


फ़रवरी का महीना आरंभ होते ही युवाओं में नई उमंगें तैरने लगती हैं। इस महीने का इंतज़ार पहले से ही शुरू हो जाता है। मन के अंदर दबे अहसासों को बयां करने की हिम्मत मिलती है— कुछ कामयाब होते हैं, तो कुछ नाकाम। नब्बे के दशक में युवा अपने दिल की बात ख़त के ज़रिये पहुंचाते थे। वो खत किसी वफ़ादार दोस्त के हाथों आदान–प्रदान होते थे और जवाब के इंतज़ार में महीनों गुज़र जाते थे। अगर जवाब मिल जाए तो खुशी, वरना फिर अगले साल फ़रवरी आने तक इंतज़ार सिर्फ़ इंतज़ार। उस दौर में प्यार धीमी रफ़्तार वाला था। भावनाएं गहरी थीं और धैर्य सबसे बड़ी ताकत थी।

पहले प्यार पर बनने वाली फ़िल्में—लैला–मजनू, हीर–रांझा, सोनी–माहिवाल—जो कभी प्रेम की मिसाल मानी जाती थीं, वक़्त के साथ जैसे कहीं गुम हो गई हैं। उन कहानियों में त्याग, तपस्या और लंबे इंतज़ार की गहरी परतें थीं। वहीं आज की पीढ़ी तेज़ रफ़्तार, त्वरित जवाब और बिना संघर्ष वाली प्रेम कहानियों की आदी हो चुकी है। पुराने प्रेम की वह आत्मा अब परदे पर भी कम ही दिखाई देती है।

साल 2000 आते-आते बहुत कुछ बदल चुका था। मोबाइल का जमाना शुरू हो गया था और युवा अब अपनी दिल की बात ख़त में नहीं, बल्कि टेक्स्ट मैसेज में लिखने लगे थे। फ़रवरी का सफ़र अब कागज़ के पन्नों से निकलकर मोबाइल की स्क्रीन पर सीमित हो गया था। जो इंतज़ार पहले महीनों का होता था, वह अब मिनटों और घंटों में सिमट गया। भावनाओं की गहराई जैसी-की-तैसी रही, लेकिन अभिव्यक्ति का माध्यम तेज़ और सरल हो गया।

धीरे-धीरे मोबाइल का स्वरूप और तकनीक दोनों विकसित हुए। जहां युवा सिर्फ़ टेक्स्ट भेजकर 'हां' या 'न' का इंतज़ार करते थे, वहीं 2010 आते-आते वीडियो कॉलिंग का दौर शुरू हो गया। अब चेहरे के हावभाव, मुस्कान, झिझक और शर्म भी स्क्रीन पर दिखाई देने लगे। रिश्तों में एक नई नज़दीकी और एक नया अंदाज़ जन्म लेने लगा। कुछ लोग इस बदलाव से खुश हुए, तो कुछ को लगा कि भावनाओं की गंभीरता अब कम होने लगी है।

साल दर साल वक़्त बदलता गया, लेकिन फ़रवरी का महत्व वही रहा—उत्सुकता, उमंग, उम्मीद और थोड़ी-सी घबराहट वाला महीना। अब 2026 तक आते-आते वीडियो कॉलिंग से लेकर इंस्टाग्राम, स्नैपचैट और व्हाट्सऐप तक प्यार कई रंगों में बदल चुका है। अब स्टोरी, रील, स्टेटस और इमोज़ी भी प्रेम के संदेश बन गए हैं।

# वैश्विक व्यापार की धुरी बनता भारत






अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ


विश्व की कुल आबादी का करीब 17.7 प्रतिशत हिस्सा रखने वाला भारत आज 1.47 अरब मानव संसाधन के साथ दुनिया का अग्रणी व सर्वाधिक युवा शक्ति वाला देश है। भारत की लगभग 65 प्रतिशत से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। ये ऐसे युवा हैं, जिनके पास व्यापक विजन, दक्षता, उत्साह, अपने व राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने का जज्बा तो है ही, वैश्विक व्यापारिक समझ में भी किसी विकसित देश से कमतर नहीं हैं। भारत व यूरोपीय संघ के मध्य चाहें 'मदर आफ आल डील' को जमीन पर उतारना हो या संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के साथ सात फरवरी अर्थात शनिवार को हुआ द्विपक्षीय व्यापारिक समझौता... भारत ने वैश्विक बाजार में अपनी 'साख व धाक' बना ली है।

मानव संसाधन के परिप्रेक्ष्य में भारत महज एक देश नहीं, वरन एक बड़ा बाजार भी बन चुका है। उपभोक्ताओं का समंदर बन चुका भारत आज वैश्विक व्यापार की धुरी बन चुका है। यही कारण है कि दुनिया के विकसित देशों की निगाहें भारत पर टिक गई हैं। उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप के दो बड़े देशों कनाडा व यूएसए के अलावा दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के देशों अर्थात ब्राजील, अर्जेंटीना, चिली, मैक्सिको, क्यूबा व पैरागुए से भी भारत का आयात-निर्यात परवान चढ़ रहा है। यूरोपीय संघ के देशों यानी फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, स्पेन व इटली से भी व्यापारिक लेन-देन सुदृढ़ हो चला है।

अफ्रीकी महाद्वीप के कुछ देशों के साथ हमारी व्यापारिक गतिविधियां सकारात्मक दिशा की ओर तो बढ़ ही रही हैं, एशिया-ओसियाना के देशों में भी हमने अपनी व्यापारिक गतिविधियां बढ़ाई हैं। चीन व रूस के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार सतत आगे बढ़ रहा है। जापान, दक्षिण कोरिया के अलावा इंडोनेशिया, मलेशिया, आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड से भी आपसी व्यापार पटरी पर दौड़ रहा है।

विकसित, अर्द्धविकसित व विकासशील देशों की अनेकानेक वस्तुओं का आयात तो भारत कर ही रहा है, अपनी गुणवत्तापरक चीजों व आधारभूत संरचनाओं को उन्हें बड़े पैमाने पर निर्यात भी कर रहा है। उत्तम व्यापारिक समझ, मजबूत सेवा निर्यात व विदेशी पूंजी प्रवाह के कारण आज भारत का भुगतान संतुलन सही दिशा में है। हमारे पास 11 महीनों से अधिक के आयात के बराबर का मुद्रा भंडार है, जो छह माह के आदर्श से बेहतर है। हम 135.4 अरब अमेरिकी डॉलर के साथ विश्व का सबसे बड़ा प्रेषण प्राप्तकर्ता बन चुके हैं। यह हमारी बाह्य क्षेत्र को स्थिरता को दर्शा रहा है।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश व अन्य पूंजी प्रवाह में स्थिरता है, ये हमारी भुगतान संतुलन को मजबूत सहारा दे रहे हैं। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले प्रमुख देशों में सिंगापुर, मॉरीशस, अमेरिका, नीदरलैंड व जापान अग्रणी हैं। सिंगापुर व मॉरीशस तो भारत के लिए शीर्ष निवेशक आज भी बने हुए हैं। अंतरदेशीय या द्विपक्षीय व्यापार पारस्परिक लाभ, समानता, निष्पक्षता व राज्य के आर्थिक विकास के साधन पर निर्भर होता है। वैश्विक व्यापार आपसी समझ व साख को खास तरजीह देता है। व्यापारिक समझौते साझा विकास पर आधारित होने चाहिए, न कि एक पक्ष द्वारा दूसरे के शोषण पर। विभिन्न देशों के साथ व्यापार करते समय भारत को अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखना होगा।

दुनिया के बाजार में भारत को फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना चाहिए, वह चाहे यूएसए या ईयू के साथ व्यापारिक रिश्ते ही क्यूं न हों। भारत-ईयू के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते के तहत वर्ष 2031 तक 51 अरब डॉलर तक बढ़ने की संभावना है। शनिवार को यूएसए के साथ हुए अंतरिम व्यापारिक समझौते में भारतीय निर्यातकों, विशेष तौर पर एमएसएमई, किसानों व मछुआरों के लिए करीब 30 हजार अरब अमेरिकी डालर का बाजार खुलने की बात हो रही है। भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ अब 18 प्रतिशत रह जाने के बाद वहां निर्यात किए जाने वाली वस्तुओं के उत्पादकों को भारी राहत मिलेगी।

भारत के कुल निर्यात में यूएसए का का हिस्सा 18 प्रतिशत, जबकि आयात में 6.22 प्रतिशत है। वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 186 अरब डालर तक पहुंच गया है। भारत-अमेरिका के मध्य हुए व्यापारिक समझौते से भारत में किसानों व उद्यमियों के लिए नए अवसर खुलेंगे। भारत से यूएसए को निर्यात किए जाने वाले मसालों, फलों, सब्जियों के अलावा कृषि उत्पादों, रत्न-आभूषणों शुल्क रहित होंगे। भारत से करीब 13 अरब डालर के दवा निर्यात पर भी अमेरिका में कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा। दोनों देशों की डील में भारतीय किसानों की रक्षा के लिए गेहूं, चावल, चीनी व डेयरी उत्पादों को बाहर रखा गया है।

व्यापारिक समझौते से निर्यात ढांचे, निवेश आकर्षण के साथ रोजगार सृजन की दिशा को बल मिलेगा। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने यह समझा है कि भारत की अर्थव्यवस्था में निवेश की बहुत संभावनाएं हैं। इन देशों के लिए भारत का सबसे बड़ा आकर्षण इसका विशाल मध्यम वर्ग, बढ़ती खपत क्षमता और युवा आबादी है, जो आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, स्वास्थ्य, शिक्षा व डिजिटल सेवाओं की मांग को लगातार बढ़ा रही है।

विशाल उपभोक्ता बाजार, निवेश का भरोसेमंद ठिकाना व साख आधारित साझेदारी के कारण विकसित देशों की पसंद बन चुका है। वैश्विक व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में भारत को बेहद चौकन्ना भी रहना होगा। कौटिल्य ने अपनी कृति 'अर्थशास्त्र ' में लिखा है कि आपसी व्यापार में अत्यधिक विश्वास नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने अवसरों की विश्वसनीयता की जांच करने पर जोर देते हुए यह भी लिखा है कि समान लोगों के बीच ही प्रेम या स्नेह (संबंध) फलते-फूलते हैं।

> मानव संसाधन के परिप्रेक्ष्य में भारत महज एक देश नहीं वरन एक बड़ा बाजार भी है। भारत आज वैश्विक व्यापार की धुरी बन चुका है। यही कारण है कि दुनिया के विकसित देशों की निगाहें भारत पर टिक गई हैं।

### आमने सामने



राजस्थान में कांग्रेस सरकार के दौरान एक निर्दोष दर्जी की सरेआम हत्या कर दी गई थी। उस समय प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी। राजस्थान में जो भी हिंसा और लिंचिंग जैसी घटनाएं हुईं, वे कांग्रेस के शासनकाल में ही फली–फूलीं।

–निर्मला सीतारमण
केंद्रीय वित्तमंत्री

कन्हैयालाल हत्याकांड में राजस्थान पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए कुछ ही घंटों में हत्यारों को अरेस्ट किया था, फिर पुलिस से केस लेकर केंद्र सरकार ने जांच एनआईए को दे दी। 2022 से आज 2026 तक कन्हैयालाल का परिवार न्याय का इंतजार कर रहा है।

–अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



# दुनिया से हर साल कहां गुम जाते हैं 80 लाख लोग




अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार


हाल ही में दिल्ली में 807 लोगों के लापता होने की खबर छपी। इनमें 137 बच्चे और 63 फीसदी महिलाएं तथा लड़कियां शामिल हैं। यह कुल लापता लोगों का बड़ा हिस्सा है। बताया गया कि एक जनवरी से 27 जनवरी तक हर दिन औसतन 27 लोग गायब हुए। इन 807 मामलों में से केवल 235 लोगों का ही अभी तक पता लग सका है। वहीं 538 लोग अब भी लापता हैं, जिनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। इसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं लापता लोगों के परिवार भी पुलिस से सहयोग नहीं मिल पाने की शिकायत कर रहे हैं। दिल्ली की इन घटनाओं ने एक बार फिर लापता लोगों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। ऐसा नहीं है कि केवल दिल्ली से ही लोग लापता हुए हैं। भारत सहित पूरी दुनिया में हर साल लापता लोगों के मामले सामने आते हैं।

हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पूरी दुनिया में हर साल 80 लाख लोग लापता होते हैं, जिनमें से कुछ ही मिल पाते हैं। अधिकतर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाती। कुछ साल पहले मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी दुनिया भर में गायब होने वाले लोगों पर एक रिपोर्ट जारी करते हुए गहरी चिंता जताई थी। उसका कहना था कि दुनिया में अधिकतर लोगों को जबरन उठा लिया जाता है और उन्हें युद्ध सहित कई अनैतिक कामों में धकेल दिया जाता है। संगठन का कहना है कि सीरिया में साल 2011 से लेकर अब तक लगभग 82,000 लोगों को जबरन गायब कर दिया गया है। इनमें से अधिकांश लोग सशस्त्र विपक्षी समूहों और खुद को इस्लामिक स्टेट कहने वाले सशस्त्र समूह द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद लापता हो गए हैं। वहीं श्रीलंका में 1980 से लेकर अब तक करीब 60,000 से अधिक लोग गायब हो गए हैं।

अगर इतिहास की बात करें तो अर्जेंटीना में बीसवीं शताब्दी में सामूहिक रूप से लोगों के जबरन गायब किए जाने का सबसे प्रसिद्ध उदाहरण अंतिम तानाशाही थी। 1976-1983 के बीच दक्षिण अमेरिकी देश में सैन्य शासन के दौरान सुरक्षा बलों ने लगभग 30,000 लोगों का अपहरण किया, जिनमें से कई का अभी भी कोई सुराग नहीं लगा है। इस दौरान व्यापक और व्यवस्थित रूप से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ, जिसमें बड़े पैमाने पर यातनाएं और गैर-न्यायिक हत्याएं शामिल थीं। इनमें कुख्यात मौत की उड़ानें भी शामिल थीं, जिनमें पीड़ितों को सैन्य विमानों या हेलीकॉप्टरों से गिराकर मार डाला गया था। दुनिया भर में कई संगठन लंबे समय से गायब होने वाले लोगों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, हालांकि अधिकतर मामलों में ज्यादा कुछ सफलता नहीं मिल पाई है। इतना जरूर है कि कुछ मामलों में जिम्मेदारों को दोषी ठहराने के लिए अभियान चलाया गया। इसके बाद कुछ दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने में सफलता मिली।

असल में जबरन गुम किए जाने के शिकार वे लोग होते हैं, जो सचमुच गायब हो जाते हैं। वे तब लापता हो जाते हैं, जब उन्हें सड़क या उनके घरों से उठा लिया जाता है। अधिकतर मामलों में इनकी गुमशुदगी से इनकार किया जाता है या यह बताने से मना कर दिया जाता है कि वे कहां हैं। कभी-कभी ये गुमशुदगी सशस्त्र गैर-सरकारी तत्वों जैसे सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती है। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत यह एक अपराध है। इन लोगों को अक्सर रिहा नहीं किया जाता और उनका क्या हुआ, यह भी अनिश्चित रहता है।

बताया जाता है कि इन लापता लोगों को गलत कामों में धकेल दिया जाता है। लड़कियों को वेश्यावृत्ति में भेज दिया जाता है। बच्चों को चाइल्ड ट्रैफिकिंग में फंसा दिया जाता है। इन लापता लोगों को अक्सर यातनाएं दी जाती हैं। इनमें से कई मारे जाते हैं या फिर मारे जाने के भय में जीते हैं। वे जानते हैं कि उनके परिवार को पता नहीं है कि वे कहां हैं और उनकी मदद की संभावना बहुत कम है। भले ही वे मौत से बच जाएं और रिहा हो जाएं, लेकिन शारीरिक और मानसिक घाव उनके साथ रह जाते हैं।

मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि जबरन गुमशुदगी एक वैश्विक मुद्दा है। दुनिया के कई देशों में ऐसे लोगों का इस्तेमाल अक्सर समाज में आतंक फैलाने की रणनीति के रूप में किया जाता है। इससे उत्पन्न असुरक्षा और भय की भावना केवल गुमशुदगी के करीबी रिश्तेदारों तक ही सीमित नहीं रहती, बल्कि समुदायों और पूरे समाज को प्रभावित करती है। कभी सैन्य तानाशाहों द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की जाने वाली ये गुमशुदगियां अब दुनिया के हर क्षेत्र में और विभिन्न परिस्थितियों में घटित होती हैं। ये आमतौर पर आंतरिक संघर्षों में विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को दबाने की कोशिश कर रही सरकारों या सशस्त्र विपक्षी समूहों द्वारा की जाती हैं। लापता लोगों के परिवार और मित्र मानसिक पीड़ा से जूझते हैं। उन्हें यह नहीं पता होता कि उनका बेटा या बेटी, मां या पिता जीवित हैं या नहीं। उन्हें यह भी नहीं पता होता कि उन्हें कहां रखा गया है या उनके साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है।

> भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लापता लोगों के मामले सामने आते रहे हैं। हर साल पूरी दुनिया में 80 लाख लोग लापता होते हैं, अधिकतर के बारे में सुराग ही नहीं मिल पाता।

### सोशल फोरम

## "...अब आप देवकी नंदन पांडेय से समाचार सुनिए"

छोटा कुर्ता, खुला पायजामा, पांव में कोल्हापुरी, यदा कदा मुंह में बीड़ी, लंबे बिखरे बाल। यह सब एक बाहरी व्यक्तित्व हैं। किंतु जब उनकी जुबां खुलती, "यह आकाशवाणी है, अब आप देवकी नंदन पांडेय से समाचार सुनिए"...। खनकदार आवाज, उसमें अजब सा भारीपन, स्पष्ट उच्चारण, हर शब्द का असल असर। पांडेय साहब भारत के सबसे अधिक सुने जाने वाले समाचार वाचक थे।




ललित शर्मा
ब्लॉगर


21 मार्च 1948 से शुरू हुआ उनका समाचार वाचक का करियर 1983 तक चला। पेशे से रंगकर्मी, लेखक, उद्घोषक कानपुर में जन्मे पांडेय साहब देश की आवाज नाम से जाने जाते थे। मौलाना आजाद, लियाकत अली, लाल बहादुर शास्त्री, जवाहर लाल नेहरू, संजय गांधी के मृत्यु समाचार उन्होंने ही पढ़े। ऑल इंडिया रेडियो में कार्यरत पांडेय साहब का दूरदर्शन में भी काफी दखल रहा।

इन्होंने राष्ट्र को भाषा क्या है, के विषय में बताया। सही उच्चारण, कॉमा, पूर्ण विराम, पॉज केवल लिखने के लिए नहीं बोलने में भी महत्वपूर्ण है, बताया। उन्होंने भाषा के लिए नए मानक तय किए।

कहा जाता है कि सुबह आठ बजे जब उनका बुलेटिन शुरू होता था, तो लोग अपनी घड़ियां मिलाते थे। उनकी पाबंदी और उच्चारण (Pronunciation) इतना सटीक था कि उसमें एक सेकंड या एक मात्रा की भी गलती की गुंजाइश नहीं होती थी।

वे इतने विश्वसनीय थे कि संजय गांधी के निधन (1980) के समय, देवकी नंदन पांडेय जी रिटायर हो चुके थे, लेकिन प्रशासन ने विशेष रूप से उन्हें घर से बुल्वाया, क्योंकि उनका मानना था कि इतनी बड़ी और दुखद खबर अगर पांडे जी की भारी आवाज़ में नहीं जाएगी, तो शायद लोगों को यकीन नहीं होगा। आज की तेज़-तर्रार मीडिया के दौर में, देवकी नंदन पांडे की वो 'ठहरी हुई' और 'दमदार' आवाज़ एक सुनहरी याद बनकर रह गई है।

आज के जमाने में समाचार वाचक का कोई खास महत्व नहीं है। समाचार वाचक, एक संदेश वाहक मात्र है। उसका अपना ओपिनियन उसके चेहरे पर नजर नहीं आना चाहिए, आवाज में झलकना नहीं चाहिए। इस युग में अब इसका कोई महत्व नहीं। न्यूज रीडर ही न्यूज बना रहा है, वही हैंडल कर रहा है। न भाषाई शुद्धता है और न ही व्यवहारिक आचरण। युवक आज यही सीख भी रहा है।

–फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## नर्सरी से कॉलेज तक दाखिले की युद्धभूमि

आज शिक्षा का अर्थ सीखना नहीं, बल्कि साबित करना हो गया है। साबित करना कि बच्चा बेहतर है, तेज़ है, दूसरों से आगे है और यह साबित करने की ज़िम्मेदारी बच्चे से ज़्यादा उसके माता-पिता के कंधों पर डाल दी गई है। नतीजा यह है कि नर्सरी से लेकर विश्वविद्यालय तक, 'दाख़िला' अब एक सामान्य प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानसिक, आर्थिक और सामाजिक तनाव का कारण बन चुका है।

दाख़िले की इस दौड़ में सबसे पहले निशाने पर आता है मासूम बच्चा। वह उम्र, जब खेलना, कल्पना करना और सवाल पूछना चाहिए, उसी उम्र में उसे फ़ॉर्म, इंटरव्यू, टेस्ट और रैंक के बोझ तले दबा दिया जाता है। नर्सरी एडमिशन के नाम पर माता-पिता छुट्टियां लेते हैं, स्कूल-दर-स्कूल भटकते हैं, सिफ़ारिशें ढूंढते हैं और कई बार आत्मसम्मान तक गिरवी रख देते हैं। यह सब इसलिए नहीं कि बच्चा सीख सके, बल्कि इसलिए कि वह 'अच्छे स्कूल' का टैग हासिल कर सके।




डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक


आज शिक्षा संस्थान ज्ञान के मंदिर कम और प्रतिस्पर्धी बाज़ार ज़्यादा बनते जा रहे हैं। अख़बारों में 'मिशन एडमिशन' जैसे शब्द आम हो चुके हैं। टीवी चैनलों पर दाख़िले को लेकर बहसें होती हैं, कोचिंग संस्थान भविष्य की गारंटी बेचते हैं और स्कूल-कॉलेज अपनी ब्रांड वैल्यू चमकाने में लगे रहते हैं। इस पूरे तंत्र में बच्चा एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक प्रोजेक्ट बन जाता है, जिसे हर हाल में सफल दिखाना ज़रूरी है।

कभी 60–65 प्रतिशत अंक लाना सम्मान की बात हुआ करती थी। सेकंड डिविज़न जीवन की हार नहीं मानी जाती थी। आज हालात यह हैं कि 90 प्रतिशत से नीचे अंक लाने वाला बच्चा और उसके माता-पिता अपराधबोध में जीते हैं। 95–96 प्रतिशत अंक लाने वालों को भी चैन नहीं है, क्योंकि कट-ऑफ़ हर साल नई ऊंचाई छू रहा है। ऐसा लगता है मानो अंकों की इस दौड़ का कोई अंत ही नहीं।

यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब ज़्यादातर बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर अंक ला रहे हैं, तो क्या वास्तव में सब असाधारण प्रतिभाशाली हैं? या फिर मूल्यांकन प्रणाली ही अपना संतुलन खो चुकी है? शिक्षा का उद्देश्य समझ विकसित करना था, लेकिन वह अब अंकों और रैंक के गणित में सिमट कर रह गया है। ज्ञान से ज़्यादा प्रदर्शन मायने रखता है, और प्रदर्शन से ज़्यादा उसका प्रचार।

इस पूरी प्रक्रिया का सबसे भयावह पहलू है बच्चों पर पड़ने वाला मानसिक दबाव। परीक्षा, इंटरव्यू और चयन की अनिश्चितता बच्चे के भीतर डर और असुरक्षा पैदा करती है। असफलता की स्थिति में पहला सवाल यही होता है— "अब क्या होगा?" यह सवाल सिर्फ़ भविष्य का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का भी होता है। बच्चा यह मानने लगता है कि उसकी असफलता उसके माता-पिता की हार है। यह भाव उसके आत्मविश्वास को गहरे तक चोट पहुंचाता है।

विडंबना यह है कि माता-पिता भी इस दबाव के शिकार हैं। समाज ने उनके सामने सफलता की एक संकीर्ण परिभाषा रख दी है- टॉप स्कूल, टॉप कॉलेज और टॉप करियर। वे यह सोचने से डरते हैं कि अगर उनका बच्चा इस तय ढांचे में फिट नहीं हुआ, तो लोग क्या कहेंगे। परिणामस्वरूप वे बच्चे की रुचि, क्षमता और स्वभाव को नज़रअंदाज़ कर देते हैं।

शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त असमानता इस समस्या को और गंभीर बना देती है। जिनके पास संसाधन हैं, वे महंगी कोचिंग, प्राइवेट स्कूल और मैनेजमेंट कोटा खरीद सकते हैं, लेकिन मध्यम और निम्न वर्ग के बच्चों के लिए यह दौड़ कहीं ज़्यादा कठिन है। योग्यता के बावजूद अवसर न मिलना, व्यवस्था पर से भरोसा तोड़ देता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



हिन्दू पंचांग के अनुसार, महाशिवरात्रि हर साल फाल्गुन माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष यह पावन पर्व 15 फरवरी रविवार को है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह पावन पर्व भगवान शिवजी को समर्पित है। इस दिन भगवान शिव के भक्त उनकी कृपा पाने के लिए उनकी विधि-विधान के साथ पूजा आराधना करते हैं। इस दिन रात्रि पूजन भी किया जाता है, लेकिन इससे महत्वपूर्ण चार पहर की पूजा होती है। मान्यता है कि चार पहर की पूजा करने से व्यक्ति जीवन के पापों से मुक्त हो जाता है तथा धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि के दिन चार पहर की पूजा संध्या काल से शुरू होकर अगले दिन ब्रह्म मुहूर्त तक की जाती है। सामान्य गृहस्थ को महाशिवरात्रि के दिन शुभ और मनोकामना पूर्ति के लिए सुबह और संध्या काल में शिव की आराधना करनी चाहिए।



पं. मनोज कुमार द्विवेदी
आध्यात्मिक लेखक, ज्योतिषाचार्य

# महाशिवरात्रि

## देवों के देव महादेव की आराधना का पर्व

### समग्रता के प्रतीक शिव

भगवान शिव का व्यक्तित्व एवं स्वरूप समग्रता का प्रतीक है यह उनके जीवन का वह दर्शन प्रदान करता है, जो मनुष्य को उसके व्यक्तित्व के उच्चतम शिखर तक ले जाता है। भगवान शिव का यह चरित्र मानवीय जीवन के उच्चतम आदर्शों की पराकाष्ठा है। महादेव गृहस्थ भी हैं और वीतरागी आदियोगी भी, उनका यह गुण संदेश देता है कि योग के मार्ग पर चलने के लिए ईश्वर की भक्ति के लिए संसार त्याग आवश्यक नहीं है। त्याग तो स्वयं की दुष्प्रवृत्तियों का, आसक्ति व अहंकार का करना चाहिए ताकि अंतःकरण को योग के अनुकूल बनाया जा सके। कैलाशवासी भगवान शिव एक ओर तो परम पवित्र हिमालय में तपस्या में लीन रहते हैं, तो दूसरी ओर भूतगणों के साथ श्मशान में निवास करते भी माने जाते हैं। इसका व्यावहारिक आशय यह है कि पवित्र और श्रेष्ठ के संपर्क में रहना श्रेयकर है, किंतु घृणित और पापी किसी को नहीं समझा जाना चाहिए। सब परमात्मा की ही संतान हैं एवं वे स्वयं सबको बराबर स्नेह करते हैं। शिव यहां सम्यक दृष्टि व मैत्री की शिक्षा देते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन शिवजी पहली बार प्रकट हुए थे। शिव का प्राकट्य ज्योतिर्लिंग यानी अग्नि के शिवलिंग के रूप में था। ऐसा शिवलिंग जिसका न तो आदि था और न अंत। बताया जाता है कि शिवलिंग का पता लगाने के लिए ब्रह्माजी हंस के रूप में शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग को देखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। वह शिवलिंग के सबसे ऊपरी भाग तक पहुंच ही नहीं पाए। दूसरी ओर भगवान विष्णु भी वराह का रूप लेकर शिवलिंग के आधार ढूंढ रहे थे, लेकिन उन्हें भी आधार नहीं मिला।

### शिव और शक्ति मिलन

महाशिवरात्रि को पूरी रात शिवभक्त अपने आराध्य के लिए जागरण करते हैं। शिवभक्त इस दिन शिवजी की शादी का उत्सव मनाते हैं। मान्यता है कि महाशिवरात्रि को शिवजी के साथ शक्ति की शादी हुई थी। इसी दिन शिवजी ने वैराग्य जीवन छोड़कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया था। शिव जो वैरागी थे, वह गृहस्थ बन गए। माना जाता है कि शिवरात्रि के 15 दिन पश्चात होली का त्योहार मनाने के पीछे एक कारण यह भी है। इसलिए महाशिवरात्रि हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों एवं भगवान शिव के उपासकों का एक मुख्य त्योहार है। मान्यता यह भी है कि इस दिन भगवान शिव की सेवा में दान-पुण्य करने व शिव उपासना से उपासक को मोक्ष मिलता है। शिवरात्रि के पर्व पर जागरण का विशेष महत्व है। पौराणिक कथा है कि एक बार पार्वतीजी ने भगवान शिवशंकर से पूछा, 'ऐसा कौन-सा श्रेष्ठ तथा सरल व्रत-पूजन है, जिससे मृत्युलोक के प्राणी आपकी कृपा सहज ही प्राप्त कर लेते हैं?' उत्तर में शिवजी ने पार्वती को 'महाशिवरात्रि' के व्रत का उपाय बताया। चतुर्दशी तिथि के स्वामी शिव हैं। अतः ज्योतिष शास्त्रों में इसे परम शुभफलदायी कहा गया है। वैसे तो शिवरात्रि हर महीने में आती है, परंतु फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को ही महाशिवरात्रि कहा गया है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार सूर्य देव भी इस समय तक उत्तरायण में आ चुके होते हैं तथा ऋतु परिवर्तन का यह समय अत्यंत शुभ कहा गया है।

### पूजा से शांत होते हैं कुंडली के दोष

महाशिवरात्रि में शिवलिंग की पूजा करने से जन्मकुंडली के नवग्रह दोष तो शांत होते हैं विशेष करके चंद्रजनित दोष जैसे मानसिक अशान्ति, मां के सुख और स्वास्थ्य में कमी, मित्रों से संबंध, मकान-वाहन के सुख में विलम्ब, हृदयरोग, नेत्र विकार, चर्म-कुष्ट रोग, नजला-जुकाम, स्वांस रोग, कफ-निमोनिया संबंधी रोगों से मुक्ति मिलती है और समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ती है। सुहागिन महिलाओं को इसदिन मां पार्वती को श्रृंगार हेतु मेंहदी चढ़ानी चाहिए और पुरुषों को पंचामृत, दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से स्नान कराकर बेलपत्र पर अष्टगंध, कुमकुम अथवा चंदन से राम-राम लिखकर 'ॐ नमः शिवाय करालं महाकाल कालं कृपालं ॐ नमः शिवाय'



कहते हुए शिवलिंग पर अर्पित करना चाहिए। साथ ही भांग, धतूरा और मंदार पुष्प तथा गंगाजल भी अर्पित हुए काल हरो हर, कष्ट हरो हर, दुःख हरो, दारिद्र्य हरो, नमामि शंकर भजामि शंकर शंकर शंभो तव शरणं। मंत्र से प्रार्थना करनी चाहिए।

## समस्त सृष्टि के स्वामी शिव



अशोक सूरी
आध्यात्मिक लेखक

देवों के देव महादेव, भूतभावन, व्योमकेष, जीवों का परम कल्याण करने वाले भगवान आषुतोश भोले भंडारी के परम उत्सव पर अपनी लेखनी को पवित्र करने का लेख संवरण नहीं कर पा रहा हूं। शिवरात्रि हिन्दुओं के सबसे पवित्र त्योहारों मे से एक है। शिव ही समस्त सृष्टि के स्वामी हैं। भूतभावन भगवान शंकर ही इस चराचर जगत के समस्त प्राणियों (मनुश्य, पशु, पक्षी, देव, दानव) को इस धरा पर अस्तित्व प्रदान करते हैं। वे ही आदि हैं और वे ही अंत हैं। भूत का तात्पर्य केवल भूत-प्रेत आत्माओं से नहीं है, बल्कि भूत का मूल अर्थ, जो इस धरा पर उत्पन्न हुआ है, अर्थात पंचभूत से बना हर जीव भूत है। भावनः का तात्पर्य है-इनका पालन करने वाला एवं इनका कल्याण करने वाला।



बाबा विश्वनाथ के इस पर्व को मनाने के पीछे कई कथाएं प्रचलित हैं। शिव पुराण में महाशिवरात्रि का विस्तार से वर्णन किया गया है। शिव पुराण के रुद्र संहिता (पार्वती खंड) में भगवान शिव के पार्वती से विवाह उत्सव का वर्णन मिलता है। बसंत पंचमी के बाद आने वाला यह पर्व प्रकृति के अत्यंत सुंदर मनभावन स्वरूप के समय मनाया जाता है। यहां शिव को चेतना एवं शक्ति को ऊर्जा (शक्ति) के योग का उत्सव भी माना जाता है। शिवरात्रि में आध्यात्मिक रूप यदि देखा जाए तो शिव का अर्थ है-कल्याण और रात्रि का अर्थ है विश्राम अथवा अंधकार। महाशिवरात्रि का यह पर्व अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर आत्मज्ञान के प्रकाश की और बढ़ने के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है।

महाशिवरात्रि को मनाने के पीछे दूसरी पौराणिक गाथा का वर्णन समुद्र मंथन और विशपान से जुड़ा है। समुद्र मंथन के समय जब हलाहल नामक विष समुद्र से निकला, तो उसे ग्रहण करने को सुर-असुरों में से कोई भी तैयार नहीं हुआ, ऐसे समय में भगवान शिव ने इस हलाहल को पीकर अपना नाम नीलकंठ चरितार्थ किया। इसी उपकार के कारण भी आभार स्वरूप भक्त लोग इस व्रत को रखते हैं और शिवरात्रि का पर्व मनाते हैं। महाशिवरात्रि को उपवास रखने का नियम है, जिसका तात्पर्य है, हमें अपनी इन्द्रियों पर संयम रखना चाहिए। रात्रि जागरण करके हम अज्ञान से जागरण की शिक्षा प्राप्त करते हैं। बेल पत्र को शिवलिंग पर अर्पण करने का तात्पर्य त्रिगुणों पर विजय है।

पौराणिक कथा

## विधि का लेख



एक बार भगवान विष्णु गरुड़ पर आरूढ़ होकर कैलाश पर्वत पहुंचे। द्वार पर गरुड़ को छोड़कर वे स्वयं महादेव से मिलने भीतर चले गए। गरुड़ बाहर खड़े कैलाश की अलौकिक प्राकृतिक शोभा को निहार रहे थे। हिमशिखरों की दिव्यता, मंद समीर और दिव्य शांति उन्हें मंत्रमुग्ध कर रही थी। तभी उनकी दृष्टि एक अत्यंत सुंदर, नन्हीं-सी चिड़िया पर पड़ी। वह इतनी कोमल और आकर्षक थी कि गरुड़ का मन अनायास ही उसी में उलझ गया। उसी क्षण यमराज कैलाश पधारे। भीतर जाने से पहले उन्होंने उस चिड़िया को एक गहरी और आश्चर्यपूर्ण दृष्टि से देखा।

गरुड़ यह संकेत समझ गए। उन्हें आभास हो गया कि उस चिड़िया की मृत्यु निकट है और यमराज कैलाश से लौटते समय उसे अपने साथ ले जाएंगे। करुणा से भरकर गरुड़ का हृदय द्रवित हो उठा। वे इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरते हुए नहीं देख सके। उन्होंने उसे अपने पंजों में सहेजा और कैलाश से हजारों कोस दूर एक निर्जन वन में, एक ऊंची चट्टान पर सुरक्षित छोड़ दिया। इसके बाद वे पुनः कैलाश लौट आए। जब यमराज बाहर आए, तो गरुड़ ने विनम्रतापूर्वक पूछा-"प्रभु, आपने उस छोटी-सी चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी दृष्टि से क्यों देखा था?"

यमराज बोले- "गरुड़, जब मैंने उस चिड़िया को देखा, तब मुझे ज्ञात हुआ कि कुछ ही क्षणों बाद वह यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा निगल ली जाएगी। मैं इसी बात पर विचार कर रहा था कि वह इतनी अल्प अवधि में इतनी दूर कैसे पहुंचेगी? पर अब वह यहां नहीं है, तो निश्चय ही उसका अंत हो चुका होगा।" यह सुनकर गरुड़ को सत्य का बोध हो गया। वे समझ गए कि मृत्यु को टाला नहीं जा सकता, चाहे कितनी ही चतुराई क्यों न कर ली जाए। इसीलिए परमात्मा कहते हैं-"तू करता वही है, जो तू चाहता है, पर होता वही है, जो मैं चाहता हूं। तू वही कर, जो मैं चाहता हूं- फिर होगा वही, जो तू चाहेगा।"

## सोमनाथ और घटता-बढ़ता चंद्रमा

चंद्रमा बहुत सुंदर था। उसकी सुंदरता के चर्चे सर्वत्र होते थे। चंद्रमा की सुंदरता पर मोहित होकर दक्ष प्रजापति की सत्ताइस पुत्रियों ने उससे विवाह कर लिया था। कुछ दिन हंसी-खुशी में व्यतीत हुए फिर चन्द्रमा रोहिणी को छोड़कर शेष पत्नियों से नाराज रहने लगा। एक दिन तो उसने हद ही कर दी। रोहिणी को छोड़कर शेष पत्नियों को उसने महल से निकाल दिया। अपमानित दक्ष पुत्रियों ने मायके जाकर अपने पिता दक्ष प्रजापति से रो-रोकर अपनी व्यथा सुनाई। दक्ष ने चन्द्रमा को बुलाकर समझाया पर चन्द्रमा नहीं माना। उसने दक्ष प्रजापति को उल्टे बहुत भला-बुरा कहा। इस पर दक्ष प्रजापति को गुस्सा आ गया। उन्होंने चन्द्रमा को शाप दे दिया- 'तुम्हें अपने रूप-सौंदर्य का बड़ा गर्व है, जा तुझे क्षय रोग हो जाएगा। तू- कांतिहीन हो जाएगा। दक्ष के शाप से छुटकारे के लिए चन्द्रमा ने भोले शंकर भगवान शिव की कठोर तपस्या की। शिव प्रसन्न हुए और चन्द्रमा से वर मांगने को कहा। चन्द्रमा ने शिव को सारी घटना बताई और श्राप से मुक्त होने का वर मांगा। शिव बोले- वत्स, मैं दक्ष के श्राप को समाप्त तो नहीं करूंगा, पर उसे कम करके लगभग निष्प्रभावी कर दूंगा। अब महीने के पहले पन्द्रह दिन तुम दक्ष के श्राप से क्षय रोग से ग्रसित रहोगे, प्रतिदिन घटते रहोगे। पर शेष 15 दिन तुम दक्ष के श्राप से मुक्त होकर तुम कांतिवान होकर बढ़ते रहोगे। दक्ष के श्राप से तुम अमावस्या को क्षय रोग से पूर्णतः ग्रसित होगे, जबकि पूर्णिमा को पूर्ण रूप से मुक्त होकर तुम विश्व को मोहित करोगे। तुम्हारी 27 पत्नियों के नाम अब तुम्हारे साथ जुड़कर अमर हो जाएंगे। ये सभी नक्षत्र मंडल में होंगी।



तब से चन्द्रमा क्षय रोग से ग्रसित हो गया। दक्ष के श्राप के कारण वह प्रत्येक मास पहले पक्ष में पहले क्षय रोग के कारण धीरे-धीरे घटता रहता है और अमावस्या को लोप हो जाता है। इसे कृष्ण पक्ष कहते हैं। शिव के वरदान के कारण अमावस्या के बाद चन्द्रमा क्षय रोग से धीरे-धीरे मुक्त होता रहता है और पूर्णिमा को पूर्ण मुक्त हो जाता है। इसे शुक्ल पक्ष कहते हैं। पूर्णिमा के चांद की सुंदरता की तुलना सदियों से मनुष्यों द्वारा की जाती रही है। कहते हैं कि गुजरात के प्रभाष पाटन क्षेत्र में जहां चन्द्रमा ने भगवान शिव की पूजा की थी, वहां उसने महादेव शिव का भव्य मंदिर बनवाया था, जो सोमनाथ मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। आज भी प्रभाष क्षेत्र (गुजरात) में सोमनाथ का मंदिर हैं, जहां लाखों लोग भगवान शिव के दर्शन को जाते हैं। यहां पर पिंड दान भी किया जाता है और महाशिवरात्रि, भादौ, कार्तिक तथा चैत्र के महीने में मेला भी लगता है।



शिवचरण चौहान
लेखक

बोधकथा

## विवेक और उदारता

विनीता संस्कारों की छाया में पली-बढ़ी एक सुलझी हुई बेटी थी। उसका स्वभाव उतना ही विनम्र था जितना उसका नाम। बड़ों का आदर, सेवा-भाव और अनुशासित जीवन उसकी दिनचर्या का हिस्सा थे। पढ़ाई के साथ-साथ वह दूसरों के काम आने को भी अपना कर्तव्य मानती थी। इसी सहजता और सरलता के कारण वह जहां जाती, लोगों के मन में जगह बना लेती। भाग्य ने उसे ऐसे परिवार की बहू बना दिया, जहां धन तो बहुत था, पर दान और करुणा का अभाव था। उस घर में संपत्ति को केवल भोगने और बढ़ाने की सोच थी, बांटने की नहीं। धर्म और पुण्य की बातें वहां केवल शब्द बनकर रह गई थीं। एक दिन घर के द्वार पर एक वृद्ध आया, कमज़ोर, भूखा और बेसहारा। विनीता ने उसे देखा और जो घर में उपलब्ध था, वही उसे दे दिया, सूखी, बासी रोटी। वृद्ध ने उसे हाथ में लेकर कहा- "बेटी, यह मुझसे नहीं खाई जाएगी।" विनीता ने बिना किसी कटुता के उत्तर दिया- "बाबा, इस घर में ऐसा ही भोजन होता है।"

वहीं खड़े उसके श्वसुर यह सुनकर चौंक पड़े। वे बहू के व्यवहार से सदा प्रसन्न रहते थे। उन्होंने पूछा- "बेटी, तुम ऐसा क्यों कह रही हो?" विनीता ने शांत स्वर में कहा- "पिताजी, मैंने इस घर में यही देखा है कि जो धन पूर्व पुण्य से मिला है, उसे केवल संजोया और भोगा जाता है। दान, सेवा और धर्म का आचरण यहां दिखाई नहीं देता।" उसके शब्दों ने श्वसुर के मन को झकझोर दिया।



उन्हें पहली बार अपनी भूल स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उसी क्षण उन्होंने बहू को उचित कार्य करने की अनुमति दी। विनीता ने तुरंत उस वृद्ध को सम्मानपूर्वक अच्छा भोजन कराया, उससे स्नेह से बातें कीं और उसके जीवन के बारे में जाना। उसे सच्चरित्र पाकर घर के पास ही रहने की व्यवस्था कर दी। कुछ समय बाद वृद्ध बीमार पड़ा। अल्प समय में ही, ईश्वर का स्मरण करते हुए, आत्मा की शुद्धता का चिंतन करते हुए, सबके प्रति क्षमाभाव रखकर वह शांतिपूर्वक इस संसार से विदा हो गया। उसका जीवन एक मौन संदेश छोड़ गया- धन की कमी मनुष्य को केवल परेशान करती है, पर धन की अधिकता यदि विवेक से रहित हो जाए, तो वही धन मनुष्य को अहंकार, विलास और निर्दयता की ओर ले जाकर उसके पतन का कारण बन जाता है।

## आधुनिक युग में माता सीता की प्रासंगिकता और नारी सम्मान

भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक चेतना में माता सीता केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण, धैर्य, करुणा, असीम पवित्रता और नारी मर्यादा की ऐसी जीवंत प्रतिमूर्ति हैं, जो युगों-युगों से नारी शक्ति को परिभाषित करती आई हैं। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी ही कठिन क्यों न हों, यदि मन में धर्म, संयम और आत्मविश्वास अडिग हो, तो जीवन की हर अग्निपरीक्षा सार्थक बन जाती है। माता सीता का व्यक्तित्व स्त्री चेतना का वह स्वरूप प्रस्तुत करता है, जिसमें सौम्यता के साथ अडिग शक्ति का संतुलन दिखाई देता है।



श्वेता गोयल
लेखिका

माता सीता के प्राकट्य की कथा भारतीय परंपरा की सबसे दिव्य और अर्थपूर्ण कथाओं में से एक है। रामायण के अनुसार मिथिला में एक समय भयंकर अकाल पड़ा था। ऋषियों के परामर्श पर मिथिला के राजा जनक ने स्वयं हल चलाने का संकल्प लिया, जिससे धरती माता प्रसन्न हों और वर्षा हो। जब राजा जनक खेत जोत रहे थे, तब हल का अग्र भाग, जिसे 'सीत' कहा जाता है, धरती में गड़े एक स्वर्ण कलश से टकराया। उस कलश से एक दिव्य, तेजस्वी और अनुपम सौंदर्य से युक्त कन्या प्रकट हुई। निःसंतान राजा जनक ने उसे ईश्वर का प्रसाद मानकर स्वीकार किया। हल के अग्र भाग से उत्पन्न होने के कारण उनका नाम सीता पड़ा, राजा जनक की पुत्री होने के कारण वे जानकी कहलाईं और धरती से जन्म लेने के कारण भूमिजा। इस प्रकार माता सीता का जन्म स्वयं प्रकृति और धर्म के पवित्र मिलन का प्रतीक बन गया।

माता सीता का संपूर्ण जीवन त्याग, सहनशीलता और आत्मबल की जीवंत मिसाल है। राजमहल की सुख-सुविधाओं को छोड़कर वनवास स्वीकार करना, अपहरण, अकेलापन, लोकापवाद और कठोर परीक्षाओं को सहन करना-इन सबके बावजूद उन्होंने अपने चरित्र, आत्मसम्मान और धर्म से कभी समझौता नहीं किया। वे केवल भगवान राम की अर्धांगिनी नहीं थीं, बल्कि उनके धर्मपथ की सहचरी और नैतिक शक्ति भी थीं। उनका जीवन यह दर्शाता है कि नारी शक्ति मौन सहनशीलता नहीं, बल्कि मूल्यों के प्रति अडिग प्रतिबद्धता है।

माता सीता को आदर्श पत्नी, पुत्री और स्त्री के रूप में देखा जाता है, लेकिन उनकी भूमिका इन पारंपरिक सीमाओं से कहीं आगे जाती है। वे संबंधों में समर्पण के साथ आत्मसम्मान का संतुलन स्थापित करती हैं। उनका आचरण यह सिखाता है कि प्रेम में भी स्वाभिमान आवश्यक है और त्याग का अर्थ आत्मविस्मरण नहीं होता। यही कारण है कि माता सीता आज भी पारिवारिक जीवन, सामाजिक संरचना और नैतिक मूल्यों की आधारशिला मानी जाती हैं।



भारतीय परंपरा में माता सीता को लक्ष्मी स्वरूप भी माना गया है-सुख, समृद्धि और स्थायित्व का प्रतीक। उनके व्यक्तित्व में बाहरी वैभव से अधिक आंतरिक समृद्धि का महत्व दिखाई देता है। यही संदेश आज के उपभोक्तावादी और भौतिकतावादी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। स्त्री को केवल सहनशील या त्यागमूर्ति के रूप में नहीं, बल्कि सृजन, संतुलन और सामाजिक शक्ति के केंद्र के रूप में देखने की दृष्टि माता सीता के जीवन से ही विकसित होती है।

आधुनिक जीवन की भागदौड़, मानसिक तनाव और रिश्तों में बढ़ती जटिलताओं के बीच माता सीता का जीवन आत्मचिंतन की प्रेरणा देता है। वे सिखाती हैं कि धैर्य कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी शक्ति है। जब मन स्थिर होता है, तो निर्णय स्पष्ट होते हैं और रिश्तों में मधुरता स्वतः विकसित होती है। यही कारण है कि आज भी ग्रामीण समाज से लेकर महानगरों तक, माता सीता का नाम पारिवारिक शांति और सामाजिक संतुलन से जुड़ा हुआ है।

माता सीता की आराधना केवल बाह्य पूजा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके गुणों-संयम, करुणा, आत्मबल और सत्यनिष्ठा-को जीवन में उतारने का संकल्प है। यदि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं, चाहे वह परिवार हो, समाज हो या व्यक्तिगत संघर्ष, तो जीवन की कठिन से कठिन राह भी सहज और अर्थपूर्ण बन सकती है। जिस प्रकार उन्होंने अशोक वाटिका में रहते हुए भी अपने आत्मसम्मान और धैर्य को अडिग रखा, वह हर युग के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। आज के समय में, जब नारी सम्मान, मानसिक संतुलन और संवेदनशील रिश्तों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है, माता सीता का जीवन हमें सच्ची शक्ति का अर्थ समझाता है-वह शक्ति जो भीतर से आती है और पूरे समाज को दिशा देती है।

## बिजनेस ब्रीफ

### जेटवर्क को छोड़ फॉल्गर डिक्सन में हुए शामिल

नई दिल्ली। जेटवर्क के इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबार प्रमुख जोश फॉल्गर ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है और वह प्रतिद्वंद्वी डिक्सन टेक्नोलॉजीज की अनुषंगी कंपनी में शामिल हो गए हैं। कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ से पहले एक महीने में कंपनी के यह दूसरे शीर्ष अधिकारी का इस्तीफा है। डिक्सन टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को बताया कि फॉल्गर को पैजेट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में आईटी हार्डवेयर एवं नए प्रोजेक्ट्स के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है, जो डिक्सन की स्वामित्व वाली/गैर-सूचीबद्ध अनुषंगी कंपनी है।

### मारुति ने रेलवे से रिकॉर्ड 5.85 लाख वाहन भेजे

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया ने रेलवे से 2025 में 5.85 लाख से अधिक वाहनों को भेजा। यह 2024 की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने कहा कि आपूर्ति में रेल परिवहन की उसकी हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है जो 2016 में 5.1 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 26 प्रतिशत हो गई है। इससे कार्बन उत्सर्जन, देश के तेल आयात में उल्लेखनीय कमी आई है और सड़क पर लगने वाला जाम भी कम हुआ है। मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हिसाशी ताकेउची ने इसकी जानकारी दी।

### पर्पल इक्विटी वारंट से जुटाएगी 69 करोड़

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पर्पल फाइनेंस ने 55 रुपये प्रति इक्विटी वारंट की दर से 1.26 करोड़ इक्विटी वारंट जारी कर 69.30 करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। हालांकि यह नियामकीय मंजूरी के अधीन होगा। पर्पल फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस संबंध में फैसला छह फरवरी को हुई निदेशक मंडल की बैठक में लिया गया। मौजूदा एवं नए दोनों निवेशकों की निरंतर भागीदारी उसके कारोबारी मॉडल, प्रशासनिक ढांचे और दीर्घकालिक वृद्धि रणनीति में बढ़ते भरोसे को दर्शाती है। कंपनी विस्तार के समर्थन के लिए अपने पूंजी आधार को और मजबूत कर रही है।

# भारत-अमेरिका समझौते से निर्यातकों को शुल्क मोर्चे पर मिलेगी निश्चितता

## भारत पर लगा शुल्क चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश की तुलना में कम



- समझौते के अनुसार अमेरिका भारत पर लगाए जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिए जाने से घरेलू निर्यातकों को शुल्क के मोर्चे पर तत्काल निश्चितता और बेहतर समझ मिलेगी। अमेरिका इस पेश रूपरेखा के अनुसार भारत पर लगाए जाने वाले जवाबी शुल्क को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। इससे पहले वह रूसी कच्चा तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को हटा चुका है। भारत पर लगाया शुल्क चीन, इंडोनेशिया, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में सबसे कम है।

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के साझेदार रुद्र कुमार पांडे ने कहा कि यह रूपरेखा हालिया शुल्क युक्तिकरण पर अत्यंत आवश्यक परिचालन स्पष्टता प्रदान करती है। रूपरेखा स्पष्ट रूप से पुष्टि करती है कि वस्त्र एवं परिधान, चमड़ा एवं जूते, प्लास्टिक व रबर, कार्बनिक रसायन, घरेलू सजावट, हस्तशिल्प उत्पाद तथा चयनित मशीनरी क्षेत्रों सहित कई प्रमुख भारतीय निर्यात क्षेत्रों पर 18 प्रतिशत की जवाबी शुल्क दर लागू होगी।

निर्यातकों के लिए यह रूपरेखा निश्चितता और बेहतर समझ प्रदान करती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि 18 प्रतिशत शुल्क भारत को बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया और चीन जैसे प्रतिस्पर्धी निर्यातकों की तुलना में सापेक्ष लाभ की स्थिति में रखता है। इन देशों पर अमेरिकी शुल्क अपेक्षाकृत अधिक हैं।

उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप इन क्षेत्रों में भारतीय निर्यातकों के लिए बाजार हिस्सेदारी में क्रमिक वृद्धि की उचित संभावना है। ऊर्जा, विमान एवं विमान कलपुर्जों, पूंजीगत वस्तुओं तथा प्रौद्योगिकी उत्पादों सहित पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान की खरीद की भारत की घोषित मंशा को बुनियादी ढांचा विस्तार, विमानन वृद्धि और डिजिटल अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप रणनीतिक आयात प्रतिबद्धता के रूप में देखा जाना चाहिए।

### गैर-शुल्क बाधाओं के हटने से बढ़ेगा मुक्त व्यापार

डेलॉयट इंडिया के साझेदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से गैर-शुल्क बाधाओं को हटाने पर ध्यान देने से दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार को और बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति में यह समग्र रूप से एक अत्यंत सकारात्मक विकास है और इससे भारतीय निर्यातकों को तात्कालिक तथा दीर्घकालिक दोनों ही अवधि में लाभ होगा। फ्लोरेंस शू कंपनी के चेयरमैन एवं ग्रैंड अटलांटिया पनपक्कम एसईजेड प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अकील पनारुना ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के जूता एवं चमड़ा क्षेत्र के लिए बड़ा प्रोत्साहन है। पहले भारतीय जूता निर्यात पर अमेरिका में 50% तक शुल्क था जिससे प्रतिस्पर्धात्मकता एवं दीर्घकालिक सोर्सिंग प्रभावित थी। नए समझौते से शुल्क युक्तिकरण, बाजार पहुंच की बहाली और भारतीय निर्माताओं को आत्मविश्वास के साथ निर्यात बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। हम तमिलनाडु में अपने 2,500 करोड़ रुपये के संयुक्त उद्यम का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। इसमें हमारे ताइवानी साझेदार शामिल हैं जो दुनिया के दूसरे एथलेटिक फुटवियर उत्पादकों में से हैं। निर्माणाधीन इकाई के अप्रैल तक पूरे होने की उम्मीद है। भविष्य में भी निवेश की योजना है और परिवार संचालित चमड़ा कारोबार का विस्तार जारी रहेगा।

# 2026-27 में जीडीपी रहेगी 6.4% : मूडीज

- रेटिंग एजेंसी ने जी-20 देशों में तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आगामी वित्त वर्ष में 6.4% रहने का अनुमान है जो घरेलू खपत में मजबूती, नीतिगत उपायों और स्थिर बैंकिंग प्रणाली के दम पर जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में ये बात कही।

मूडीज ने बैंकिंग प्रणाली परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि परिसंपत्ति गुणवत्ता मजबूत बनी रहेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) में कुछ दबाव देखने को मिल सकता है। इसके बावजूद, बैंकों के पास ऋण नुकसान को झेलने के लिए पर्याप्त भंडार है। मजबूत व्यापक आर्थिक परिस्थितियों और संरचनात्मक सुधारों के समर्थन से 2026 में बैंकों के लिए परिचालन माहौल मजबूत रहेगा। 2026-27 में भारत की वास्तविक जीडीपी दर 6.4% रहेगी जो मजबूत घरेलू खपत एवं नीतिगत उपायों से सबसे तेज होगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सितंबर 2025 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का युक्तिकरण और इससे पहले व्यक्तिगत आयकर की सीमा बढ़ाए जाने से उपभोक्ताओं की वहन क्षमता सुधरेगी एवं खपत आधारित वृद्धि को समर्थन मिलेगा। 2026-27 के लिए मूडीज का यह अनुमान वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में जताई गई 6.8-7.2 प्रतिशत की सीमा से कम है।

### 2025-26 में वृद्धि दर 7.4% रहने की संभावना

आधिकारिक अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में भारत की वृद्धि दर 7.4% रहने की संभावना है जो 2024-25 में दर्ज 6.5% से अधिक है। मूडीज ने कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहने और वृद्धि की गति मजबूत बने रहने से वह उम्मीद करता है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 2026-27 में मौद्रिक नीति में और ढील तभी देगा, जब आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिलेंगे। आरबीआई ने 2025 में अपनी नीतिगत दर में 1.25% की कटौती कर इसे 5.25% कर दिया है। मूडीज के अनुसार, समूची बैंकिंग प्रणाली में ऋण वृद्धि वित्त वर्ष 2026-27 में मामूली बढ़कर 11-13% रह सकती है जो 2025-26 में अब तक 10.6% रही है।





# आयकर कानून का नया नियम अनुपालन बोझ को करेगा कम

- मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किए जाने की उम्मीद, नियमों की संख्या 35% घटाकर की 333, फॉर्म संख्या में 50% की कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

नये आयकर कानून के लिए जारी नियमों का मसौदा एवं फॉर्म को काफी सरल बनाया गया है। इसमें नियमों की संख्या 35 प्रतिशत घटाकर 333 कर दी गई है जबकि फॉर्म की संख्या में 50%से अधिक की कटौती की गई है। इस पहल का मकसद करदाताओं के लिए प्रावधानों को सरल बनाना, अनुपालन बोझ को कम करना और व्यवस्था को करदाताओं के अनुकूल बनाना है।

आयकर विभाग के सूत्रों ने कहा कि नये मसौदा नियम और फॉर्म पर लोगों के सुझाव आने के बाद इसे मार्च के पहले सप्ताह में अधिसूचित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कर विभाग ने बीते सप्ताह शनिवार को नये आयकर कानून, 2025 के तहत नियमों का मसौदा एवं फॉर्म जारी किये थे। आयकर विभाग ने 22 फरवरी तक आयकर नियम, 2026 के मसौदा नियम और फॉर्म पर संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे हैं। नया आयकर कानून, 2025 एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा।

### नकद जमा में पैन के उल्लेख को लेन-देन सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव

नई दिल्ली। आयकर नियम के मसौदे में बैंकों में नकद जमा/निकासी, गाड़ी व संपत्ति खरीदने और होटल बिल भुगतान के लिए पैन का उल्लेख करने को लेकर लेन-देन सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव है।

मसौदे में नियोक्ताओं द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का मूल्य बढ़ाने और क्रिप्टो एक्सचेंज के लिए कर विभाग के साथ जानकारी साझा करना अनिवार्य करने का भी प्रस्ताव है। इसमें केंद्रीय बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) को इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के स्वीकृत तरीके के तौर पर भी शामिल किया गया है। मसौदा नियम में आवास किराया भत्ते (एचआरए) का दावा करने के मकसद से बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और हैदराबाद को शामिल करने के लिए श्रेणी-1 महानगरों की सूची का विस्तार किया गया है। इस सूची में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई शामिल हैं।

### पीएसबी का लाभ 18% बढ़कर 52,603 करोड़

- एसबीआई का 52,603 करोड़ के लाभ में 40% का योगदान

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 52,603 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड लाभ कमाया है। यह सालाना आधार पर 18% की वृद्धि है।

सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों (पीएसबी) ने मिलकर 2024-25 की दिसंबर तिमाही में 44,473 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के मुकाबले लाभ में कुल मिलाकर 8,130 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। एसबीआई ने अकेले 52,603 करोड़ के कुल लाभ में 40% का योगदान दिया। स्टेट बैंक का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 21,028 करोड़ रुपये रहा।

# भारत-अमेरिका समझौते से सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

- बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में लिवाली से बाजार को मिला समर्थन

मुंबई, एजेंसी

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उत्साह और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं तथा रियल्टी शेयरों में जोरदार लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।



बीएसई सेंसेक्स 485.35 अंक बढ़कर 84,065.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 734.28 अंक चढ़ा था। वहीं, एनएसई निफ्टी 173.60 अंक बढ़कर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में एसबीआई, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, इटर्नल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा, इंडिगो, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, सन फार्मा और एशियन पेंट्स में तेजी हुई। पावरग्रिड, एनटीपीसी, आईटीसी, आईसीआईसीआई, इन्फोसिस, एचडीएफसी, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.31 और मिडकैप 1.27 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक सबसे अधिक 2.83 प्रतिशत चढ़ा।

## राष्ट्रीय

# राहुल को केवल बजट पर बोलने की मिली अनुमति

## लोकसभा : कांग्रेस सदस्यों के हंगामे से सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए की गई स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी



- राहुल गांधी का दावा- लोस अध्यक्ष ने अपनी बात रखने की अनुमति देने का किया वादा



- संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू बोले- कांग्रेस नेता की बात सही नहीं अध्यक्ष ने विषय बताने को कहा

लोकसभा में बजट पर चर्चा से पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अन्य विषय पर आसन से बोलने की अनुमति नहीं मिलने के बीच कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें बजट पर चर्चा से पहले अपनी बात रखने की अनुमति देने का वादा किया है, वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि कांग्रेस नेता की बात सही नहीं है और अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता से कहा था कि पहले वह विषय बताएं जो वह सदन में उठाना चाहते हैं।

दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने केंद्रीय बजट पर चर्चा के लिए कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम पुकारा। थरूर ने उनसे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने देने की अनुमति मांगी। पीठासीन सभापति ने कहा कि यदि नेता प्रतिपक्ष बजट पर चर्चा में भाग लेना चाहते हैं तो वह बात रख सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कुछ देर पहले लोकसभा अध्यक्ष के पास कक्ष में कांग्रेस के सदस्य गए थे और बिरला ने हमें वादा किया था कि मुझे बजट पर चर्चा से पहले बोलने की अनुमति दी जाएगी। लेकिन अब वह पीछे हट रहे हैं। पीठासीन सभापति संध्या राय ने कहा कि उनके पास किसी तरह का नोटिस नहीं है और वर्तमान स्थिति में वह केवल बजट पर बोलने की अनुमति दे सकती हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष की बैठक में वह भी उपस्थित थे। अध्यक्ष ने पहल की थी कि अगर सभी पक्ष मान जाएं तो सदन चलना चाहिए। कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने जब बैठक में कहा कि नेता प्रतिपक्ष सदन में कुछ बोलना चाहते हैं तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जब वह विषय बताएंगे, तब अनुमति दी जाएगी, इसलिए राहुल गांधी ने स्पीकर से वादा किए जाने की जो बात कही है वह सही नहीं है। रीजीजू ने कहा कि अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अगर वह नेता प्रतिपक्ष को बोलने का अवसर देंगे तो अन्य दलों के नेताओं को भी मौका देंगे और सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री पक्ष रखेंगे। हम सरकार की ओर से हमेशा तैयार हैं।

### बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव का नोटिस देने की तैयारी में विपक्ष

विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने की तैयारी में है और इसके लिए सदन के सदस्यों के हस्ताक्षर लिए जाने की प्रक्रिया जारी है। सूत्रों ने बताया कि सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने की इजाजत नहीं देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 94सी के तहत यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा सदन में की टिप्पणियों को लेकर उन पर कार्रवाई शुरू नहीं करने और कांग्रेस की महिला सांसदों पर बिना साक्ष्य के आरोप लगाने के मामले में भी अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव के लिए नोटिस देने पर विचार किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही लोकसभा में एक वैधानिक प्रस्ताव लाया जा सकता है। विपक्ष प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा के 100 सदस्यों के हस्ताक्षर लेने का प्रयास कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि दोपहर दो बजे तक करीब 20 सांसदों ने प्रस्ताव संबंधी नोटिस पर हस्ताक्षर कर दिए थे तथा 100 सांसदों के हस्ताक्षर होने के बाद इसे लोकसभा सचिवालय को सौंपा जाएगा।

### राहुल को भाषण पूरा नहीं करने देने को लेकर राज्यसभा में भी हंगामा, विपक्ष का बहिर्गमन

लोकसभा में राहुल गांधी को भाषण पूरा नहीं करने देने को लेकर राज्यसभा में भारी हंगामा हुआ। इसके बाद विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। प्रश्नकाल शुरू होते ही दोपहर 12 बजे राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह मुद्दा उठाया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि वह दूसरे सदन में हुई घटनाओं पर चर्चा न करें। खरगे ने कहा कि वह संविधान से जुड़े मुद्दे उठा रहे हैं और संसद दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से मिलकर बनी है। उन्होंने कहा कि निचले सदन में नेता प्रतिपक्ष को बोलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हालांकि, सभापति ने लोकसभा से संबंधित इस मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी और कहा कि खरगे द्वारा कही कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। सभापति ने प्रश्नकाल की कार्यवाही आगे बढ़ाई, लेकिन खरगे और अन्य विपक्षी नेता बोलने की मांग करते रहे।

# बजट : उच्च सदन में पक्ष विपक्ष आमने सामने

## बजट में पूंजीगत व्यय में कमी का दावा गलत : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

बजट में पूंजीगत व्यय कम करने के कांग्रेस के आरोप को खारिज करते हुए भाजपा सांसद अरुण सिंह ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कमी लाए बिना राजकोषीय घाटे को कम करने की घोषणा की है, जो सराहनीय है। उच्च सदन में आम बजट 2026-27 पर चर्चा में भाग लेते हुए अरुण सिंह ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में बजट का कुल आकार 16.65 लाख करोड़ था। उन्होंने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की आलोचना को खारिज कर दिया कि बजट में पूंजीगत व्यय को कम किया गया है।

भाजपा सदस्य ने कहा कि बजट में साढ़े बारह लाख करोड़ का पूंजीगत व्यय है, जो कांग्रेस नीत सरकार के समय दो से ढाई लाख करोड़ के बीच थी। केंद्र सरकार आगामी वित्त वर्ष में 17.72 करोड़ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खर्च करने जा रही है जबकि 4.5 करोड़ की सब्सिडी दी जाएगी। जीएसटी में सुधार से देशवासियों को एक लाख करोड़ का लाभ हुआ। एक तरफ खर्च बढ़ाना और दूसरी तरफ जीएसटी के माध्यम से लोगों को लाभ देना, उसके बावजूद यदि अगले साल के लिए 4.3 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य रखा गया है तो वह वित्त मंत्री की इस बात के लिए अभिनंदन करना चाहते हैं कि किसी भी प्रकार से पूंजीगत व्यय में कटौती नहीं की गयी। इससे पहले बजट 2026-27 पर उच्च सदन में चर्चा शुरू करते हुए कांग्रेस नेता चिदंबरम ने इस बात पर चिंता जतायी थी कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कटौती है।

### पूंजीगत व्यय बढ़ाने को कुछ नहीं: चिदंबरम

राज्यसभा में सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने घटते पूंजीगत व्यय पर चिंता जताते हुए कहा कि आम बजट में इसे बढ़ाने के लिए कुछ नहीं किया गया तथा यह एक ऐसा बजट है जिसे भुला दिया जाना चाहिए। उच्च सदन में चिदंबरम ने बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में कटौती है। 1,44,376 करोड़ के पूंजीगत व्यय में कमी की गयी हैं, जिसमें केंद्र के पूंजीगत व्यय में 25,335 करोड़ तथा राज्यों के पूंजीगत व्यय में 1,19,041 करोड़ रुपये की कमी हुई है।

### बजट वास्तविक स्थिति से बिल्कुल उलट है : विपक्ष

सरकार पर बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने तथा उसके अनुकूल काम न करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के सदस्य ने सोमवार को राज्यसभा में दावा किया कि बजट का वास्तविक स्थिति से कोई लेना देना नहीं है। उच्च सदन में बजट 2026-27 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि बजट का वास्तविक स्थिति से कोई लेना देना नहीं है, शायद इसीलिए इस बजट को खोदा पहाड़ निकली चुहिया कहा जा रहा है। सपा की जया बच्चन ने कहा कि वह फिल्म उद्योग से आती हैं और यह उद्योग सबसे अधिक आयकर तथा जीएसटी देता है। बजट में इस उद्योग को राहत की उम्मीद थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान ने सरकार से जानना चाहा कि पिछले साल भी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर का बजट 46 हजार करोड़ रुपये रखा गया था, इस बार भी इतना ही है जबकि अन्य राज्यों के बजट में 12 से 18 फीसदी की वृद्धि की गई है। आम आदमी पार्टी के डॉ अशोक मित्तल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और इस बजट में विरोधाभास हैं। बजट पर चर्चा में तृणमूल कांग्रेस के सदस्य जी के वासन, बीजू जनता दल के निरंजन बिशी, अन्नाद्रमुक के एम धनपाल और मनोनीत सदस्य मीनाक्षी जैन ने भी हिस्सा लिया। चर्चा अधूरी रही।

# आतंकवाद के आरोपी रहमान की फरीदाबाद जेल में हत्या

- जम्मू कश्मीर से आए कैदी की रहमान से नीमका जेल में हुई झड़प
- फैजाबाद के रहमान पर है अयोध्या विस्फोट की साजिश का आरोप

फरीदाबाद(हरियाणा), एजेंसी

फरीदाबाद जिले की नीमका जेल में बंद आतंकवाद के आरोपी अब्दुल रहमान की कारागार में झड़प के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि जम्मू कश्मीर से इस जेल में स्थानांतरित किए कैदी अरुण चौधरी ने रहमान की हत्या कर दी। जेल में रविवार रात दो कैदियों के बीच विवाद होने के बाद यह घटना हुई।

जम्मू कश्मीर के चौधरी ने रहमान पर धारदार हथियार से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले के मिल्कीपुर निवासी रहमान 2025 में अपनी गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद था। उसे गुजरात आतंकवाद-रोधी दस्ता और हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने फरीदाबाद के पास पाली गांव से पकड़ा था। रहमान के खिलाफ फरीदाबाद के डबुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज थी। उसकी गिरफ्तारी के समय, अधिकारियों ने बताया था कि रहमान अयोध्या में विस्फोट को अंजाम देने की साजिश में शामिल था। एसटीएफ ने बताया था कि उसके तार आईएसआई से जुड़े होने का संदेह है।

# वकील से मारपीट पर सीजेआई बोले- गुंडा राज अस्वीकार्य



- तीस हजारी अदालत में एडीजे की अदालत में आरोपी के वकील पर हमले का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि हमें गुंडा राज अस्वीकार्य है और उन्होंने सात फरवरी को एक जिला अदालत के कक्ष में मारपीट का आरोप लगाने वाले वकील को दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करने के लिए कहा। एक वकील ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख किया।

वकील ने कहा कि तीस हजारी अदालत में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीजे) हरजीत सिंह पाल की अदालत में मैं आरोपी की ओर से पेश हुआ था। शिकायतकर्ता के वकील ने कई गुंडों के साथ मिलकर मुझ पर हमला किया। उन्होंने मुझे पीटा और न्यायाधीश वहीं बैठे थे। अदालत के सभी सदस्य वहां मौजूद थे। इस पर सीजेआई ने कहा कि यह घटना सात फरवरी को हुई थी। क्या आपने इसकी सूचना दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को दी ? मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखें और मुझे भी इसकी सूचना दें। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संज्ञान लें। कार्रवाई प्रशासनिक स्तर पर होगी।

### शराब घोटाला : चैतन्य बघेल की जमानत पर एक हफ्ते बाद सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि वह चैतन्य बघेल को शराब घोटाले के मामलों में मिली जमानत को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर एक सप्ताह बाद सुनवाई करेगा। चैतन्य, पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजारिया की पीठ को छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने बताया कि चैतन्य बघेल को जमानत मिलने के बाद मामले के महत्वपूर्ण गवाहों में से एक सामने नहीं आ रहा है। ईडी ने संबंधित धन शोधन मामले में चैतन्य बघेल की जमानत को अलग से चुनौती दी है।

### मेटा-व्हाट्सएप गोपनीयता नीति पर सुनवाई 23 तक स्थगित

उच्चतम न्यायालय ने मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप की उन याचिकाओं पर सुनवाई सोमवार को 23 फरवरी तक स्थगित कर दी जो गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ दाखिल की गई हैं। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं एनवी अंजारिया की पीठ से कहा गया कि वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल अस्वस्थ हैं और इसलिए सुनवाई स्थगित कर दी जानी चाहिए। वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए दायर याचिकाओं पर 23 फरवरी को सुनवाई करेगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल: जेन जी आंदोलन के जांच आयोग का कार्यकाल फिर बढ़ा

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने पिछले साल जेन जी विरोध प्रदर्शन के दौरान अत्यधिक बल प्रयोग की जांच के लिए गठित आयोग का कार्यकाल सोमवार को 25 दिनों के लिए और बढ़ा दिया। यह तीसरी बार है जब जांच आयोग की समय सीमा बढ़ाई गई है। आयोग के प्रवक्ता एवं सदस्य विज्ञान राज शर्मा ने कहा कि मंत्रिपरिषद की एक बैठक में समय सीमा 11 मार्च तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया। आयोग का कार्यकाल बुधवार यानी 11 फरवरी को समाप्त हो रहा था। पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की के नेतृत्व में तीन-सदस्यीय जांच आयोग का गठन पिछले साल सितंबर में किया गया था।

### ईशनिंदा : पाकिस्तान में पूर्व सैन्य अधिकारी की मौत की सजा रद्द

**लाहौर।** लाहौर उच्च न्यायालय ने ईशनिंदा के मामले में एक पूर्व सैन्य अधिकारी को निचली अदालत द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को रद्द करते हुए सबूतों के अभाव में उन्हें बरी कर दिया है। एक सत्र न्यायालय ने पिछले साल पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर से लगभग 250 किलोमीटर दूर रावलपिंडी शहर में पैगंबर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कर्नल (सेवानिवृत्त) मुहम्मद आरिफ को दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी। इस मामले में तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान नामक कट्टरपंथी इस्लामी संस्थान के एक कार्यकर्ता ने शिकायत की थी। हाल ही में शहबाज शरीफ सरकार ने इस संगठन को प्रतिबंधित किया है।

### टोरंटो में भारतीय कनाडाई व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा के टोरंटो में एक व्यस्त शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में अज्ञात हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में 37 वर्षीय एक भारतीय-कनाडाई व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस संबंध में रविवार को जारी एक बयान में टोरंटो पुलिस ने मृतक की पहचान ब्रैम्पटन निवासी चंदन कुमार राजा नंदकुमार के रूप में की है। बयान के अनुसार, शनिवार को दोपहर लगभग 3 :31 बजे पुलिस को रेक्सडेल बुलेवार्ड और राजमार्ग 27 पर स्थित वुडबाइन शॉपिंग सेंटर के पार्किंग स्थल में गोलीबारी की सूचना मिली।

# एप्स्टीन से संबंधों के खुलासे के बाद जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत का इस्तीफा

**ओस्लो, एजेंसी**

- इस्तीफा देने के बाद भी जूल के खिलाफ जांच कराएगी सरकार

नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को सही और आवश्यक बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क गंभीर निर्णयात्मक चूक को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था।

मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी बताया कि उसने उस अवधि के दौरान अंतरराष्ट्रीय शांति संस्थान को दिए गए अनुदानों और उससे हुए संपर्कों की समीक्षा शुरू की है, जब जूल के पति टेर्जे रोड-लार्सन इस संस्था के प्रमुख थे।

## तेल आयात: भारत के लाभ और हानि

कच्चे तेल की वैश्विक आपूर्ति का परिदृश्य एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। इसमें एक तरफ अमेरिका अपनी तेल उत्पादन क्षमता के कारण दुनिया का नेतृत्व कर रहा है, दूसरी तरफ ओपेक प्लस देशों की बाजार हिस्सेदारी कम हो रही है। भारत के लिए यह स्थिति रणनीतिक बदलावों की है, जिसमें वह रूस पर निर्भरता कम करते हुए अमेरिका और दूसरे देशों से आयात बढ़ाकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा के उपाय कर रहा है। तेल आयात का मुद्दा चूंकि सिर्फ अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि भू रणनीतिक मुद्दों से भी जुड़ा हुआ है, इसलिए कई नई तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। पिछले कुछ सालों में अमेरिका रूस और सऊदी अरब को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश भी बन चुका है। इसी के साथ उसने वैश्विक आपूर्ति की गति को नियंत्रित करना शुरू कर दिया है जो अलग किस्म की चुनौती है।

# रूस बनाम अमेरिका



### बदलता वैश्विक परिदृश्य

- वर्तमान वैश्विक तेल बाजार में मांग से अधिक आपूर्ति होने की संभावना है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार 2026 में वैश्विक तेल आपूर्ति मांग से लगभग 3 .85 मिलियन बैरल प्रतिदिन अधिक हो सकती है।
- ओपेक प्लस की बाजार हिस्सेदारी 2016 में 53% थी जो 2025 और 2026 में गिरकर 46% होने का अनुमान है। यह रूस और वेनेजुएला जैसे देशों पर प्रतिबंधों और अमेरिका के बढ़ते उत्पादन के कारण है।

### भारत के लिए बदलती स्थितियां

- अमेरिका से व्यापार समझौते के बाद भारत ने रूसी तेल के आयात में कटौती शुरू कर 50% तक कम कर दिया है।
- भारत ने पांच वर्षों में अमेरिका से 500 बिलियन डॉलर मूल्य के ऊर्जा व तकनीकी उत्पाद खरीदने की योजना बनाई है।
- भारत अब नाइजीरिया, अंगोला और वेनेजुएला जैसे देशों से भी तेल आयात कर रहा है। इससे तेल आयात बिल बढ़ेगा।

### दुनिया पर हावी अमेरिका

- अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बनकर वैश्विक आपूर्ति की गति को नियंत्रित कर रहा है।
- अमेरिका ने 2024 में 13 .2 मिलियन बीपीडी औसत उत्पादन किया, अब 13 .6 मिलियन उत्पादन का अनुमान।
- अमेरिका कोटा से बंधा नहीं है, 2015 से 2024 के बीच वैश्विक आपूर्ति में वृद्धि का 90% अकेले पूरा किया है।
- ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर रहा है। भारत पर रूसी तेल खरीदने पर 25% अतिरिक्त टैरिफ उदाहरण।

### रूस से आयात न करने का असर

- अनुमान के अनुसार रूस से आयात बंद करने पर भारत का वार्षिक तेल आयात बिल 9 बिलियन से 11 बिलियन डॉलर तक बढ़ सकता है।
- अमेरिका या लैटिन अमेरिका से तेल मंगाना महंगा है। अमेरिकी खाड़ी तट से भारत तक तेल पहुंचने में 54 दिन लगते हैं, रूस से केवल 36 दिन।
- भारतीय रिफाइनरी रूस के मीडियम-सोर तेल को प्रोसेस करने के लिए अनुकूल हैं। अमेरिकी तेल के लिए सेटिंग्स बदलना महंगा पड़ेगा।

### रणनीतिक चुनौती

- रूस से तेल बंद करना भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के लिए चुनौती माना जा सकता है। अमेरिका के दबाव में आने का संकेत दुनिया में जाने का खतरा।
- रूस भारत का पुराना रक्षा और कूटनीतिक साझेदार है। तेल आयात बंद करने से इन दोनों क्षेत्रों में तनाव पैदा हो सकता है।

### वैश्विक प्रभाव

- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, रूसी तेल आयात बंद करने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं।

# सेंगर की याचिका पर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करने का निर्देश

## दिल्ली हाईकोर्ट को तीन महीने में अपील का निस्तारण करने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट को उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भाजपा के निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली याचिका पर निर्धारित तारीख से पहले सुनवाई करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि इस पर तीन महीने के भीतर फैसला सुनाया जाना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने हाईकोर्ट के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली सेंगर की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार की ओर से दायर की गई कोई अपील हो तो उस पर भी सेंगर की याचिका के साथ हाईकोर्ट को सुनवाई करनी चाहिए। पीठ सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें 10 साल की सजा को निलंबित करने से इन्कार कर दिया गया था। सीजेआई ने पीड़ित के वकील की ओर से मीडिया में बयान देने पर नाराजगी जताई। कहा, हम किसी अलग-थलग जगह पर नहीं बैठे हैं। हम जानते हैं कि बाहर 'मीडिया ट्रायल' चल रहा है। उन्होंने कहा कि वह अदालत के बाहर किसी भी तरह की समानांतर सुनवाई को बर्दाश्त नहीं करेंगे।



### दिल्ली हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत बढ़ाने की सेंगर की भाई की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सेंगर के भाई की उस याचिका पर सोमवार को सीबीआई से जवाब तलब किया, जिसमें उसने उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत मामले में अंतरिम जमानत तीन महीने और बढ़ाने का अनुरोध किया है। जयदीप सेंगर के वकील ने कहा कि अंतरिम जमानत की अवधि 11 फरवरी को समाप्त हो रही है और याचिकाकर्ता मुंह के कैंसर से पीड़ित होने के कारण जमानत बढ़ाने का अनुरोध करता है। जयदीप को एक निचली अदालत ने मामले में 10 साल की सजा सुनाई थी।

### वांगचुक की हिरासत की समीक्षा में अभी कोई प्रगति नहीं... केंद्र ने कोर्ट से कहा

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराया कि सोनम वांगचुक की हालत बिल्कुल ठीक है और हिरासत में रहने के दौरान उन्हें एम्स जोधपुर से सर्वोत्तम उपचार मिल रहा है। केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ को यह भी बताया कि वांगचुक की हिरासत की समीक्षा के संबंध में अभी कोई प्रगति नहीं हुई है। न्यायमूर्ति वराले ने कहा कि पिछली बार भी यही दलील दी गई थी। उन्होंने कहा, समस्याएं हैं और इससे आप भी इन्कार नहीं कर रहे हैं। डॉक्टर का भी कहना है कि समस्या है और इलाज चल रहा है। इस पर नटराज ने कहा, वह पूरी तरह स्वस्थ हैं, जयपुर इलाज के लिए लद्दाख से बेहतर जगह है। इस पर न्यायमूर्ति वराले ने कहा, आप ऐसा नहीं कह सकते। पीठ ने वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर बुधवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें रासुका 1980 के तहत उनकी हिरासत को अवैध घोषित करने की मांग की गई है। पीठ ने स्पष्ट किया कि आगे कोई स्थगन नहीं दिया जाएगा।

## वेस्ट बैंक पर अपना नियंत्रण और मजबूत करेगा इजराइल

**यरुशलम।** इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने वेस्ट बैंक पर अपना नियंत्रण मजबूत करने और फलस्तीनी प्राधिकरण की पहले से ही सीमित शक्तियों को कमजोर करने वाले कदमों को मंजूरी दी। दक्षिणपंथी वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच के कार्यालय ने कहा कि ऐसे फैसले लिए गए हैं जिनसे यहूदी बस्तियों के लिए फिलिस्तीनियों को जमीन छोड़ने के लिए मजबूर करना आसान हो जाएगा।

उसने एक बयान में कहा, हम फिलिस्तीनी राष्ट्र के विचार को खत्म करना जारी रखेंगे। निगरानी समूह ''पीस नाउ'' के शोधकर्ता योनातन मिजराची ने कहा कि इस फैसले को लागू करने के लिए ''वेस्ट बैंक'' के लिए इजराइल के शीर्ष कमांडर की मंजूरी की आवश्यकता है। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने एक बयान में इस फैसले को खतरनाक और बस्ती विस्तार एवं भूमि अधिग्रहण को वैध बनाने का इजराइल का खुला प्रयास करार दिया। उन्होंने अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से तत्काल हस्तक्षेप करने का आह्वान किया।

# भारत ने सेशेल्स को 17.5 करोड़ डॉलर का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- मोदी ने कहा- विश्वास की साझा दृष्टि से जुड़े हैं भारत व सेशेल्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक बातचीत की जिसके बाद भारत ने सोमवार को इस द्वीप राष्ट्र को विकास सहायता के रूप में 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने की घोषणा की। दोनों पक्षों ने सतत विकास, व्यापार, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक व्यापक दृष्टिपत्र पर भी सहमति व्यक्त की।

हर्मिनी भारत की छह दिवसीय यात्रा पर आए हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में सेशेल्स भारत का एक महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी देश है। मोदी ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, भारत और सेशेल्स केवल भौगोलिक रूप से ही नहीं बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए साझा दृष्टि से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत आधारशिला रही है। उन्होंने कहा, हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, आज हम 17.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का एक विशेष आर्थिक पैकेज घोषित करने जा रहे हैं।

मोदी ने कहा कि यह पैकेज ठोस परियोजनाओं को समर्थन देगा, जो सामाजिक आवास, परिवहन सुविधा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में लागू की जाएंगी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर संबंधों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, भारत-सेशेल्स संबंधों की सबसे बड़ी ताकत हमारे लोगों के बीच के संबंध हैं।

## हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को 20 वर्ष कारावास

**हांगकांग।** हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज एवं चीन के मुखर आलोचक जिमी लाई को सोमवार को 20 साल के कारावास की सजा सुनाई गई। लाई को चीन की ओर से लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। यह इस कानून के तहत अब तक दी गई सबसे लंबी सजा है। इस कानून ने हांगकांग में असंतोष की आवाजों को लगभग पूरी तरह दबा दिया है।



- प्रेस की स्वतंत्रता का पतन, चीन के मुखर आलोचक रहे हैं लाई

लाई के खिलाफ मुकदमे को व्यापक पैमाने पर हांगकांग में प्रेस की स्वतंत्रता के पतन के एक संकेत के रूप में देखा गया है। उन पर ''एप्पल डेली'' के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ मिलकर, हांगकांग या चीन के खिलाफ प्रतिबंध लगाने या उनके विरुद्ध अन्य शत्रुतापूर्ण गतिविधियों में शामिल होने का विदेशी ताकतों से आग्रह करने का आरोप लगाया गया है। अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में अधिकतम आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती थी। लाई को इस मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई है। लाई के पास इस फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। उनके सह-आरोपियों को छह साल तीन महीने से लेकर 10 साल कारावास तक की जेल की सजा मिली है।

सजा सुनाए जाने के समय लाई मुस्कुराए और समर्थकों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। जब उनसे पूछा गया कि वह इस फैसले को चुनौती देंगे तो उनके वकील ने कहा कि वे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है। लाई को सजा सुनाने से चीन और विदेशी सरकारों के बीच तनाव पैदा हो सकता है। लाई की दोषसिद्धि की अमेरिका और ब्रिटेन ने आलोचना की थी।

## वेनेजुएला में जेल से रिहा होते ही मचाडो के करीबी सहयोगी पाब्लो का अपहरण

**काराकस।** वेनेजुएला में विपक्ष की नेता मारिया कोरिना मचाडो ने कहा है कि उनके सबसे करीबी सहयोगियों में से एक जुआन पाब्लो गुआनिपा का जेल से रिहा होने के कुछ ही घंटों बाद अपहरण कर लिया गया है। सरकार ने राजनीतिक रूप से प्रेरित लंबी हिरासत के बाद रविवार को कई विपक्षी सदस्य रिहा किए थे, जिनमें गुआनिपा भी शामिल थे।

मचाडो ने सोशल मीडिया पर बताया कि गुआनिपा का मध्यरात्रि राजधानी काराकस से अपहरण कर लिया गया। चार वाहनों में आए भारी हथियारबंद पुरुषों ने उन्हें हिंसक तरीके से अगवा कर लिया। विपक्षी नेताओं की रिहाई ऐसे समय में हुई है जब कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज की सरकार पर उन सैकड़ों लोगों को रिहा करने का दबाव बढ़ रहा है जिनकी गिरफ्तारी महीनों या वर्षों पहले उनकी राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ी हुई थी।

## ईरान में अब सुधारवादी आंदोलन से जुड़ी हस्तियों को हिरासत में लेने का अभियान

**दुबई।** ईरानी सुरक्षा बलों ने देश में जारी सुधारवादी आंदोलन से जुड़ी प्रमुख हस्तियों को हिरासत में लेने के लिए अभियान शुरू कर किया। सुरक्षा बलों के इस कदम से दमनकारी कार्रवाई और भी तेज हो गई है।

इससे पहले अधिकारियों ने हिंसा के जरिए देशव्यापी प्रदर्शनों को दबा दिया था। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए थे और हजारों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया था। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को गिरफ्तार कर सात साल से अधिक जेल की एक और सजा सुनाई गई है। ईरान सरकार अशांति के खिलाफ बगावत करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को चुप करा रही है क्योंकि ईरान, अमेरिका के साथ नई परमाणु वार्ता का सामना कर रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो वह देश पर हमला कर सकते हैं।

## नाइजीरिया में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होने से 30 लोगों की जान गई

**कानो।** उत्तरी नाइजीरिया में एक ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से 30 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए।

कानो के गवर्नर कार्यालय के बयान के अनुसार, लापरवाही से वाहन चला रहे ट्रक चालक ने कानो के गेजावा स्थानीय सरकारी क्षेत्र के क्वानार बार्डे कस्बे में एक राजमार्ग पर ट्रक ने नियंत्रण खो दिया जिससे 30 लोगों की मौत हो गई। ट्रक रविवार तड़के कानो के गुजुंगु कस्बे की ओर कुछ यात्रियों को ले जा रहा था तभी दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गवर्नर के प्रवक्ता के अनुसार गंभीर घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

## थाईलैंड : अनुतिन चर्नविराकुल ने किया चुनाव जीतने का एलान

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और भुमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने संसदीय चुनाव जीत लिए हैं।

चर्नविराकुल ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि यह पूरे देश की जीत है। चुनाव आयोग की ओर से 87 प्रतिशत बैलेट गिने जाने तक भुमजैथाई पार्टी ने बहुमत हासिल कर लिया। पीपुल्स पार्टी दूसरे और फ्यू थाई पार्टी तीसरे स्थान पर रही। इससे पूर्व, पीपल्स पार्टी के नेता नत्ताफोंग रुंगपान्यावुत ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि उनकी पार्टी नतीजों को स्वीकार करती है।

# बच्चों के यौन शोषण पर घिरा मेटा, अमेरिका में शुरू हुई सुनवाई

**सांता फे, एजेंसी**

- बच्चों के यौन शोषण के खतरों के बारे में भ्रामक जानकारी देने का है आरोप

मेटा के खिलाफ, सोशल मीडिया पर बच्चों के यौन शोषण के खतरों और अपने प्लेटफॉर्म की सुरक्षा को लेकर भ्रामक जानकारी देने के आरोपों से जुड़े मुकदमे की सुनवाई न्यू मैक्सिको में सोमवार से शुरू हो गई। यह बच्चों को होने वाले नुकसान को लेकर मेटा समेत प्रमुख सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ दायर मुकदमों की श्रृंखला में पहली स्वतंत्र सुनवाई है।




सुनवाई के दौरान ऑनलाइन मौजूद आपत्तिजनक सामग्री और उसके प्रभावों पर विशेष ध्यान दिए जाने की संभावना है। न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेज़ ने वर्ष 2023 में मेटा के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। मुकदमे में कहा गया है कि मेटा जानबूझकर बच्चों को यौन शोषण और मानसिक स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के दोहरे खतरों के सामने उजागर करता है और इसका उद्देश्य मुनाफा कमाना है। मेटा ने सभी आरोपों से इन्कार करते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष चुनिंदा सबूतों के जरिए सनसनीखेज दलीलें पेश कर रहा है। मेटा ने जांच को संदिग्ध बताते हुए आरोप लगाया कि फर्जी खातों में बच्चों की तस्वीरों का इस्तेमाल कर और जांच से जुड़ा डेटा नष्ट किया गया।

मेटा ने यह भी कहा कि वह लंबे समय से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उसने कई सुरक्षा फीचर विकसित किए हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग इस मुकदमे में गवाही देंगे या नहीं।

### यौन अपराधियों के अनुकूल माहौल बनाने का है आरोप

अभियोजन पक्ष का कहना है कि जांच के दौरान अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर बच्चों के रूप में फर्जी खाते बनाकर यह दर्ज किया कि किस तरह यौन प्रस्ताव भेजे गए और उन पर मेटा ने कैसी प्रतिक्रिया दी। मेटा फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप का स्वामी है। अभियोजकों का आरोप है कि मेटा के एल्गोरिद्म और अकाउंट फीचर युवाओं को सोशल मीडिया की ओर आकर्षित करते हैं और बच्चों का यौन शोषण करने वाले अपराधियों के लिए अनुकूल माहौल बनाते हैं।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 10 फरवरी, मंगलवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 07 .27 तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 07 .55 तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** — आज आप धर्म-कर्म में अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। किन्तु कई बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं। अपना मन शान्त रखें तथा अच्छी संगत में रहें। अचल संपत्ति के विवाद शांत होंगे। कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृष** — आज आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। सेहत की समस्या दूर होगी। व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए।

**मिथुन** — आज बच्चों के ऊपर आप क्रोधित हो सकते हैं। आज प्रेमीजन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। मन आज थोड़ा व्यथित रहेगा।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में लोगों से बहुत अधिक अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा। परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है।

**सिंह** — आज मन में कुछ नया और प्रयोगवादी करने की इच्छा होगी। रुके हुये बहुत से काम आसानी से हो जायेंगे। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। व्यापार में कुछ नया करने का विचार जन्म ले सकता है। अधिकारी आपके ऊपर कुछ अधिक निर्भर रहेंगे।

**कन्या** — आज आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं। नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है। योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अंग बनायें। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे।

**तुला** — आज आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। सभी कार्य समय पर हो जायेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलेंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज अपनी जीवनशैली में परिवर्तन न करें। दिन का शुरुआती भाग आपके लिए अत्यन्त सुखद रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**धनु** — आज कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। आप जितनी मेहनत करेंगे उसका परिणाम आपको तुरंत प्राप्त होगा। नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मकर** — आज आपको अपने आत्मसम्मान की चिंता रहेगी। संतान के व्यवहार से आप संतुष्ट रहेंगे। रुका हुआ धन अवश्य वापस मिल सकता है। युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आज आप अपने काम का पूरी तरह से आनंद नहीं ले पायेंगे।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में कुछ अनियमितता हो सकती है। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। प्रत्येक विषय पर आपको राय देने से बचना चाहिए। घर में आज अचानक मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**मीन** — आज स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। आज सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। लेकिन आज आपको यात्रा करने से बचना चाहिए। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। दोस्तों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

## सुडोकू -57

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 9 | | 2 | |
| 2 | | 7 | | | 3 | | | |
| | 5 | | 1 | | | 7 | | 4 |
| | | 4 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 1 | | 6 | | | 2 | | |
| 5 | | | | | 1 | | 3 | |
| | | | 2 | | | 5 | | |
| 1 | | | 8 | | | | 6 | |

### सुडोकू - 56 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 6 | 3 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 1 | 6 |



“अगर हम अपनी ताकत पर टिके रहते हैं और अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो हम किसी पर भी दबाव डाल सकते हैं। बेशक हम जानते हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ यह मुश्किल होगा। वे एक विश्व स्तरीय टीम हैं।
–रिची बेरिंगटन, स्कॉटलैंड के कप्तान


# स्टेडियम

कानपुर नगर, मंगलवार, 10 फरवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| नामीबिया–नीदरलैंड्स | पूर्वाह्न 11 बजे |
| न्यूजीलैंड–यूएई | दोपहर 3 बजे |
| पाकिस्तान–अमेरिका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट



अभ्यास सत्र के दौरान नीदरलैंड्स के माइकल लेविट। एजेंसी

### नीदरलैंड्स का मैच नामीबिया से आज

**नई दिल्ली/कोलंबो।** पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 मंगलवार को दो ग्रुप ए लीग मैचों के साथ जारी रहेगा। नीदरलैंड्स का मुकाबला सुबह नई दिल्ली में नामीबिया से होगा, जिसके बाद पाकिस्तान का मुकाबला शाम को कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा। नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, नीदरलैंड्स टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा, जब वे नामीबिया से भिड़ेंगे। मैच सुबह 11:00 बजे शुरू होगा।

### कर्नाटक रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल के 24वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को चार विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राहुल ने 182 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 130 रन की पारी खेली जिससे कर्नाटक ने 325 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 325 रन बनाकर जीत दर्ज की। बेंगलुरु में अगले हफ्ते होने वाले सेमीफाइनल में कर्नाटक की भिड़ंत उत्तराखंड से होगी।

### मनु को 25 मीटर पिस्टल में रजत पदक

**नई दिल्ली।** ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर सोमवार को यहां स्वर्ण पदक जीतने के बेहद करीब पहुंचकर रोमांचक शूट ऑफ में पिछड़ गईं जिससे उन्हें एशियाई चैंपियनशिप की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि उनकी साथी भारतीय निशानेबाज ईशा सिंह को कांस्य पदक मिला। महाद्वीपीय प्रतियोगिता के मौजूदा सत्र के सबसे करीब मुकाबले में से एक में स्वर्ण पदक विजेता एनगुयेन थुय ट्रेंग और मनु दोनों ने फाइनल में समान 35 का स्कोर किया।

### सुधीर ने किकबॉक्सिंग कप में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारतीय किकबॉक्सिंग के उभरते सितारे सुधीर सक्सेना ने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाते हुए 5वीं इंडिया ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग कप में रजत पदक अपने नाम किया है। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 8 फरवरी, 2026 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम (के.डी. जाधव इंडोर हॉल) में वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा किया गया।

# दक्षिण अफ्रीका ने एकतरफा मुकाबले में कनाडा को 57 रनों से परास्त किया

## टी-20 विश्व कप : कप्तान एडेन मार्करम ने खेली आक्रामक अर्धशतकीय पारी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

कप्तान एडेम मार्करम के शानदार अर्धशतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप ग्रुप डी के अपने पहले मैच में सोमवार को कनाडा को 57 रन से हराया।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 214 रन बनाए। मार्करम ने 32 गेंद में दस चौकों और एक छक्के की मदद से 59 रन बनाए। जवाब में कनाडा की टीम आठ विकेट पर 156 रन ही बना सकी। नवनीत धालीवाल ने 64 रन बनाए। कनाडा की शुरुआत काफी खराब रही और पहली ही गेंद पर कप्तान दिलप्रीत बाजवा आउट हो गए।

लुंगी एनगिडि की गेंद पर विकेटकीपर क्विंटोन डिकॉक ने उनका कैच लपका। एनगिडि ने 31 रन देकर चार विकेट लिए। तीसरे ओवर में एनगिडि ने युवराज शर्मा और किर्टोन को आउट कर दिया। इस समय कनाडा का स्कोर तीन ओवर में तीन विकेट पर 26 रन था। धालीवाल और हर्ष ठाकेर (29 गेंद में 33) ने पांचवें विकेट के लिये 69 रन जोड़े लेकिन मार्को यानसेन ने 18वें ओवर में लगातार दो विकेट लेकर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की पारी में माक्ररम ने दूसरे ओवर में डिलोन हेलाइगर को तीन चौके लगाए। क्विंटोन डि कॉक ने 22 गेंद में 25 रन बनाये और साद बिन जफर को लगातार दो चौके जड़े। दोनों ने पहले विकेट के लिये 6.5 ओवर में 70 रन की साझेदारी की और सभी गेंदबाजों को नसीहत दी। दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका डिकॉक के रूप में लगा जो कनाडा के कप्तान और दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज दिलप्रीत बाजवा का शिकार हुए। मार्करम ने बाजवा को चौका लगाकर सिर्फ 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं रियान रिकेलटन ने 21 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के के साथ 31 रन बनाए। मार्करम को बायें हाथ के स्पिनर अंश पटेल ने लांग आन पर हेलाइगर के हाथों लपकवाया। इसके बाद रिकेलटन भी पटेल की गेंद पर हर्ष ठाकेर को सीधा कैच देकर लौटे। डेवाल्ड ब्रेविस चार गेंद तक ही टिक सके और इसी ओवर में मिड आफ पर निकोलस किर्टोन को कैच देकर पवेलियन लौट गए। आखिर में अनुभवी डेविड मिलर ने 23 गेंद में नाबाद 39 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 19 गेंद में 34 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को बड़ा स्कोर दिया। दोनों ने 37 गेंद में 75 रन की अटूट साझेदारी की। कनाडा के अंश पटेल ने तीन विकेट चटकाए।



एक–दूसरे को बधाई देते दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर व ट्रिस्टन स्टब्स। एजेंसी

### दक्षिण अफ्रीका

**213/4 (20 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन |
|---|---|
| मार्करम का हेलिंगर बो अंश | 59 |
| क्विंटोन डिकॉक बो बाजवा | 25 |
| रियान रिकेलटन का हर्ष बो अंश | 33 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का किर्टोन बो अंश | 06 |
| डेविड मिलर नाबाद | 39 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 34 |

गेंदबाजी : कलीम 4-0-38-0, हेलिंगर 1-0-13-0, साद 3-0-38-0, बाजवा 4-0-40-1, जसकरण 4-0-49-0, अंश 4-0-31-3

### कनाडा

**156/8 (20 ओवर)**

| बल्लेबाज | रन |
|---|---|
| दिलप्रीत का डिकॉक बो एनगिडि | 00 |
| युवराज का डिकॉक बो एनगिडि | 12 |
| नवनीत का स्टब्स बो बॉश | 64 |
| निकोलस का रबाडा बो एनगिडि | 04 |
| श्रेयस मोवा बो रबाडा | 09 |
| हर्ष ठाकेर का रबाडा बो एनगिडि | 33 |
| साद बिन का बॉश बो यानसेन | 11 |
| जसकरण का स्टब्स बो यानसेन | 00 |
| डिलोन हेलाइगर नाबाद | 04 |
| कलीम सना नाबाद | 05 |

**गेंदबाजी :** एनगिडि 4-0-31-4, यानसेन 4-0-30-2, रबाडा 4-0-40-1, बॉश 4-0-27-1, महाराज 4-0-28-0

# भारत से मैच का बहिष्कार वापिस लेगा पाकिस्तान

**लाहौर, एजेंसी**

● पीसीबी प्रमुख नकवी ने कहा फैसला अगले 24 घंटे में

पाकिस्तान भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के बहिष्कार का फैसला बांग्लादेश के अनुरोध के बाद वापिस लेगा जबकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि इस पर अंतिम फैसला अगले 24 घंटे में आ जाएगा।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख अमीनुल इस्लाम के साथ आईसीसी से बातचीत को स्वीकार करते हुए यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में नकवी ने कहा कि पीसीबी आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कुछ मसलों पर जवाब का इंतजार कर रहा है। भारत के खिलाफ मैच 15 फरवरी को कोलंबो में होना है। यहां मीडिया रपटों में कहा गया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को श्रीलंका से राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके का भी फोन आया है जिन्होंने बहिष्कार का फैसला वापिस लेने का आग्रह किया है। जियो न्यूज ने कहा कि शरीफ ने आश्वासन दिया है कि पाकिस्तानी टीम भारत के खिलाफ खेलेगी। नकवी ने हालांकि पत्रकारों से कहा, ' हमने उनसे बात की है। मेरे लिये अभी कोई टिप्पणी करना सही नहीं होगा। हमें उनका जवाब मिल जाने के बाद हम फैसला करेंगे। हम आईसीसी का जवाब मिलने के बाद प्रधानमंत्री (शाहबाज शरीफ) के पास सलाह के लिये फिर जायेंगे। उन्होंने कहा कल या परसों घोषणा की जा सकती है। उन्होंने कहा हम अपने मेहमानों का सम्मान करते हैं और आईसीसी हमारे घर आई है तो हमने उन्हें पूरा सम्मान दिया। इस समय मैं ज्यादा कुछ नहीं कह सकता क्योंकि आईसीसी और बांग्लादेश के बीच बातचीत जारी है। बांग्लादेश सही था तो हमें उसका साथ देना ही था। सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। बीसीबी प्रमुख इस्लाम ने ढाका में जारी बयान में पाकिस्तान को धन्यवाद दिया पर यह भी कहा भारत के खिलाफ इस मैच को खेलना क्रिकेट के हित में है। इस समय में बांग्लादेश के साथ खड़े होने के लिये हम पाकिस्तान के शुक्रगुजार हैं। पाकिस्तान की कल संक्षिप्त यात्रा और हमारी बातचीत के बाद मैं पाकिस्तान से अनुरोध करूंगा कि समूचे क्रिकेट के फायदे के लिए वह 15 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच खेले।

# गेंदबाजों के कमाल से जिम्बाब्वे ने ओमान को आठ विकेट से हराया

**कोलंबो, एजेंसी**

ब्लेसिंग मुजरबानी की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद ब्रायन बेनेट की 36 गेंद में नाबाद 48 रन की पारी से जिम्बाब्वे ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप बी मैच में सोमवार को यहां 45 गेंद शेष रहते ओमान को आठ विकेट से शिकस्त दी। ओमान को 103 रन पर आउट करने के बाद जिम्बाब्वे ने 13.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

मुजरबानी ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लेते हुए ओमान के शीर्ष क्रम को झकझोरा। उन्हें रिचर्ड नगारवा का (चार ओवर में 17 रन पर तीन विकेट) का अच्छा साथ मिला। एक अन्य तेज गेंदबाज ब्रैंड इवांस ने 3.5 ओवर में 18 रन पर तीन विकेट लेते हुए जिम्बाब्वे के निचले क्रम को आउट किया।

ओमान ने 27 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे और टीम पर काफी कम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था। विनायक शुक्ला (21 गेंद में 28 रन), सूफियान महमूद (39 गेंद में 25) और नदीम खान (18 गेंद में 20) की उपयोगी पारियों से टीम ने 100 रन के आंकड़े को पार किया। इन तीनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में रन बनाने में नाकाम रहा। विनायक और सूफियान ने छठे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी कर ओमान को जल्दी आउट होने बचाया तो वहीं नदीम ने आखिरी ओवरों में कुछ बड़े शॉट के साथ टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाने में अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज तादिवांशे मारुमनी ने 11 गेंदों में 21 रन की तेज पारी खेली, लेकिन महमूद की गेंद पर वसीम अली ने शानदार कैच लेकर उन्हें पवेलियन भेज दिया। महमूद ने उसी ओवर में डियोन मायर्स को खाता खोले बिना आउट कर दिया। इसके बाद बेनेट और अनुभवी विकेटकीपर ब्रेंडन टेलर ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी कर जिम्बाब्वे को 13.3 ओवर में ही जीत दिला दी। बेनेट पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उन्होंने इससे पहले घरेलू सरजमीं पर तीन अर्धशतक लगाकर जिम्बाब्वे को इस विश्व कप में जगह दिलाई थी।



तीसरा विकेट लेने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी। एजेंसी

# बांग्लादेश को दंड नहीं देगा आईसीसी

**बेंगलुरु।** आईसीसी ने सोमवार को कहा कि भारत में टी20 विश्व कप के मैच खेलने से इनकार पर वह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर कोई दंड नहीं लगायेगा।

आईसीसी ने कहा कि बीसीबी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से बातचीत के बाद यह फैसला लिया गया। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाते हुए 15 फरवरी को भारत के खिलाफ विश्व कप का मैच खेलने से इनकार किया था।

आईसीसी ने एक बयान में कहा इस पर रजामंदी बनी है कि मौजूदा मसले के संदर्भ में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर किसी तरह का आर्थिक, खेल संबंधी या प्रशासनिक दंड नहीं लगाया जाएगा।

इसमें कहा गया बीसीबी को विवाद निपटान समिति के पास जाने का अधिकार है। आईसीसी के मौजूदा नियमों के तहत यह अधिकार बरकरार है।

आईसीसी ने कहा कि उसका नजरिया निष्पक्षता और समानता के सिद्धांतों पर आधारित है और यह सजा देने के बजाय मदद करने के साझा मकसद को दिखाता है। आईसीसी ने यह भी कहा कि बांग्लादेश को 2028 से 2031 के बीच में एक आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी दी जाएगी।

# स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से रौंदा, मुन्से और लीस्क चमके

**कोलकाता, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से के आक्रामक अर्धशतक और माइकल लीस्क के ऑलराउंड खेल से स्कॉटलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में सोमवार को यहां इटली को 73 रन से रौंदकर पहली जीत दर्ज की।

स्कॉटलैंड के 208 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की टीम ऑफ स्पिनर लीस्क (17 रन पर चार विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने बेन मानेंती (52) के अर्धशतक और हैरी मानेंती (37) के साथ उनकी चौथे विकेट की 73 रन की साझेदारी के बावजूद 16.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई।

स्कॉटलैंड ने इससे पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज मुन्से की 54 गेंद में दो छक्कों और 14 चौकों से 84 रन की पारी और माइकल जोन्स (37) के साथ पहले विकेट की उनकी 126 रन की साझेदारी से चार विकेट पर 207 रन बनाए और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली पहली टीम बनी। ब्रैंडन मैकमुलेन (नाबाद 41, 18 गेंद, चार छक्के) और लीस्क ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। लीस्क ने अंतिम ओवर में थॉमस ड्रेका पर दो छक्के और दो चौके से 22 रन जुटाए।

इटली को मैच की शुरुआत में ही झटका लगा जब चौथे ओवर में कप्तान वेन मेडसन के बाएं कंधे में चोट लगी और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। वह मैच में आगे हिस्सा नहीं ले पाए। पिछले साल जुलाई में यूरोपीय क्वालीफायर में चार मैच में इटली के खिलाफ एकमात्र हार के बाद स्कॉटलैंड की टीम विश्व कप में सीधे जगह बनाने से चूक गई थी। बांग्लादेश के सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार करने के बाद स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में जगह मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे इटली ने पहली ही गेंद पर जस्टिन मोस्का का विकेट गंवा दिया जिनका लीस्क की गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट पर मुन्से ने शानदार कैच लपका। जेजे स्मट्स (22) ने लीस्क पर चौके से खाता खोलने के बाद ब्रेड व्हील की लगातार गेंदों पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन ब्रेड क्यूरी की गेंद पर स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन को कैच दे बैठे।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते जॉर्ज मुन्से। एजेंसी

# केंद्रीय अनुबंध में बी श्रेणी में खिसके कोहली और रोहित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीनियर सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को बीसीसीआई के ताजा सालाना केंद्रीय अनुबंध में अपेक्षा के अनुरूप बी श्रेणी में रखा गया है जबकि बोर्ड ने सात करोड़ की रिटेनरशिप वाली ए प्लस श्रेणी खत्म कर दी है। बीसीसीआई ने सोमवार को 30 पुरुष और 21 महिला क्रिकेटरों को ए, बी और सी श्रेणी के सालाना अनुबंध देने की घोषणा की। नये केंद्रीय अनुबंध संबंधित सत्र में खेले गए मैचों और प्रदर्शन के आधार पर दिये गए हैं। दो प्रारूप में कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट हरफनमौला रविंद्र जडेजा को ए श्रेणी में रखा गया है। कोहली और रोहित टेस्ट और टी20 से विदा लेने के बाद एक ही प्रारूप में खेलते हैं और इसलिये शीर्ष श्रेणी में नहीं रह सकते। समझा जाता है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सुझाव पर प्रशासकों की समिति ने ए प्लस ग्रेड की शुरूआत की थी। यह तीनों प्रारूपों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले क्रिकेटरों के लिये था और इतने वर्ष में सिर्फ कोहली, रोहित, जडेजा और बुमराह ही इस श्रेणी में रहे हैं। अब इनमें से तीन एक या दो प्रारूपों से विदा ले चुके हैं लिहाजा बोर्ड सिर्फ बुमराह को ए प्लस श्रेणी में नहीं रखना चाहता। गिल का सभी प्रारूपों में खेलना तय नहीं है और टी20 विश्व कप की टीम में उन्हें जगह नहीं मिली है। पिछले चक्र में 34 खिलाड़ियों को अनुबंध दिये गए थे लेकिन इस बार सूची में 30 ही नाम हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन, तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान के नाम इसमें नहीं है। कारण यही है कि इस चक्र में उन्होंने किसी भी प्रारूप में एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। शमी के बाहर होने के मायने हैं कि भारतीय टीम में उनके लिये वापसी के रास्ते बंद हो चुके हैं। महिला क्रिकेट में विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रौड्रिग्स और दीप्ति शर्मा को ए श्रेणी में रखा गया है। जेमिमा पिछले चक्र में ग्रेड बी में थी। स्नेह राणा को भी ग्रेड सी से बी में भेजा गया है।



### टीम इंडिया सालाना केंद्रीय अनुबंध

**(सीनियर पुरुष)**

ग्रेड ए : शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा ग्रेड बी : वॉशिंगटन सुंदर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर ग्रेड सी : अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, संजू सैमसन, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, ध्रुव जुरेल, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, नीतिश कुमार रेड्डी, अभिषेक शर्मा, साइ सुदर्शन, रवि बिश्नोई, रुतुराज गायकवाड़

**(सीनियर महिला):**

ग्रेड ए : हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रौड्रिग्स और दीप्ति शर्मा ग्रेड बी : रेणुका ठाकुर, शेफाली वर्मा, रिचा घोष, स्नेह राणा ग्रेड सी : राधा यादव, अमनजोत कौर, प्रतिका रावल, क्रांति गौड़, उमा छेत्री, अरुंधति रेड्डी, श्रीचरणी, यास्तिका भाटिया, हरलीन देयोल, काशवी गौतम, जी कमलिनी।

डेविस कप

नीदरलैंड्स के खिलाफ जीत दिलाने वाले स्टार खिलाड़ी ने कहा–ये तो बस शुरुआत है

# मैंने कुछ अलग तरह की टेनिस खेली : दक्षिणेश्वर

**बेंगलुरु, एजेंसी**



भारत के नए डेविस कप हीरो दक्षिणेश्वर सुरेश का कहना है कि देश के लिए उनका शानदार प्रदर्शन ‘बस शुरुआत है’ क्योंकि वह एक अमेरिकी विश्वविद्यालय में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद एटीपी टेनिस टूर पर पूरी तरह से प्रतियोगिता में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।

वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी में कम्युनिकेशन स्टडीज की पढ़ाई कर रहे 25 साल के दक्षिणेश्वर इस साल मई में अपनी डिग्री पूरी करेंगे। सितंबर 2025 में पदार्पण करने के बाद सिर्फ दो मुकाबलों में दक्षिणेश्वर ने अपने सभी चार मैच जीते हैं। इनमें से तीन जीत उन्हें पिछले सप्ताहांत बेंगलुरु में नीदरलैंड के खिलाफ मिलीं।

दक्षिणेश्वर ने कहा अभी बहुत लंबा रास्ता तय करना है। यह तो बस शुरुआत है। दक्षिणेश्वर ने इसके साथ 2004 में जापान के खिलाफ एक ही मुकाबले में तीन मैच जीतने के लिएंडर पेस की उपलब्धि की बराबरी की। दक्षिणेश्वर के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने नीदरलैंड्स को 3-2 से हराकर डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे दौर में जगह बनाई जहां वे सितंबर में कोरिया से भिड़ेंगे। उन्होंने कहा मैं अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए अमेरिका जाऊंगा, फिर मई में वापस आकर अपना कार्यक्रम तय करूंगा। एक बार जब यह तय हो जाएगा तो मैं टूर में शामिल हो जाऊंगा और अगले डेविस कप मुकाबले की तैयारी करूंगा। दक्षिणेश्वर के शानदार रिकॉर्ड पर कप्तान रोहित राजपाल ने कहा बहुत कम खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो डेविस कप मुकाबले में 4-0 का रिकॉर्ड बनाते हैं, विशेषकर अच्छे विरोधियों के खिलाफ। वह लगातार अच्छी सर्विस करते हैं और अच्छे फोरहैंड लगाते हैं। मुझे उम्मीद है कि वह अपने टेनिस का आनंद लेते रहेंगे और अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे। भारत का प्रतिनिधित्व करने से उनके खेल का एक अलग पहलू सामने आया है। उन्होंने कहा जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं तो यह एक अलग एहसास होता है। आप सिर्फ अपने लिए नहीं खेल रहे होते, आप पूरे देश के लिए खेल रहे होते हैं।

### शेर की तरह लड़े नागल : कप्तान

कप्तान रोहित राजपाल ने चोटिल सुमित नागल की भी तारीफ की जो पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद टीम की अगुआई कर रहे थे। सुमित 50 प्रतिशत भी फिट नहीं थे। उनके कूल्हे में ग्रेड टू की चोट थी और हम फिजियो के साथ दिन–रात काम कर रहे थे। उन्होंने एक शेर की तरह लड़ाई लड़ी और टीम की वैसे ही अगुआई की जैसे भारत के नंबर वन खिलाड़ी को करनी चाहिए। राजपाल ने सहयोगी स्टाफ, विशेषकर फिजियो के योगदान की खास तौर पर तारीफ की और कहा कि इस मुकाबले ने भारत की बढ़ती ताकत को दिखाया है। चोट के कारण तीन हफ्ते बाहर रहे नागल अपने दोनों एकल मैच हार गए थे। यह एक मुश्किल हफ्ता था लेकिन अपनी लड़ाई से उन्हें हौसला मिला।